# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-03-2023

# रॉयल कोचिंग सेंटर ने किया सम्मानित

हरपुर- बुदहट (एसएनबी)। यूपी एसआई और ट्यूबेल आपरेटर व ग्रुप डी जैसी सरकारी नौकरी में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का रॉयल कोचिंग सेंटर पर सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सफल हुए अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पंचायती राज सलाहकार मदनमुरारी उर्फ गुड्डू ने सभी सफल अभ्यर्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।



प्रभारी निरीक्षक थाना हरपुर बुदहट संदीप यादव ने भी सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। प्रबंन्धक विनय कुमार शुक्ला ने कहा कि कोचिंग में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति गंगा प्रधान कटसहरा, प्रधान रानीडीह गंगा प्रसाद बेल्दार, नागेंद्र साहनी, रानू शुक्ला, बिपिन, अब्दुल जावेद, अंकित राय, राहुल राणा सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# 20 हजार घरों में 15 घंटे बिजली-पानी ठप

## 33 हजार के विद्युत लाइन केबल में लगी आग

**कूड़ाघाट, रामगढ़ ताल पुलिया के किनारे जा रही 33 हजार लाइन के डबल सर्किट का अंडरग्राउंड केबल हुआ भ्रष्ट, 20 हजार घरों में पानी को लेकर हाहाकार**

**आग लगने के आधे घंटे बाद धू-धूकर जलने लगा केबल, फॉयर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर पाया काबू**

गोरखपुर (एसएनबी)। कूड़ाघाट, रामगढ़ ताल लिंक से सटकर जा रही 33 हजार के विद्युत लाइन के डबल सर्किट के अंडरग्राउंड केबल (अलग-अलग पंद्रह केबल) में सोमवार की सुबह करीब 5.30 बजे आग लग गई। आग की लपटों को देख पास-पड़ोस के लोगों ने फॉयर ब्रिगेड के साथ ही विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग को काबू में किया। सूचना मिलते ही विभाग के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। फिर तकनीकी कर्मचारियों को बुलाकर खराबी को दुरूस्त कराने का काम शुरू किया गया। पंद्रह घंटे बाद रात करीब 8.30 बजे प्रभावित घरों की आपूर्ति बहाल हो सकी। इतने लंबे समय से आपूर्ति ठप होने के चलते प्रभावित करीब 20 हजार घरों में पानी को लेकर हाहाकार मचा रहा।

132 ट्रांसमिशन विद्युत उपकेंद्र, मोहद्दीपुर से 33 हजार की विद्युत लाइन (अंडरग्राउंड) खोराबार डिस्ट्रीब्यूशन विद्युत उपकेंद्र को जाती है। रामगढ़ ताल पुलिया के सटे केबल के जरिये जा रही इस लाइन में सुबह करीब 5.30 बजे आग पकड़ ली। आग लगने के चंद मिनट बाद तकरीब 20 हजार घरों की बत्ती गुल हो गई। बत्ती गुल होते ही पानी की सप्लाइ भी बंद हो गई। आग की लपटों को देखकर आस-पास के लोगों ने फॉयर ब्रिगेड के साथ ही विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फॉयर ब्रिगेड के जवानों ने घंटेभर की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। वहीं, सूचना मिलते ही मुख्य अभियंता आशु कालिया व अधीक्षण अभियंता महानगर यूसी वर्मा के साथ जेई प्रमोद यादव भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिर करीब 5 ठेका ऐजेंसियों व एक्सपर्ट को बुलाया गया और खराबी को दुरुस्त करने का काम शुरू हुआ। आग लगने से 33 हजार की लाइन के डबल सर्किट का केबल बंच (पंद्रह केबल) पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका था। मौके पर अधिकारियों ने देखा कि आस-पास पड़े कूड़ा में लगी आग विद्युत केबल तक पहुंची है। अधीक्षण अभियंता ने इसके लिए नगर निगम के कर्मचारियों को दोषी ठहराया है। वहीं, यह भी जानकारी मिली कि किसी अज्ञात पागल ने कूड़े में आग लगा थी। आग लगते ही करीब 20 हजार उपभोक्ताओं के घरों की आपूर्ति ठप हो गयी। आपूर्ति ठप होते ही पानी की सप्लाई भी बंद हो गई। बहरहाल, पंद्रह घंटे बाद रात करीब 8.30 बजे प्रभावित घरों की आपूर्ति बहाल की जा सकी। इतने लंबे समय तक आपूर्ति ठप होने से प्रभावित घरों में पानी को लेकर हाहाकार की स्थिति बनी रही।

**खोराबार-एम्स-एयरफोर्स सहित कई प्रभावित रहे फीडर, विभाग को लगी 25 लाख की चपत :** नंदानगर प्रतिनिधि के मुताबिक सुबह करीब 5.30 बजे केबल में आग लगने से खोराबार विद्युत उपकेंद्र से निकलने वाले खोराबार, एम्स, जीआरडी, एयरफोर्स, सहारा व रामगढ़ विद्युत फीडर से जुड़े उपभोक्ता प्रभावित रहे। अधीक्षण अभियंता महानगर यूसी वर्मा ने बताया कि 33 हजार के 15 बंडलों का अंडरग्राउंड केबल जलकर राख हो गया, जिसके चलते विभाग को करीब 25 लाख रुपये की आर्थिक क्षति का अनुमान है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना वाराणसी डिस्काम सहित कमिश्नर व डीएम को दे दी गई है।





रामगढ़ताल पुल के पास रात में मेजर केबल में लगी आग, तथा युद्ध स्तर पर विद्युत व्यवस्था को ठीक करने में लगे विद्युतकर्मी।

**विद्युत लाइन के पास कूड़ा फेंकना गंभीर मसला :** अधीक्षण अभियंता यूसी वर्मा ने बताया कि विद्युत लाइन के पास-पड़ोस में कूड़ा फेंकना गंभीर मसला है। नगर निगम के कर्मचारियों की इस लापरवाही से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया। उन्होंने नगर निगम से व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही आम जनता से भी विद्युत उपकरणों व भूमिगत लाइन के आस-पास कूड़ा न फेंकने की अपील की है, ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। **होली की तैयारी रही प्रभावित :** पंद्रह घंटे से अधिक आपूर्ति ठप होने से प्रभावित घरों में बिजली व पानी न मिलने से होली की तैयारी प्रभावित रही। पानी न मिलने की वजह से उपभोक्ताओं के घरों में मिष्ठान व अन्य सामग्री तैयार नहीं की जा सकी।

**एम्स में 15 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति :** नंदानगर प्रतिनिधि के मुताबिक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के इतिहास में पहली बार कूड़ाघाट के निकट 33 हजार का विद्युत केबल जलने से 15 घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। फलस्वरूप संस्थान में ओपीडी, आइपीडी से लेकर मेडिकल कालेज व जांच के सारे उपकरण जेनरेटर सेट के जरिए चलाए गए।

सोमवार को एम्स की विद्युत आपूर्ति सुबह 5.30 बजे ठप हो गई, लेकिन स्वचालित विद्युत जेनरेटर सेट के लगे होने के कारण चिकित्सीय कार्य से लेकर शिक्षण कार्य तक में कोई बड़ी बाधा उत्पन्न नहीं हुई। हालांकि इस दौरान बारबार आपूर्ति ट्रिप होने से कम्प्यूटर रह-रह कर बंद हो जा रहे थे। एक तकनीशियन ने बताया कि एम्स के इतिहास में पहली इतनी लंबी विद्युत कटौती हुई है। इस दौरान एम्स में स्थापित तीनों जेनरेटर सब स्टेशन दो-दो केवीए के 10 जेनरेटर सेट के सहारे लगातार विद्युत आपूर्ति करते रहे। इस दौरान दो से तीन हजार लीटर से अधिक डीजल खर्च हो गए।

# बांसगांव पुलिस ने किया मोटरसाइकिल मार्च

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव कोतवाली के प्रभारी कोतवाल विज्ञानांकर सिंह अपने सहयोगी पुलिस सब इंस्पेक्टर तथा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ आज होली त्यौहार को शांतिपूर्ण



ढंग से मनाने हेतु थाना परिसर से बांसगांव चौराहा होते हुए तुलसिहवा पोखरा, माल्हनपार, पीड़िया, हरदीचक, हरनही चौकी होते हुए भटवली बाजार, बघराई तथा कौड़ीराम तक शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर बांसगांव के चौकी इंचार्ज राजेश कुमार यादव, हरनही चौकी इंचार्ज राम सिंह तथा कौड़ीराम चौकी के इंचार्ज इत्यांन्द पान्डेय सहित बड़ी संख्या में आरक्षी ने भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।

# रूट मार्च निकाल कर पुलिस ने किया इकबाल बुलंद

**गोला (एसएनबी)।** होली व शबे बारात पर्व को मद्देनजर रखते हुए गोला पुलिस ने सोमवार को बाइक रूट मार्च निकाल कर अपना इकबाल बुलंद किया और आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण



ढंग से मनाने की अपील की। मार्च कोतवाली से निकल कर गोपालपुर चीनी मिल जानीपुर डड़वापार होते हुए महेशपुर सेमरी बेवरी चौराहा होते हुए कोतवाली पर पहुंचकर समाप्त हुई। रूट मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी कर रहे थे। इस अवसर पर एसआई गुरुप्रसाद रितेश सिंह मायाराम यादव जगदंबा प्रसाद अनीश सिंह हेड कांस्टेबल मुन्ना प्रसाद मानिकचंद शमशाद अली कांस्टेबल विकास सिंह हिरन यादव पीयूष कुमार रामजी वर्मा दिवाकर अजीत यादव ऋषिकेश यादव बलराम राजभर वरुण पांडेय सहित अधिक संख्या में पुलिस के जवान शामिल रहे।

# 40 गये घर, 12 का चल रहा इलाज

**गोरखपुर (एसएनबी)**। पिपराइच में आयोजित शादी-समारोह में फुड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों में से 40 ठीक होकर घर चले गये जबकि दर्जनभर बच्चे इलाजरत हैं। बीआरडी मेडिकल कालेज में उनका इलाज चल रहा है। एक-दो दिन में इनको भी घर भेज दिया जाएगा।

रविवार की रात मेडिकल कालेज में 20 लोगों को भर्ती कराया गया था। सभी को उल्टी- दस्त के अलावा चक्कर आने की शिकायत थी। इधर पिपराइच सीएचसी और जिला अस्पताल से 40 लोग डिस्चार्ज होकर घर चले गए हैं लगभग इतने ही लोगों का उपचार निजी अस्पतालों में हुआ और वह लोग भी ठीक हो चुके हैं। बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग के डा. भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि जो बच्चे भर्ती हैं वे खतरे से बाहर है। उनको एहतियात के तौर पर भर्ती किया गया है। उनकी तबीयत में बहुत सुधार है और होली के पहले वह घर चले जाएंगे।

इधर सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे का कहना है कि होली का त्यौहार चल रहा है इसलिए मिलावट की आशंका ज्यादा है। ऐसे में घर पर बनी मिठाई का ही सेवन करें। बाजार की मिठाई से परहेज करें और रसभरी मिठाइयां ना खाएं।

**शादी-समारोह में फूड प्वाइजनिंग का मामला**

**रात में पिपराइच में मची रही अफरा-तफरी सीएचसी, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज ही नहीं नर्सिंग होमों तक में भर्ती हुए थे बच्चे व अन्य लोग**

**यह था मामला :** पिपराइच थाना क्षेत्र के सिधावल रोड स्थित गोदावरी मैरिज हाल का मामला है। गोपालपुर निवासी रामअचल श्रीवास्तव की बेटी मोनी की शादी बनकटिया जिला महराजगंज निवासी अशोक श्रीवास्तव के पुत्र अमित श्रीवास्तव से होनी थी। बता दें कि रामअचल ने शादी की पूरी जिम्मेदारी वर पक्ष को दे दिया था। वर पक्ष ने गोदावरी मैरिज हाल को बुक करके सभी इंतजाम किए थे। इधर बारात से पहले लड़की पक्ष के लोग मैरिज हाल पहुंच गए थे।

इस दौरान लगभग सभी को खाने के लिए रसमलाई दिया गया। रसमलाई खाने के मुश्किल 15-20 मिनट बाद ही कई को उल्टी होने लगी। देखते ही देखते एक बाद एक करके जिन लोगों ने रसमलाई खाई थी, सभी को उल्टी और दस्त होना शुरू हो गया। इसको लेकर शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई।

# ट्रेलर व डंपर में टक्कर, जाम में हलकान रहे यात्री

**महावीर छपरा (एसएनबी)**। रविवार की रात मे ऊंचगांव के पास ट्रेलर व डंफर की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों वाहनों के ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गए। जिनकी पहचान मध्य प्रदेश का रहने वाला डंपर चालक सोनू कौल व ट्रेलर चालक कानपुर निवासी अजीत भारती के रूप में हुई। दोनों का इलाज गोरखपुर के सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद करीब 8 किलोमीटर तक रात्रि 12.00 बजे तक लंबा जाम लगा रहा जिससे सड़क पर चल रहे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग 29 के ऊंचगांव के समीप बालाजी सिटी के पास फोरलेन सड़क पर रविवार की रात करीब 10.00 बजे ट्रेलर व डंफर की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जोरदार आवाज सुनने के बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और दोनों वाहन चालकों के ड्राइवर को बाहर निकाला और सदर अस्पताल भेज दिया गया। वही ग्रामीणों का कहना है कि दोनों वाहन चालक शराब के नशे में थे जिस कारण घटना हुई है। घटना के बाद महावीर छपरा से लेकर एककला चौराहे तक करीब आठ किलोमीटर तक का सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची बेलीपार पुलिस ने रात्रि करीब 1रू00 बजे एक्सीडेंट हुई ट्रेलर व डंपर को सड़क किनारे करवा कर जाम में फसे गाड़ियों का आवागमन शुरू करवाया। लेकिन इस दौरान सड़क पर चल रहे लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# सूरत से बरगदवा केमिकल ले जा रहा ट्रेलर पलटा

**डोहरिया बाजार (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अन्तरगंत मोहरीपुर-सिहोरवा मार्ग पर सोमवार की शाम करीब 6 बजे सड़क के मोड़ पर मुड़ते समय केमिकल लदा ट्रेलर गड्ढे में पलट गया। घटना में ट्रेलर का चालक व खलासी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को इलाज के जिला अस्पताल पहुंचवाया। स्थानीय थाना के मजनू चौकी अन्तरगंत फोरलेन की तरफ से आ रही सड़क समय माता मंदिर के पास मोहरीपुर-सिहोरवा मार्ग से जुड़ती है। मोड़ पर मुड़ते समय आगे एक अन्य गाड़ी खड़ी होने से ट्रेलर का पिछला हिस्सा सड़क के नीचे चला गया फलस्वरूप केमिकल लदा ट्रेलर वही गड्ढे में पलट गया। ड्राइवर हरेन्द्र यादव व खलासी सुनील कुमार निवासी शेखपुर थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ ने बताया कि ट्रेलर में पीवीसी का केमिकल लेकर सूरत से बरगदवा जा रहे थे। आगे गाड़ी खड़ा होने से मोड़ पर पिछला पहिया अचानक नीचे चला गया और गाड़ी पलट गई। उप निरीक्षक चंद्रभान ने बताया कि ट्रेलर में पाइप बनाने का केमिकल लदा है। गाड़ी बाहर नही निकलने से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर गार्ड को लगा दिया गया है।

# तीन बालकों पर एससीएसटी का केस

**ककरही (एसएनबी)।** अपने अजब-गजब कारनामों से गोला पुलिस चर्चा में रहती है। इस बार पुलिस तीन नाबालिग बच्चों पर एससीएसटी एक्ट जैसी गंभीर धारा में केस दर्ज कर चर्चा में आ गयी है। मामले का खुलासा होने पर पुलिस अब आनन-फानन में दूसरे पक्ष के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। नाबालिगों का नाम दौरान विवेचना उनके जन्म प्रमाण-पत्र के आधार निकालने की बात अब पुलिस कह रही है।

गोला थाना क्षेत्र के ग्राम खोपापार निवासी राजू की तहरीर पर गोला पुलिस ने ग्राम सड़सड़ा निवासी 11 वर्षीय विकास पुत्र बलिराम, 9 वर्षीय निखिल पुत्र सतपाल व 7 वर्षीय आदित्य पुत्र झिनकू पर रविवार की रात को पुलिस के द्वारा मारपीट के मामले में एसीएसटी एक्ट के तहत मुकादम पंजीकृत कर लिया गया। मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस के द्वारा आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए देर रात दबिश भी डाली लेकिन नाबालिगों को देख उल्टे पांव बिना गिरफ्तार किए पुलिस वापस आ गयी। मामले की गंभीरता देखते हुए सुबह थाने पर नाबालिगों के परिवार के लोगों से भी तहरीर लेकर दूसरे पक्ष पर भी केस दर्ज किया।



**बिना जांच के दर्ज किया मुकदमा, जांच में धारा हटाने की बात कर रही पुलिस**

**यह था मामला :** खोपापार हरिजन बस्ती निवासी राजू पुत्र रामकरन ने तहरीर में लिखा था कि प्रार्थी का भाई निखिल व बड़े पापा के बेट रवि घर के सामने खेल रहे थे। ग्राम सड़सड़ा के भोलू पुत्र अज्ञात, नितेश पुत्र सिंहासन व झिनकू का लड़का व अन्य लोग उन लोगों को मारपीट रहे थे। प्रार्थी उसी समय काम से आया था। बीच बचाव करने लगा। इन लोगों ने प्रार्थी को मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। जिससे प्रार्थी का सिर फट गया। जबकी डब्बा में दूध लेकर बनवारपार चौराहे पर देने जा रहे थे, कि आगे गांव खोपापार हरिजन बस्ती के राजू पुत्र रामकरन, कन्हैया पुत्र राम हजूर, राजदेव पुत्र भगऊ राम हजूर श्याम नारायण ने बच्चों के हाथ से डब्बा लेकर डब्बा में से दूध नीचे गिरा दिया। थप्पड़ व डंडा से बच्चों को मार पीट दिया। बच्चे जब घर रोते हुए आ रहे थे। उसी समय मेरे परिवार का आकाश पुत्र बलिराम बनवार पार चौराहे पर जा रहा था। उसने बच्चों से रोने का कारण पूछा तभी उपरोक्त लोग उसको भी बुरी तरह मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। चिल्लाने पर जब राहगीर पहुंचे तब वह लोग भाग चले।

इस मामले में राजू के तहरीर पर नाबालिग भोलू, नितेश, आदित्य व अन्य के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व एसीएसटी एक्ट के तहत, दूसरे पक्ष के झिनकू की तहरीर पर राजू, कन्हैया, राजदेव, रामहजूर व अज्ञात के खिलाफ सोमवार को धारा 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल अश्वनी तिवारी ने कहा कि रविवार रात में आने वाले पक्ष में एक का सिर फट गया था। तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। तहरीर में उम्र का विवरण नहीं था। सुबह पता चला है कि उसमें कुछ लड़के नाबालिग हैं। जिनका नाम प्रमाणपत्र लेकर विवेचना में से हटा दिया जाएगा।

# तीन के विरूद्ध किशोरी के अपहरण का केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में गांव के ही तीन युवकों पर अपहरण का केस दर्ज हुआ है।

क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय छात्रा भटहट कस्बा स्थित परीक्षा केंद्र से यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर शाम को निकली थी। देर शाम जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों में खोजबीन शुरू की। अगले दिन तक पता नहीं चलने पर गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव का ही युवक इमरान किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसके साथ तजम्मुल और तौहीद भी थे। गुलरिहा पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कर ली है।

प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया केस दर्ज करने के बाद किशोरी बरामद कर आशा ज्योति केन्द्र भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

फुटहवा ईनार। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा संजय कुमार सिंह ने मय फोर्स के साथ मुखबिर की सूचना पर सृजन सिंह पुत्र संदीप सिंह निवासी महादेवा अदाई थाना चौरी चौरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस चोरी का एक इंर्वटर तथा बड़ी बैट्री बरामद की। पुलिस पुलिस पकड़े गए आरोपित को आईपीसी की धारा 380, 457, 411 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# महिला का शव बरामद

**गोरखपुर।** बेलघाट थाना क्षेत्र के कम्हरियाघाट से पहले नगरगड़ाजंगा सिंह गांव स्थित देवारा क्षेत्र से पुलिस ने 55 वर्षीया एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया। मृत महिला के मुंह से खून निकला था। बेलघाट पुलिस के मुताबिक उसके शरीर पर गुलाबी रंग की साड़ी, ब्लॉउज एवं लाल रंग का पेटीकोट था। महिला के दोनों कान में पीले रंग की धातु का कुंडल भी था। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नाबालिग से हुए रेप के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू गिरी पुत्र शुभलाल गिरी निवासी सिसवा गोपाल थाना खड्डा जनपद कुशीनगर बताया। पुलिस आरोपित को धारा 376 डी आईपीसी व 5 /6 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# फायरिंग करने वाला असलहा के साथ गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** तीन माह पूर्व खोराबार इलाके के कुसम्ही बाजार निवासी शुभम जायसवाल एक कार्यक्रम में फायरिंग करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस अफसरों के निर्देश पर आरोपी को पकड़ने के लिए जगदीशपुर

**खोराबार के कुसम्ही बाजार में तीन माह पूर्व कार्यक्रम के दौरान किया था असलहा से फायरिंग**

**सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियों वायरल, पुलिस आयी एक्शन में**



चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। सोमवार की दोपहर खोराबार इलाके के माड़ापार पुल के पास से आरोपी शुभम को एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्मस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया जहां आरोपी को कोर्ट जेल भेज दिया।

**कुसम्ही बाजार प्रतिनिधि** के मुताबिक खोरावार थाने के कुसम्ही बाजार निवासी शुभम जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल तीन माह पूर्व खोराबार क्षेत्र के कुसम्ही बाजार स्थित एक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान किसी ने फायरिंग करते समय वीडियो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया था। वायरल वीडियों को लेकर इलाके में काफी चर्चा का विषय बना हुआ था। वायरल वीडियों का फोटो पुलिस अफसरों के पास पहुंचा तो एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामानुज सिंह यादव की अगुवाई में पुलिस टीम प्रभात सिंह पुलिस चौकी रामनगर करजहाँ सिपाही अनील यादव,अरूण यादव और सुरेन्द्र यादव के साथ फायरिंग करने वाले युवक शुभम के तौर में पहचान किया। पहचान के बाद शुभम जायसवाल को पुलिस ने माड़ापार पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि एक वीडियों में एक युवक को डण्डे से बुरी तरह पिटाई करने वाले वाला सूरज जायसवाल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चूकी हैं। उस समय शुभम जायसवाल पुलिस की पकड़ से दूर था। गिरफ्तार आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा बरामद की है।

# तीन अवैध हॉस्पिटल संचालकों पर केस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 March):** गोरखपुर में हेल्थ डिपार्टमेंट ने सोमवार को तीन अस्पतालों पर एक साथ केस दर्ज कराया है. यह तीनों अस्पताल जांच के दौरान अवैध रूप से चलते हुए मिले थे. जिसे जांच के दौरान ही टीम ने सील कर दिया था. अब इस मामले में अस्पताल संचालकों पर केस दर्ज कराई गई है. पहला केस एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी अस्पताल के रिसेप्शनिस्ट और संचालक के खिलाफ दर्ज हुआ है. डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार सिंह की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने धोखाधड़ी और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है.इसके अलावा दूसरा केस



कैंट इलाके के रूस्तमपुर स्थित डॉयमंड हॉस्टिपटल और उसी परिसर में चलने वाले दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक के खिलाफ दर्ज कराया गया है. एसीएमओ डॉ. एके चौधरी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने इन दोनों अस्पतालों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है.

## जांच में अवैध तरीके से चलता मिला था अस्पताल

डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है, 25 फरवरी की शाम 3 बजे एडीएम सिटी और एसीएमओ ने गुलरिहा इलाके मोगलहा स्थित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर का निरीक्षण किया था. इस दौरान में 9 बेड का एक हॉस्पिटल ओटी के साथ संचालित मिला. जांच के दौरान हॉस्पिटल में रामस्वरूप निवासी महुआतार के पथरी का ऑपरेशन चल रहा था. जबकि महराजगंज श्यामदेउरवा की साजिया, सुहेता देवी के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था. वहीं, शीला सहित चार अन्य मरीज भर्ती मिले. टीम ने अस्पताल की जांच की तो कोई भी अभिलेख नहीं दिखाया जा सका. न ही अस्पताल में कोई परमानेंट डॉक्टर मौजूद मिला. वहीं, रिसेप्शन काउंटर पर प्रदीप नामक युवक मिला, जिसने बताया कि एमकेसी सेवा संस्थान के मालिक योगेश चतुर्वेदी हैं. इसके बाद टीम ने मरीजों को डिस्चार्ज करने के निर्देश देकर हॉस्पिटल को सील कर दिया.

## जांच में जुटी पुलिस

सोमवार को इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने रिसेप्शनिस्ट प्रदीप और हॉस्पिटल संचालक योगेश चतुर्वेदी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं समेत इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 15(3) में गुलरिया थाने में केस कराया है. इंस्पेक्टर गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया, केस दर्ज कर मामले जांच कर की जा रही है.

## जांच में अवैध मिला था

वहीं, डिप्टी सीएमओ डॉ. एके चौधरी ने कैंट पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है, 22 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रूस्तमपुर स्थित डॅायमंड हॅास्टिपटल और उसी परिसर में चलने वाले दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की. जांच के दौरान अस्तपाल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला. अस्पताल में कुछ मरीज भर्ती मिले, जिनका ऑपरेशन हुआ था. जबकि, जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद हनुमान मौर्या की ओर से अस्पताल का कोई भी डॉक्यूमेंट्स नही दिखाया जा सका.

# सीएम की शोभायात्रा में ड्रोन से होगी निगरानी

## कमांडो होंगे तैनात, अभेद्य होगी शोभायात्रा की सुरक्षा

**गोरखपुर(एसएनबी)।** वाराणसी के बाद गोरखपुर में होली के दिन घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह शोभायात्रा में यूपी के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ शामिल होते हैं। सीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। घनी आबादी से शोभायात्रा मार्ग के दोनों तरफ स्थित घरों, दुकानों के मालिकों व किराएदारों की पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने सभी का डाटा तैयार कर ली है। सीएम की सुरक्षा को लेकर करीब 18 सौ पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है तो वहीं ड्रोन कैमरो और चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है। इसके साथ ही शोभायात्रा मार्ग पर एटीएस कमांडो तैनात होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर भगवान नरसिंह की परम्परागत शोभायात्रा के रथ पर सवार होकर होली खेलते हैं। इस दौरान राजघाट,कोतवाली और तिवारीपुर इलाके के रास्ते से उनका शोभायात्रा निकलता है। हजारों की भीड़ को देखते हुए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर और एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पूर्व में ही जिस सड़क से शोभायात्रा का आगमन होगा उन सभी मार्गो की सुरक्षा सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीआईजी जे. रविन्द्र गौड़। फोटो : एसएनबी

शोभायात्रा राजघाट थाने के घनी आबादी घंटाघर से निकलकर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौटकर समाप्त होती है। पूरे रास्ते में सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकाने हैं। एलआईयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर चुकी है। साथ ही दुकानों और मकानों की छतों पर हर साल की तरह इस बार भी पुलिस के जवाना तैनात रहेंगे।

**शोभा यात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होगी पुलिस :** सुरक्षा में तैनात होने वाले छह एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक, 200 दारोगा, 800 सिपाही, 120 महिला सिपाही, छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, तीन ड्रोन, 18 सीसी कैमरा लगाए गए हैं। इन पुलिसकर्मियों के आलावा लखनऊ से एटीएस कमांडो का दस्ता भी गोरखपुर में पहुंच गया है। कमांडो दस्ता जिन इलाके से शोभायात्रा निकलेगी उन मार्गों की तहकीकात कर रहे हैं।

# हास्पिटल के संचालक समेत कई पर धोखाधड़ी का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर को अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो दिन पहले सील कर दिया। अब हास्पिटल के रिसेप्शनिस्ट तथा संचालक के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत गुलरिहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मोगलहा में संचालित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर दो दिन पहले कर दिया गया था सील**

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार सिंह की तहरीर के मुताबिक 25 फरवरी को शाम 3 बजे अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मोगलहा पेट्रोल पंप के बगल की गली में एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर निरीक्षण किया गया था। इसमें नौ बेड का एक वार्ड तथा ओटी संचालित मिला। हास्पिटल में राम स्वरूप निवासी महुआतार के पथरी का आपरेशन चल रहा था,साजिया निवासी पिपरिया थाना श्यामदेउरवा महराजगंज, सुहेता देवी के बच्चेदानी का आपरेशन हुआ था तथा शीला सहित चार मरीज भर्ती मिले। हास्पिटल में पंजीकरण का कोई अभिलेख न होने के साथ कोई पूर्णकालिक डाक्टर उपस्थित नहीं मिला था। भटहट प्रतिनिधि के अनुसार वहीं हास्पिटल के रिसेप्शन काउंटर पर प्रदीप नामक युवक मिला जिसने बताया कि एमकेसी सेवा संस्थान के मालिक योगेश चतुर्वेदी हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भर्ती मरीजों को तत्काल डिस्चार्ज करने के निर्देश देकर अवैध हास्पिटल को सील कर दिया तथा रिसेप्शनिस्ट प्रदीप एवं हस्पिटल संचालक योगेश चतुर्वेदी के खिलाफ धारा 419, 420 एवं इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 15(3) में गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# लापरवाही ने गिराई 'बिजली'

## अंडरग्राउंड केबिल जलने से 50 हजार घरों की सप्लाई ठप

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (6 March): गोरखपुर शहर के मोहद्दीपुर में आरकेबीके के बगल में रखे कूड़े में सोमवार तड़के आग लग गई. इससे कूड़े के नीचे से गुजर रही बिजली निगम की अंडरग्राउंड केबल जल गई. जिसकी वजह से खोराबार, जीआरडी, एम्स, सहारा और एयरफोर्स उपकेंद्रों की सप्लाई ठप हो गई. बिजली निगम के अभियंताओं का कहना है कि अंडरग्राउंड केबल की व्यवस्था करने और इसे बदलने में कम से कम सात से आठ घंटे लगेंगे. उधर 50 हजार घरों की सप्लाई ठप होने की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. जबकि बिजली निगम का दावा था कि इसे ठीक करने में सात से आठ घंटे का समय लग जाएगा. काफी मशक्कत के बाद करीब 9 बजे सप्लाई बहाल हो सकी.



अंडरग्राउंड केबल को दुरुस्त करने का काम दिनभर जारी रहा.

### केबल से उठी धमाके की आवाज

आरकेबीके के सामने पुलिया के बगल में नगर निगम के सफाई कर्मचारी काफी दिनों से कूड़ा इकत्र कर रहे थे. इनमें कुछ कूड़ा उठ जाता है बाकी कूड़ा वहीं पड़ा रहता है. 132 केवी ट्रांसमिशन उपकेंद्र मोहद्दीपुर से आरकेबीके के बगल में बनी पुलिया के नीचे से अंडरग्राउंड केबल के जरिए पांच उपकेंद्रों को बिजली दी जाती है. सोमवार तड़के किसी ने कूड़े में आग लगा दी. उस समय दुकानें बंद थीं और आवागमन बिल्कुल कम था, इसलिए किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया. धीरे-धीरे आग बढ़ने लगी और ऊंची लपटें उठने लगी तब लोगों का ध्यान उधर गया. तक तक बिजली निगम की केबल से धमाके की आवाज आनी शुरू हो गई. इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस पहुंची तो बिजली निगम के अभियंताओं को जानकारी दी गई.

### सप्लाई ठप, मचा हाहाकार

महानगर के मोहद्दीपुर स्थित आरकेबीके शो रूम के सामने रामगढ़ताल पुलिया के पास नगर निगम के कूड़े में आग लग गई. यह आग फैलते-फैलते उधर से गुजर रही एचटी केबल तक पहुंच गई.

एक साथ पांच उपकेंद्र से जुड़े एक दर्जन से अधिक इलाके की सप्लाई ठप हो गई. सुबह ही बिजली कटने से घरों में पानी व रोशनी के लिए हाहाकार मच गया. इस फॉल्ट ने होली की तैयारी में खलल डाल दी. लोग घरों की साफ-सफाई करने को परेशान रहे. बिजली अभियंता टीम लेकर मौके पर पहुंच गए. फायर बिग्रेड व केवल पर मिट्टी डाल आग पर काबू पाया. केबल को दुरुस्त करने का काम शुरू करा दिया. देरशाम नगरीय एसई, चीफ इंजीनियर के साथ ही सभी खंडों के एक्सईएन व एसडीओ व जेई मौके पर जमे रहे.



सोमवार की सुबह आंख खुली तो सप्लाई ठप थी. अभियंता के सीयूजी नंबर पर फोन किया तो पता चला कि अंडरग्राउंड केबल जलने से सप्लाई बाधित हुई है. बिजली प्रभावित होने से पानी का संकट खड़ा हो गया.

**संतोष उपाध्याय,** कंज्यूमर



अंडरग्राउंड केबल जलने से आसपास इलाके की सप्लाई बाधित रही. बिजली आने का इंतजार करते रहें, लेकिन नही आई. देर शाम सप्लाई बहाल होने के बाद राहत मिली.

**बबलू राय,** कंज्यूमर

# तीन नाबालिगों पर लगा एससी-एसटी एक्ट

गोलाबाजार। बनवारपार चौराहे पर मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि एक पक्ष से एससी /एसटी सहित विभिन्न धाराओं में जहां पुलिस ने तीन नाबालिगों पर केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष से मारपीट और धमकी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नाबालिगों पर केस दर्ज करने के मामले में कोतवाल अश्वनी तिवारी का कहना है कि विवेचना में प्रमाण पत्र के आधार पर नाबालिगों का नाम निकाल दिया जाएगा।

# दो गाड़ियों के टक्कर से हाईवे पर लगा जाम

सेंवई बाजार। बेलीपार थाने के ऊंचगांव के पास रविवार की आधी रात ट्रेलर-डम्पर में टक्कर हो गई। टक्कर होने से दोनों चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों चालकों को जिला अस्पताल भेजवाया। हादसा बीच सड़क में होने से हाईवे जाम हो गया। देर रात बेलीपार पुलिस ने जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों चालक नशे में थे, उनके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया।

# कॉल करने को मांगा मोबाइल और लेकर भागा

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के महादेवा निवासी सोनू चौरसिया सोमवार की सुबह भोपा बाजार चौराहे पर थे। उनकी किराने की दुकान है। सोमवार सुबह 10.30 बजे एक अज्ञात युवक सोनू से कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। मोबाइल पाते ही युवक गोरखपुर जाने वाली बस पर सवार होकर भाग गया। दुकानदार ने सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस आरोपी की पहचान कर रही है।

जिला अस्पताल व बीआरडी में इलाज से स्वस्थ हुए 39 बाराती, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बालरोग विभाग में भर्ती हैं 13 बच्चे

# मेडिकल कॉलेज में चल रहा 13 बच्चों का इलाज

फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पिपराइच में रसमलाई खाने से बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। सोमवार की सुबह तीन नए मासूम बीआरडी में भर्ती हुए। जिला अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को सोमवार की सुबह डिस्चार्ज कर दिया गया। हालांकि बीआरडी मेडिकल कालेज में 13 बच्चों का इलाज चल रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं। उन्हें एहतियातन एक दिन और भर्ती रहने की सलाह डॉक्टरों ने दी।

पिपराइच में हुई घटना के बाद से रविवार को रात्रि मेडिकल कॉलेज में 29 मरीजों और जिला अस्पताल में 20 लोगों को भर्ती कराया गया था। सभी को उल्टी, दस्त, मिचली और चक्कर आने की शिकायत। सोमवार को सरकारी अस्पतालों से 39 मरीज डिस्चार्ज होकर घर चले गए हैं। बताया जा रहा है कि लगभग इतने ही लोगों का इलाज निजी अस्पतालों में हुआ। यह लोग भी ठीक हो चुके हैं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के डॉ भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 13 बच्चे भर्ती हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। उन्हें एहतियात के तौर पर भर्ती रखा गया है। होली के पहले यह भी डिस्चार्ज हो जाएंगे।

मैरेज हाल में लगाया गया है ताला



पिपराइच में रविवार की देर शाम विषाक्त भोजन खाने से बीमार हुए बच्चों को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उनका बीआरडी में इलाज चल रहा है।

## फूड प्वाइजनिंग के मरीजों के लिए वरदान बनी एम्बुलेंस

फूड प्वाइजनिंग के शिकार मरीजों के लिए जिले में संचालित 102 और 108 नम्बर की एम्बुलेंस रविवार की रात वरदान साबित हुई । बारह एम्बुलेंस की मदद से प्रभावित लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ), जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया । सीएचसी के अधीक्षक डॉ मणि शेखर ने बताया कि एम्बुलेंस से और कुछ लोग निजी साधन से सीएचसी आए थे। कुल 51 लोगों को सीएचसी पर प्राथमिक चिकित्सा दी गयी। दो लोग सामान्य इलाज के बाद ठीक होकर घर चले गये। 20 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। 29 लोगों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

**ताकि न कोई अनहोनी :** पिपराइच कस्बे के गोदावरी मैरेज हाल में विषाक्त सामान खाकर कुछ लोगों के बीमार पड़ जाने के बाद पहुंची पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए मैरेज हाल में ताला बंद कर दिया। पिपराइच पुलिस के मुताबिक चूंकि घराती-बराती जो बीमार पड़ गए थे उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया। जो लोग वहां थे वे किसी तरह से शादी की रस्म पूरी कराने में जुट गए थे। सतर्कता बरतते हुए मैरेज हाल में ताला लगाया दिया गया था ताकि कोई अनहोनी न होने पाए। कहीं कोई जानवर जाकर न विषाक्त मिठाई खा ले जिससे वह बीमार पड़ जाए। पुलिस का कहना है कि चाबी थाने पर रखी गई है। मैरेज हाल मालिक आएगा उसे ले जाएगा।

### नकली खोवे और मिठाई से रहें सावधान

सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने अपील की है कि होली उमंग का त्योहार है। इस दौरान नकली खोवे, पनीर और मिठाई से विशेष तौर पर सावधान रहना होगा। इनसे फूड प्वाइजनिंग हो सकती है। घर में बनी पारम्परिक गुझिया, नमकीन और खाद्य पदार्थों का सेवन करें। बीपी, शुगर और ह्रदय के मरीजों को सादा भोजन का सेवन करना होगा।

"पिपराइच में घटी घटना के बाद सतर्कता की दृष्टि से मैरेज हाल में ताला बंद किया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग नमूने लेकर जांच करा रहा है। जांच रिपोर्ट आएगी तो वास्तविकता मालूम जाएगा कि लोगों के बीमार पड़ने की वजह क्या है।

**मनोज कुमार अवस्थी**
पुलिस अधीक्षक उत्तरी, गोरखपुर

## बीआरडी में हो रही पिपराइच से लिए नमूनों की जांच

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। पिपराइच में रविवार की रात फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिए गए नमूनों की जांच कराई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक नमूनों की जांच बीआरडी मेडिकल कालेज के फूड लैब में की जा रही है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि आमतौर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गोरखपुर जिले में से लिए गए नमूनों को जांच के लिए दूसरे मंडलों में भेजा जाता है लेकिन पिपराइच का मामला अति विशेष होने के कारण यह जांच गोरखपुर में ही कराई जा रही है। पिपराइच मामले में जिन नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है उनका सोमवार की शाम तक परिणाम नहीं आ सका था। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि पिपराइच का मामला काफी गंभीर है। वहां से लिए गए नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। पूरी तरह से जांच होने के बाद ही रिपोर्ट प्रकाश में आएगी।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिए दूध के दो नमूने

होली के दृष्टिगत मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतिम दिन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह के नेतृत्व में दूध के दो नमूने लिए गए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य कुमार गुंजन ने बताया कि छह दिनों में टीम ने 50 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं।

### जमीन में दबाई जाएगी विषाक्त खाद्य सामग्री

थाना प्रभारी सूरज सिंह ने कहा है कि गोदावरी मैरेज हाल में बची हुई मिठाई और विषाक्त खाद्य सामग्री जमीन में दबाई जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को मैरेज हाल के पास खेत में जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर बची हुई खाद्य सामग्री मसलन रसमलाई, चिकेन, सब्जियां और चावल आदि दबवा दी जाएगी।

# इनवर्टर-बैट्री के साथ एक युवक गिरफ्तार

चौरीचौरा। भोपा बाजार में साइकिल के दुकान में चार दिन पूर्व बैट्री-इनवर्टर चोरी हुआ था। सोमवार को चौरीचौरा पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से इनवर्टर-बैटरी बरामद किया है। भोपा बाजार निवासी इमरान की साइकिल की दुकान में दो मार्च की रात में चोरों ने चोरी किया था। एसआई सुनील कुमार ने अदाई महादेवा निवासी सृजन सिंह को गिरफ्तार किया।

# स्मैक तस्करी व चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने स्मैक तस्करी व चोरी के आरोपित गौरजीत चौहान निवासी अगेया, थाना पिपराइच को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की है। उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक व चोरी का 10,290 रुपया भी मिला है। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# किशोरी हुई बरामद आरोपितों की तलाश

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 12वीं की छात्रा को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज जांच पड़ताल तेज कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरगदही चौराहे से बरामद कर लिया। वहीं, आरोपितों की तलाश जारी है।

क्षेत्र के एक गांव की 12वीं की छात्रा परीक्षा देकर शाम को निकली थी। देर शाम जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों में खोजबीन शुरू की। दूसरे दिन तक पता नहीं चलने पर मां ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव का ही युवक इमरान किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

# वांछित अभियुक्त अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपित बदमाश को राजघाट पुलिस ने एक चाकू से साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक उप निरीक्षक कुंवर गौरव सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मनीष रावत निवासी कालिका होटल के पीछे इंदिरा नगर थाना रामगढ़ताल को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

## अवैध तरीके से चल रहे थे अस्पताल, कैंट और गुलरिहा थाने में एफआईआर दर्ज

# दो हॉस्पिटल संचालक समेत तीन पर मुकदमा

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम की जांच में मिल रही खामियों के बाद हॉस्पिटल संचालक पर केस दर्ज कराया जा रहा है।

इसी क्रम में कैंट इलाके के रुस्तमपुर ढाले के पास संचालित डॉयमंड हॉस्पिटल और दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक पर केस दर्ज कराया। गुलरिहा इलाके में संचालित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी हॉस्पिटल के रिसेप्शनिस्ट और संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया

■ एमकेसी सेवा संस्थान, डॉयमंड हॉस्पिटल और दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई

गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है, 25 फरवरी की शाम तीन बजे एडीमए सिटी के साथ उन्होंने गुलरिहा इलाके के मोगलहा स्थित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर का निरीक्षण किया था। इस दौरान नौ बेड का एक हॉस्पिटल ओटी के साथ संचालित मिला। जांच के दौरान हॉस्पिटल में रामस्वरूप निवासी महुआतार के पथरी का ऑपरेशन चल रहा था। जबकि, महराजगंज श्यामदेउरवा की साजिया, सुहेता देवी के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था। वहीं, शीला सहित चार अन्य मरीज भर्ती मिले। टीम ने जब अस्पताल की जांच की तो अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई भी अभिलेख नहीं दिखाया जा सका। न ही अस्पताल में कोई स्थाई डॉक्टर मौजूद मिला। वहीं, रिसेप्शन काउंटर पर प्रदीप नामक युवक मिला, जिसने बताया कि एमकेसी सेवा संस्थान के मालिक योगेश चतुर्वेदी हैं।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भर्ती मरीजों को तुरंत डिस्चार्ज करने का निर्देश देकर अवैध हॉस्पिटल को सील कर दिया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने रिसेप्शनिस्ट प्रदीप और हॉस्पिटल संचालक योगेश चतुर्वेदी के खिलाफ गुलरिया थाने में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया केस दर्ज कर मामले जांच की जा रही है।

**25** को एडीमए सिटी ने सिया मेटरनिटी सेंटर का किया था निरीक्षण

### जांच में अवैध मिला था अस्पताल और डायग्नोस्टि सेंटर

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके चौधरी ने कैंट पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है, 22 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रुस्तमपुर स्थित डॉयमंड हॉस्पिटल और उसी परिसर में चलने वाले दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की। जांच के दौरान अस्तपाल में कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। अस्पताल में चार मरीज भर्ती मिले, जिनमें एक का ऑपरेशन हुआ था। जबकि, जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद हनुमान मौर्या की ओर से अस्पताल का कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया जा सका। स्वास्थ्य विभाग में हॉस्पिटल का पंजीकरण सही नहीं मिला। इसके बाद टीम ने मरीजों को डिस्चार्ज कर अस्पताल सील कर दिया। डायग्नेस्टिक सेंटर के दस्तावेज भी सही नहीं मिले। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नाबालिग से रेप का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित मोनू गिरी निवासी सिसवा गोपाल थाना खड्डा जिला कुशीनगर को मुखबिर की सूचना पर सहजनवा पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपति के ऊपर रेप और 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# हर्ष फायरिंग:वीडियो सामने आते ही बदमाश गिरफ्तार




- एक साथी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजवा चुकी है पुलिस
- तीन माह पूर्व शुभम ने कुसम्ही बाजार में की थी हर्ष फायरिंग

हर्ष फायरिंग और मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपित की पहचान शुभम जायसवाल निवासी कुसुम्ही बाजार थाना खोराबार के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। उसका एक साथी पहले ही जेल जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार शुभम की तीन माह पूर्व खोराबार क्षेत्र के कुसम्ही बाजार स्थित एक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच में पता चला कि कुसम्ही बाजार निवासी सूरज जायसवाल एवं शुभम जायसवाल हर्ष फायरिंग वाले वीडियो में शामिल हैं। इसी के साथ एक और वीडियो सामने आया जिसमें एक युवक को बुरी तरह डंडे से मारपीट रहा है। सूरज को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# मासूम को गलत टीका लगा मारने का आरोप

सरहरी। निजी अस्पताल के चिकित्सक पर मासूम को गलत टीका लगाने का आरोप लगा है। मासूम की बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मासूम सिर्फ सात दिन का था। उसे नियमित टीकाकरण की पहली डोज लगाई गई थी।

गगहा के रहने वाले सौरभ कुमार राय ने निजी चिकित्सक के खिलाफ चिलुआताल थाने में तहरीर दी है। हालांकि अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। परिजनों के तहरीर को पुलिस ने मासूम के शव का पोस्टमार्टम भी कराया। खबर है कि पीएम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। उसका विसरा जांच के लिए भेजा गया है।

# पुलिस प्रशासन

## हुडदंग पर नकेल कसेगी पुलिस, रहेगी सतर्कता

गोरखपुर। होली के दिन किसी भी तरह की हुड़दंग या फिर सांप्रदायिक माहौल खराब करने वालों पर पुलिस नकेल कसेगी। शहर से लेकर गांव तक पुलिस की टीम अपने-अपने इलाके में गश्त करेगी। किसी तरह का सांप्रदायिक विवाद न हो इसके लिए पहले ही सुरक्षा समिति की बैठक थाना स्तर पर कर ली गई है, वहीं फ्लैग मार्च तथा पैदल गश्त कर पुलिस ने उद्रवियों में खौफ तो अन्य लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा किया है। होली के दिन जहां एक तरफ शहर में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था की गई है। वहीं दूसरी तरफ सभी थानेदारों को अपने-अपने इलाके में अलर्ट रहने को कहा गया है। छोटी से छोटी घटना की सूचना पर पुलिस को तुरंत मौके पर पहुंच कर मामले को निपटाने के निर्देश हैं। वहीं किसी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचाया जा सके, इसका भी पूरा ख्याल रखना है। होली पर शांति व्यवस्था के लिए सोमवार को कई थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल और बाइक गश्त कर लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया है। वहीं शहरी क्षेत्र में एसपी सिटी के निर्देशन में कुछ इलाकों में ड्रोन से निगरानी करने के साथ ही जुलूस वाले स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मंगलवार से ही फोर्स तैनात कर दी जाएगी। वहीं शहर के संवेदनशील स्थलों के साथ ही अन्य स्थानों पर चेकिंग के साथ होटल-ढाबा पर भी पुलिस ने निगरानी रखनी शुरू कर दी है। एसपी सिटी ने बताया कि होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया गया है। जुलूस के अलावा शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस पूरे दिन गश्त करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाएं। किसी भी तरह से कानून व्यवस्था को कोई अपने हाथ में न लें।

# गोरखपुर में आवास आयुक्त समेत छह पर मुकदमा दर्ज

- बैनामा के पांच वर्ष बाद भी नहीं मिला मकान
- कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कोर्ट के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने आवास आयुक्त, अधीशासी अभियंता समेत छह लोगों पर विश्वास का हनन का केस दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि पांच वर्ष पहले बैनामा हुए आवास पर अभी तक कब्जा नहीं मिला।

दाउदपुर निवासी देवी शरण त्रिपाठी ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र के जरिए बताया है कि 1987 में उन्होंने आवास विकास परिषद के विज्ञापन को देख कर एलआईजी आवास के लिए आवेदन किया। 1990 में उन्हें आवास आवंटित हो गया। बाद में कर्मचारियों ने मकान का नंबर बदलकर उन्हें दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) का आवास आवंटित कर दिया। न्यायालय के आदेश पर 2017 में आवास विकास के अधिकारियों ने महादेव झारखंडी में एलआईजी आवास बैनामा किया और इसके लिए निर्धारित मूल्य से ज्यादा रुपये लिए गए। मौके पर खंडहरनुमा आवास था। इसकी शिकायत आवास आयुक्त अजय चौहान, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद शाहपुर जेके कौशल, संपत्ति अधिकारी रामचंद्र, अवर अभियंता रजनीश श्रीवास्तव और कर्मचारियों से की। यह लोग कब्जा दिलाने का भरोसा देते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ।

# हर दिन होती रहीं चार दुर्घटनाएं, पुलिस काटती रही तेज रफ्तार का चालान

## जनवरी और फरवरी में हुईं 222 दुर्घटनाएं

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

जिले में हर दिन तेज रफ्तार के चलते चार दुर्घटनाएं होती रहीं तो वहीं पुलिस चालान काटकर वसूली में लगी रही। यह जानकारी यातायात विभाग द्वारा जारी जनवरी व फरवरी में तेज रफ्तार वाहनों पर की गई कार्रवाई व दुर्घटनाओं से हुई। विभाग ने दो माह में 1635 वाहनों का चालान किया। वहीं दो माह में तेज रफ्तार के चलते 222 दुर्घटनाएं हुई है। इसमें भी जनवरी में 89 तो फरवरी में बढ़कर 133 हो गई। चालान सिर्फ दो मार्गों मोहद्दीपुर से पैडलेगंज व पैडलेगंज से नौका विहार पर लगे स्पीड डिटेक्शन सिस्टम से किया गया है। वहीं बीते वर्ष 1092 दुर्घटनाओं में 72 प्रतिशत तेज रफ्तार के चलते हुई थी।

इन दोनों मार्गों पर स्पीड नापने की लगी मशीन में यातायात पुलिस ने दो पहिया वाहन का 60 किमी और चार पहिया का 70 किमी प्रति घंटे रफ्तार का मानक तय किया है। विभाग का कहना है कि यह फोरलेन के लिए तय किया गया है। तय मानक से तेज रफ्तार में जाने वाले वाहनों को मशीन ट्रैक करके चालान काटती है।

हालांकि विशेषज्ञों की माने तो यह दोनों मार्ग कहने के लिए फोरलेन रह गया है। शहर के बीच में होने के कारण इन दोनों मार्गों पर भीड़ ज्यादा होने लगी है। ऐसे में तय मानक भी इसके लिए ज्यादा है। ऐसे में वाहन चालक जब चौराहे पर पहुंचते हैं तो अपने वाहन को धीमी गति से चलाने लगते हैं और जैसे ही चौराहा पार करते हैं, उसकी रफ्तार बढ़ जाती है। इस वजह से दुर्घटनाएं भी इन दोनों मार्गों के बीच में ज्यादा होती है।

### पुलिस वाहन चालकों को नहीं देती चेतावनी

स्पीड डिटेक्शन सिस्टम लग जाने के बाद से पुलिस सिर्फ चौराहे पर खड़ी रहती है। वाहन चालक पैडलेगंज से नौकाविहार व मोहद्दीपुर से पैडलेगंज के बीच में पुलिस के नहीं रहने से अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए स्टंट करते है। ऐसे में वह जिन वाहनों के बगल से गुजरते है वह भयभीत होकर लड़खड़ा जाते हैं। इसमें कई चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। इन तेज रफ्तार वाहन चालकों के स्टंट से परेशान होकर नौका विहार के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों ने पुलिस से शिकायत की थी।

उन्होंने कहा था कि इनके चलते उनके घरों के बुजुर्गों और बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### तेज गति में हुए चालान

जनवरी में - 815

फरवरी में - 820

### तेज रफ्तार से हुई दुर्घटनाएं

जनवरी में- 89

फरवरी में - 133

### तेज रफ्तार पर कटता है इतना चालान

छोटे वाहन- 2000 रुपये

चार पहिया वाहन-4000 रुपये।

### 30 से 40 किमी होनी चाहिए वाहनों की रफ्तार

रफ्तार को लेकर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन संजय कुमार झा का कहना है कि शहर और फोरलेन के लिए अलग-अलग मानक तय किया जाता है। बताया कि ऐसे मानक तय करने की जिम्मेदारी सड़क निर्माण एजेंसी की होती है। बावजूद शहर में वाहनों के रफ्तार का मानक दो पहिया वाहन के लिए 30 से 35 और चार पहिया वाहनों के लिए 30 किमी प्रति घंटा तय करनी चाहिए। विभाग को इस पर विचार करना चाहिए।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर फुटेज से हुआ चालान

17 फरवरी को सुबह सात बजे नौका विहार मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार चालक बाइक में टक्कर मारकर फरार हो गया। हेलमेट लगाने से बाइक सवार को ज्यादा चोटें नहीं आई। इंटरनेट मीडिया पर दुर्घटना का वीडियो प्रसारित होने पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखकर कार चालक पर कार्रवाई की। जब उस कार के रफ्तार को देखा गया तो वह 105 किमी प्रति घंटा की से चल रही थी।

> दोनों मार्गों पर मशीन लगने से तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों का चालान अपने आप कटता है। रफ्तार का मानक नगर निगम ने तय किया है। इस संबंध में बात की जाएगी। स्टंट करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाती है। दोनों मार्गों के बीच में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी।
>
> डा. एमपी सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात

# चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी के सामान के साथ ग्राम अदाई महादेवा निवासी सृजन सिंह को गिरफ्तार किया। दारोगा सुनील कुमार ने बताया कि उसके पास से बैटरी व इन्वर्टर बरामद हुआ है। उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

# आवास विकास आयुक्त समेत छह पर मुकदमा

- बैनामा होने के बाद भी पांच वर्ष से नहीं मिला मकान पर कब्जा
- न्यायालय के आदेश पर शाहपुर थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** न्यायालय के आदेश पर शाहपुर थाना पुलिस ने आवास आयुक्त, अधीशासी अभियंता समेत छह लोगों पर विश्वास का हनन करने का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि पांच वर्ष पहले बैनामा आवास पर अभी तक कब्जा नहीं मिला। अधिकारियों व कर्मचारियों ने निर्धारित शुल्क से ज्यादा रुपये भी लिए हैं।

दाउदपुर निवासी देवी शरण त्रिपाठी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 1987 में आवास विकास परिषद के विज्ञापन को देख उन्होंने अल्प आय वर्ग (एलआइजी) वाले आवास के लिए आवेदन किया। 1990 में उन्हें आवास एलाट हो गया। बाद में कर्मचारियों ने मकान का नंबर बदलकर उन्हें दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) का आवास एलाट कर दिया। न्यायालय के आदेश पर वर्ष 2017 में आवास विकास के अधिकारियों ने महादेव झारखंडी में अल्प आय वर्ग का आवास बैनामा किया। इसके लिए निर्धारित मूल्य से ज्यादा रुपये लिए गए। बैनामा होने के बाद वह पहुंचे तो देखा कि मौके पर खंडहरनुमा आवास है, जिसके चारो तरफ चहारदीवारी है। इसकी शिकायत उन्होंने आवास-विकास परिषद के आयुक्त अजय चौहान, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद शाहपुर जेके कौशल, संपत्ति अधिकारी रामचंद्र, अवर अभियंता रजनीश श्रीवास्तव और कर्मचारियों से की। यह लोग आवास पर कब्जा दिलाने का भरोसा देते रहे, लेकिन पांच वर्ष बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार



तमंचे के साथ गिरफ्तार आरोपित • जागरण

**जागरण संवाददाता, कुसम्ही बाजार**: खोराबार पुलिस ने सोमवार को माड़ापार पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान कुसम्ही बाजार निवासी शुभम जायसवाल के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

तीन माह पूर्व इंटरनेट मीडिया पर हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि फायरिंग कुसम्ही बाजार के रहने वाले सूरज जायसवाल एवं शुभम जायसवाल ने की थी। इसके बाद एक और वीडियो प्रसारित हुआ। इसमें एक युवक को शुभम द्वारा डंडे से मारापीटा जा रहा था। इसमें युवक का हाथ टूट गया था।

तहरीर मिलने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर सूरज जायसवाल को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी थी। शुभम की तलाश कर रही थी। सोमवार को माड़ापार के पास पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** खोराबार थाना पुलिस ने सोमवार को स्मैक की तस्करी करने वाले आरोपित पिपराइच थाना के ग्राम अगेय निवासी गौरजीत चौहान को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक, स्मैक और 1029 रुपये बरामद किया। थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया।

# गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** राजघाट थाना पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर के आरोपित मनीष रावत को रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपित धराया

**जासं, गोरखपुर:** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपित कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना के ग्राम बसंतपुर निवासी रितेश गौतम को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# घर से भागी किशोरी से आटो में सामूहिक दुष्कर्म

## नाराज होकर निकली थी संतकबीर नगर की रहने वाली किशोरी, कुशीनगर का एक आरोपित गिरफ्तार

- गोरखपुर स्टेशन पर मिले दो युवकों ने घर छोड़ने का झांसा देकर आटो में बैठाया
- सहजनवां थाना क्षेत्र में बंधक बनाकर घटना को दिया अंजाम, एक आरोपित फरार

**जागरण संवाददाता, सहजनवां :** घर से नाराज होकर भागी किशोरी को मदद के बहाने आटो में बैठाने वाले युवकों ने सहजनवां क्षेत्र में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसे आटो में बैठाकर खलीलाबाद रेलवे स्टेशन ले गए, जहां पुलिस ने कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल निवासी मोनू गिरी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा युवक आटो छोड़कर फरार हो गया है।

संतकबीर नगर जिले की 16 वर्षीय किशोरी को स्वजन ने पढ़ाई के लिए डांट दिया था। नाराज होकर वह शनिवार की दोपहर में घर से निकल गई और रविवार की शाम को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। किशोरी का आरोप है कि रात में 12 बजे एक आटो चालक से मुलाकात हुई। उसने घर तक छोड़ने की बात कह बैठा लिया। इसी दौरान एक और युवक आटो में बैठ गया। सहनजवां थाना पुलिस को दी तहरीर में किशोरी के भाई ने लिखा है कि आटो चालक और उसके मित्र ने सहजनवां क्षेत्र में दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी किसी को न देने की धमकी देते हुए उसे खलीलाबाद रेलवे स्टेशन ले गए, जहां उसे ट्रेन में बैठाकर बाहर भेजने की तैयारी में थे। इसी बीच एक युवक व किशोरी को पुलिस ने पकड़ लिया। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल निवासी मोनू गिरी को गिरफ्तार किया गया है। दूसरा आरोपित गोरखपुर का रहने वाला है।



पुलिस की गिरपत मे सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित • जागरण

### अपहृत किशोरी बरामद आरोपितों की चल रही तलाश

जासं, भटहट : गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार को गायब 12वीं की छात्रा को भटहट के बरगदही चौराहे से बरामद कर लिया। रविवार को छात्रा की मां ने गांव के ही तीन युवकों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। शनिवार को क्षेत्र के एक गांव की किशोरी भटहट स्थित एक विद्यालय पर 12वीं की परीक्षा देने गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद देर शाम तक घर न पहुंचने पर स्वजन ने खोजबीन शुरू की। दूसरे दिन तक पता न चलने पर मां ने रविवार की शाम गुलरिहा थाना पुलिस को तहरीर देकर इमरान, तजम्मुल और तौहीद पर मुकदमा दर्ज कराया। भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है।

### 'युवती से करता हूं प्यार, जो शादी करेगा वो मरेगा'

- शोहदे ने गांव में चस्पा किया पोस्टर तलाश में जुटी पुलिस
- गुलरिहा क्षेत्र की है घटना, पोस्टर में लिखा आठ वर्ष से करता हूं प्रेम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बेखौफ शोहदे ने युवती के गांव में पोस्टर चिपका कर धमकी दी है कि जो भी उससे शादी करेगा मार देगा। वह युवती से आठ वर्ष से प्रेम करता है। पोस्टर पर शोहदे ने अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर भी लिखा है। स्वजन की शिकायत पर पिपराइच थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

गुलरिहा क्षेत्र में युवती का घर है। दो दिन पहले उसके गांव में घर के आसपास व सड़क किनारे के सभी मकान पर रात में किसी ने लाल पोस्टर चिपका दिया। पोस्टर में लिखा था कि आठ वर्ष से उसका प्रेम संबंध युवती के साथ है। उसके परिवार ने शादी करने का वादा किया था, लेकिन अब मुकर गए और दूसरी जगह शादी तय कर रहे हैं। परिवार व गांव के लोगों से आग्रह है कि मेरी शादी युवती से करा दें नहीं तो जो भी शादी करेगा वह मारा जाएगा और मैं भी आत्महत्या कर लूंगा। शोहदे के हरकत की जानकारी होने पर स्वजन ने घटना की जानकारी गुलरिहा थाना पुलिस को दी। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि आरोपित पिपराइच क्षेत्र का रहने वाला है, इसलिए वहीं पर धमकी देने व आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। तलाश चल रही जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दो हास्पिटल और एक डायग्नोस्टिक संचालक पर मुकदमा

- कैंट व गुलरिहा थाना क्षेत्र में बिना पंजीकरण के चल रहे थे अस्पताल
- एमकेसी सेवा संस्थान, डायमंड हास्टिपटल और दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को कैंट व गुलरिहा थाने में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध हास्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर चलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया। जांच में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तहरीर दी थी। संचालक व उनके सहयोगियों की पुलिस तलाश कर रही है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अनिल कुमार सिंह ने गुलरिहा थाना पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है, 25 फरवरी की शाम चार बजे एडीएम सिटी के साथ उन्होंने मोगलहा स्थित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर का निरीक्षण किया था। इस दौरान नौ बेड का एक हास्पिटल ओटी के साथ संचालित मिला। जांच के दौरान हास्पिटल में रामस्वरूप निवासी महुआतार के पथरी का आपरेशन चल रहा था। जबकि, महराजगंज श्यामदेउरवा की साजिया, सुहेता देवी के बच्चेदानी का आपरेशन हुआ था। वहीं, शीला सहित चार अन्य मरीज भर्ती मिले। टीम ने जब अस्पताल की जांच की तो अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई भी अभिलेख नहीं दिखाया जा सका। न ही अस्पताल में कोई स्थायी डाक्टर मौजूद मिला। रिसेप्शन पर प्रदीप नामक युवक मिला, जिसने बताया कि एमकेसी सेवा संस्थान के मालिक योगेश चतुर्वेदी हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भर्ती मरीजों को तुरंत डिस्चार्ज करने का निर्देश देकर अवैध हास्पिटल को सील कर दिया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने रिसेप्शनिस्ट प्रदीप और हास्पिटल संचालक योगेश चतुर्वेदी के विरुद्ध जालसाजी व इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 15(3) के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**जांच में अवैध मिला था अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर:** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके चौधरी ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 22 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रूस्तमपुर स्थित डायमंड हास्पिटल और उसी परिसर में चलने वाले दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की। हास्पिटल में कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं मिला। अस्पताल में चार मरीज भर्ती मिले, जिनमें एक का आपरेशन हुआ था।

जबकि, जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद हनुमान मौर्या की ओर से अस्पताल का कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया जा सका। स्वास्थ्य विभाग में हास्पिटल का पंजीकरण सही नहीं मिला। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को डिस्चार्ज कर अस्पताल सील कर दिया। डायग्नोस्टिक सेंटर के दस्तावेज भी सही नहीं पाए गए। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एटीएस कमांडो ने संभाली कमान



घंटाघर में गश्त करते एटीएस कमांडो ● जागरण



शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण करते एडीजी जोन अखिल कुमार ●

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : होली के दिन घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा पर मुहर लग गई है। एटीएस कमांडो ने कमान संभाल ली है। स्थानीय पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमें ड्रोन और सीसी कैमरे से निगरानी कर रही हैं। शोभायात्रा मार्ग के दोनों तरफ घरों, दुकानों की छत पर मंगलवार की शाम से ही पुलिसकर्मी तैनात कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर भगवान नरसिंह की शोभायात्रा के रथ पर सवार होकर होली खेलते हैं। शोभायात्रा घंटाघर से निकलकर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौटकर समाप्त होती है। पूरे रास्ते में सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकाने हैं। एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर चुकी है। शोभा यात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था में छह एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक, 200 दारोगा, 800 सिपाही, 120 महिला सिपाही, छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, तीन ड्रोन, 18 सीसी कैमरा लगाए गए हैं। एडीजी जोन ने सोमवार को शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था पर मुहर लगा दी। मंगलवार को ही स्थानीय पुलिस के साथ ही पीएसी व एसएसबी के जवान ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद हो जाएंगे। बुधवार को शोभायात्रा समाप्त होने तक घंटाघर की तरफ कोई भी वाहन नहीं जाएंगे। यातायात पुलिस ने इसको लेकर रूट डायवर्जन जारी किया है।

**नरसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा में लगी 1800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, शोभायात्रा मार्ग की तरफ नहीं जाएंगे वाहन, मुस्तैद हुई फोर्स**

# गैंगस्टर का अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने गैंगस्टर के अभियुक्त को सोमवार को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान रामगढ़ताल के इंदिरानगर निवासी मनीष रावत के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

भटहट : गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास के आरोपित अजय जायसवाल को गिरफ्तार किया। भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपित के विरुद्ध धुसवा टोला की महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। (जासं)

# स्मैक की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने स्मैक की तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान पिपराइच के ग्राम अगेय निवासी गौरजीत चौहान के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से स्मैक और 10 हजार 290 रुपये बरामद कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को रामगढ़ताल पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कुशीनगर के अहिरौली इलाके के बसंतपुर निवासी रितेश गौतम के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गर्भपात कराने और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज था। ब्यूरो

# हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**खोराबार (गोरखपुर)।** पुलिस ने हर्ष फायरिंग और मारपीट का वीडियो वायरल होने पर एक और आरोपी को सोमवार को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान कुसम्ही निवासी शुभम जायसवाल के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, तीन माह पूर्व खोराबार क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में एक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच की तो पता चला कि कुसम्ही बाजार निवासी सूरज जायसवाल व शुभम जायसवाल हर्ष फायरिंग वाले वीडियो में शामिल हैं। इसी के साथ एक और वीडियो सामने आया जिसमें एक युवक को बुरी तरह डंडे से मारापीटा जा रहा है।



शुभम जायसवाल।

सूरज को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। सहजनवां पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। उसकी पहचान कुशीनगर के खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल निवासी मोनू गिरी के रूप में हुई। ब्यूरो

# छात्रा लापता, तीन के खिलाफ अपहरण का केस

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की 17 वर्षीय छात्रा लापता हो गई। सोमवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन युवकों पर अपहरण का केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, छात्रा शनिवार को भटहट कस्बा स्थित परीक्षा केंद्र से यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर शाम को निकली थी। देर शाम जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों में खोजबीन शुरू की। अगले दिन तक पता नहीं चलने पर परिजनों ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव का ही युवक इमरान किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया, जिसके साथ तजम्मुल और तौहीद भी थे। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। ब्यूरो

# गलत टीका लगाने से नवजात की मौत

गोरखपुर। शहर के निजी अस्पताल में नियमित टीके की पहली डोज लगवाने के बाद रविवार को नवजात की मौत हो गई। पिता ने चिकित्सक पर गलत टीका लगाने का आरोप लगाते हुए चिलुआताल थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार गगहा क्षेत्र के निवासी सौरभ कुमार राय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच मार्च को नवजात को करीमनगर स्थित निजी अस्पताल में टीका लगवाया गया था। 25 फरवरी को इसी अस्पताल में उसका जन्म हुआ था। टीका लगाने के कुछ देर बाद नवजात की हालत बिगड़ गई।

उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उसी दिन उसकी मौत हो गई। पिता सौरभ का आरोप है कि गलत टीका लगाने के बाद ही नवजात की मौत हो गई। बताया गया कि पुलिस ने नवजात के शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। विसरा जांच के लिए भेजा गया है। ब्यूरो

# फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक को धमकी देने पर पिता-पुत्र पर केस

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के फातिमा हॉस्पिटल में घुसकर निदेशक फादर साबू को धमकी देने और धार्मिक भावना भड़काने का मामला सामने आया है। रविवार को पुलिस ने एडीजी अखिल कुमार के आदेश पर पड़ोसी दीनानाथ प्रसाद और उनके बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फादर ने एडीजी को दिए प्रार्थनापत्र में लिखा है कि अस्पताल परिसर में मरीजों और समाज के हितार्थ अस्पताल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर 2019 में एसटीपी प्लांट लगवाया गया जो परिसर में है और सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। अस्पताल परिसर से सटे दीनानाथ प्रसाद का मकान है। दीनानाथ और उनका बेटे अस्पताल के प्रति व्यवहार ठीक नहीं रखते।

24 जनवरी को पानी ओवरफ्लो होने पर आरोपियों ने गालियां दीं। इसके बाद फिर दीनानाथ अपने बेटे के साथ अस्पताल परिसर में आकर स्टॉफ के सामने गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि व्हाट्सएप पर अश्लील और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले शब्द का इस्तेमाल किया गया। ब्यूरो

# दो अवैध अस्पताल और एक पैथोलॉजी सेंटर पर केस दर्ज

## स्वास्थ्य विभाग ने एक साथ कैंट और गुलरिहा में दर्ज कराया मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले में अवैध अस्पतालों के खिलाफ फिर एक बड़ी कार्रवाई सामने आई। अवैध तरीके से संचालित कैंट इलाके के डायमंड हॉस्पिटल, दुलारी डायग्नोसिस्ट सेंटर और गुलरिहा के एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी हॉस्पिटल पर केस दर्ज किया गया। एसीएमओ की तहरीर पर कैंट और गुलरिहा थाने की पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस जालसाजी और मेडिकल एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही। उधर, गुलरिहा के अस्पताल को भी सील कर दिया गया। अन्य दोनों पहले ही सील किए गए थे।

गुलरिहा थाने में एडिशनल सीएमओ डॉ. अनिल कुमार सिंह ने दी तहरीर में लिखा है कि 25 फरवरी की शाम तीन बजे एडीएम सिटी और एसीएमओ ने गुलरिहा इलाके मोगलहा स्थित एमकेसी सेवा संस्थान उर्फ सिया मेटरनिटी सेंटर का निरीक्षण किया था।

**डायमंड हॉस्पिटल, एमकेसी सेवा संस्थान और दुलारी डायग्नोसिस्ट सेंटर पर कार्रवाई**

इस दौरान में नौ बेड का एक हॉस्पिटल ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के साथ संचालित मिला। जांच के दौरान हॉस्पिटल में रामस्वरूप निवासी महुआतार के पथरी का ऑपरेशन चल रहा था। जबकि, महराजगंज श्यामदेउरवा की साजिया, सुहेता देवी के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था।

वहीं, शीला सहित चार अन्य मरीज भर्ती मिले। टीम ने जब अस्पताल की जांच की तो अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई भी अभिलेख नहीं दिखाया जा सका। न ही अस्पताल में कोई स्थायी डॉक्टर मौजूद मिला। वहीं, रिसेप्शन काउंटर पर प्रदीप नामक युवक मिला, जिसने बताया कि एमकेसी सेवा संस्थान के मालिक योगेश चतुर्वेदी हैं।

जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भर्ती मरीजों को तुरंत डिस्चार्ज करने के निर्देश देकर अवैध हॉस्पिटल को सील कर दिया। अब पुलिस ने रिसेप्शनिस्ट प्रदीप और हॉस्पिटल संचालक योगेश चतुर्वेदी के खिलाफ जालसाजी और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 15(3) में केस दर्ज किया है।

उधर, एडिशनल सीएमओ डॉ. एके चौधरी ने कैंट पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि 22 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रुस्तमपुर स्थित डायमंड हॉस्पिटल और उसी परिसर में चलने वाले दुलारी डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की।

जांच के दौरान अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। जबकि, जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद हनुमान मौर्या की ओर से अस्पताल का कोई भी कागजात नहीं दिखाया जा सका।

# सड़क से लेकर आसमान तक ड्रोन से निगरानी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। होली के दिन घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए सड़क से लेकर आसमान तक से निगरानी का इंतजाम किया गया है।

शोभायात्रा मार्ग के दोनों तरफ स्थित घरों, दुकानों के मालिकों व किराएदारों की पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने डिटेल जुटा ली है। शोभायात्रा मार्ग पर 40 एटीएस कमांडो तैनात करने के साथ ही ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा पीएसी, एसएसबी जवान भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में रथ पर सवार होकर होली खेलते हैं। इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। शोभायात्रा घंटाघर से निकलकर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौटकर समाप्त होगी।

पूरे रास्ते में सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकानें हैं। एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर चुकी है। होली के जुलूस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने को लेकर खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी कर दिया है। आईबी, एलआईयू ने खतरे की आशंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट दी है।



नृसिंह भगवान शोभा यात्रा रुट के छतों पर पुलिस की तैनाती

## नेपाल सीमा पर भी सतर्कता

नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। एसएसबी के साथ ही पुलिस कर्मचारियों को अफसरों ने सतर्क किया है। इसके अलावा जिले में पुलिस कर्मचारियों की छुट्टी होली तक रद्द कर दी गई है।

## इतनी फोर्स होगी तैनात

6 एडिशनल एसपी, 16 क्षेत्राधिकारी, 84 निरीक्षक, 194 दरोगा, 1050 पुरुष सिपाही, 150 महिला सिपाही, 8 कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, 40 एटीएस कमांडो, एक बम निरोधक दस्ता

## आपात स्थिति हो तो इन नंबरों को करें डॉयल

पुलिस कंट्रोल रूम 112

एंबुलेंस के लिए 108

एसएसपी 9454400209

एसपी सिटी 9454401054

एसपी साउथ 9454401055

एसपी नार्थ 9454400452

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-03-2023

अभियान चलाने की भी जानकारी दी गई।

रा० सहारा दि०- 07.03.23

# दोस्त ही निकला हत्यारा

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी नूर मुहम्मद पुत्र अली मुहम्मद जो रामलक्षन चौराहे पर सब्जी विक्रेता था, जिसकी हत्या कर शव बोरा में गौरीवाजार थानाक्षेत्र के नकटा नाला के पास मिला था। पुलिस ने इस मामले में खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या में प्रयुक्त गमछे को वरामद किया।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ पुलिस।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी नूर मुहम्मद ऊर्फ गोलू पुत्र अली मुहम्मद 28 फरवरी की रात घर से लापता था। जिसका शव 4 मार्च दिन शनिवार को नकटा नाले के पास वोरा में भरा हुआ मिला। मृतक की मां फातिमा पत्नी अली मुहम्मद ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को अज्ञात के खिलाफ हत्या करने की तहरीर दी थी। पुलिस तहरीर मिलते ही हत्या की तफशीस में जुट गयी और मोवाईल के जरिये हत्यारा तक पहुंच गयी। पुलिस को सुराग में मिला कि मृतक को उसके दोस्त ने ही वुलाकर मार डाला है। क्योंकि आरोपी का मृतक के घर आना जाना था। वताया जाता है कि महेशपुर निवासी रिजवान ऊर्फ मोनू के पिता मोहम्मद रामलक्षन देवरिया मार्ग स्थित मस्जिद में मौलाना का कार्य करते हैं। वहीं किराये के मकान पर उनका पुत्र रिजवान ऊर्फ मोनू भी रहता था। जहां मृतक गोलू के सब्जी की दुकान पर उसका आना जाना था, और दोस्ती हो चुकी थी और उसके घर में आना जाना लगा रहता था। मृतक अपनी बहन का रिश्ता खोज रहा था, जिसका संवंध आरोपी से था। जो बात उसको नागवार लग रही थी। 28 फरवरी को हत्यारा अपने घर वुलाया बातचीत के दौरान कहासुनी व नोंकझोंक हुआ, उसके बाद उसने काले गमछे से गला दवा कर नूर मुहम्मद को मौत के घाट उतार दिया तथा दो दिन तक शव को बगल के कमरे में रखा था। इसके वावजूद भी हत्यारा मृतक के घर आ जा रहा था। उसी की वाइक पर शव को बोरा में रखकर ठिकाने लगाने को ले गया था। जिसको ले जाते समय कई लोगों ने देखा और पूछा भी। लेकिन किसी को कोई भी शक नहीं हुआ, क्यों कि वह हमेशा उसकी वाइक मांग कर ले जाता था। पुलिस मृतक के मोवाईल के जरिये हत्यारा तंक पहुंची, तो हत्यारा घटना में शामिल होने की वात कवूल की। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को धारा 302 व 201 के तहत भेजा है। मामले का पर्दाफांश करने वाली टीम में कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी, दरोगा अंजनी यादव, रामलक्षन चौकी इंचार्ज नन्द प्रसाद, कां. उमेश चौहान, रामानन्द भारती, राजेन्द्र व महिला कां. रुचि सिंह थीं।

# डीएम व एसपी ने किया होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण

**देवरिया(एसएनबी)।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सोमवार को आगामी होली पर्व के दृष्टिगत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सोमवार को अपराह्न मालवीय रोड स्थित होलिका दहन स्थल पहुँचे। उन्होंने होलिका दहन कमेटी के सदस्यों से बात कर आवश्यक जानकारी ली। जिलाधिकारी ने होलिका दहन में किसी भी तरह के केमिकल अथवा टायर-ट्यूब का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनारहित होलिका दहन प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रामेश्वर लाल चौराहा पर मारवाड़ी समाज द्वारा स्थापित होलिका स्थल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने समस्त होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि होली प्रेम और उल्लास का पर्व है। सभी जनपदवासी मिलजुल कर इसे मनाएं। होली खेलते समय सुरक्षा सम्बन्धी सभी एहतियात बरतें। केमिकल रंगों का प्रयोग बिल्कुल न करें। रंग खेलते समय लोगों की भावनाओं का पूरा सम्मान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि होली के दृष्टिगत समस्त संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। 5-5 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 49 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं, जो होली के दिन पूरे जनपद में भ्रमणशील रहेंगे। प्रशासन होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एसडीएम सौरभ सिंह, ईओ रोहित सिंह समेत विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी ने किया शब-ए-बारात के दृष्टिगत कब्रिस्तान का निरीक्षण : जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सोमवार को अपराह्न सिविल लाइंस रोड स्थित अंजुमन-ए-इस्लामिया कब्रिस्तान का निरीक्षण कर शब-ए-बारात के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शब-ए-बारात की रात को बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ने आते हैं। उन्होंने कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना छिड़काव एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रा० सहारा दि० 07/3/23

# त्योहार को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**बनकटा /अकटहीबाजार (एसएनबी)।** आगामी होली और शबेबरात को शांति पुर्ण सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को बनकटा पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। इसमें रामपुर बुजुर्ग सोहनपुर अकटहीबाजार आदि क्षेत्र शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि शान्ति पूर्ण रूप से त्यौहार मनाये। यदि कोई रंग में भंग डालता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनिल चौबे की हत्या में पांच गिरफ्तार और जेल

**खुखुन्दू** । स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा मिश्र गांव के रहने वाले अनिल चौबे नई दिल्ली में एक आटो कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। होली के अवसर पर शनिवार की सुबह गांव आए थे। इसी बीच गाय बांधने को लेकर प्रधुम्मन उर्फ प्रदीप चतुर्वेदी पुत्र रमेश चन्द्र चतुर्वेदी,रमेश चन्द्र चतुर्वेदी पुत्र स्व राम सकल चतुर्वेदी,सूरज कुमार पुत्र शिवनाथ प्रसाद, आशीष उपाध्याय उर्फ अमित पुत्र स्व संदीप उपाध्याय और शिल्पी पुत्री रमेश चन्द्र चतुर्वेदी निवासी गड़ पीपरा मिश्र ने कुल्हाड़ी और लाठी डंडे से हत्या कर दी इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ ,147,148,302, 323,504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह,दरोगा अखिलेश कुमार,सिपाही सोनू यादव,समीर यादव, नागेन्द्र भारती महिला सिपाही सोनम यादव,सुषमा भारती और प्रीति सिंह ने सभी पांचों लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बरहज व भलुअनी में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बरहज / भलुअनी** । होली का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सोमवार को बरहज एवं भलुअनी कस्बे में उप जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस और पीएसी के जवानों ने फ्लैग मार्च किया । अधिकारियों ने लोगों से होली का त्यौहार आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की । एसडीएम गजेंद्र सिंह ने कहा कि होली के त्योहार पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी है किसी तरह का अफवाह नोबेल आ जाए क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि होली त्यौहार के दिन मदिरा का सेवन किसी तरह का विवाद से बचें रंग पर्व होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं कहीं कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसकी सूचना 112 संबंधित ताकि समय रहते नियंत्रण होली के त्यौहार पर अश्लील गाने ना बजाया जाए शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की बरहज एवं भलुअनी कस्बे में अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस फोर्स में फ्लैग मार्च लोगों से शांति के तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की । थाना परिसर से निकल कर मुख्य चौराहे से होते हुए मंदिर रोड और हास्पिटल रोड, गांधी चौक तक निकाले गए इस फ्लैग मार्च ने जनता को यह संदेश दिया कि पुलिस होली त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी ने भी उपद्रव किया तो कडाई से निपटा जाएगा। थानाध्यक्ष भलुअनी बीबी राजभर, एसआई नितिन यादव, एसआई नितिन साहू व जवान मौजूद रहे।

# फर्जी, कूटरचित स्टांप बेचने वाला वेंडर गिरफ्तार

- नेहरूनगर मोहल्ले में छापेमारी कर स्टाम्प वेंडर को किया गिरफ्तार
- 2003 में ईओडब्ल्यू के निरीक्षक ने नौ ठेकेदारों पर दर्ज कराया था केस

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के सरकारी विभागों में वर्ष 1999 से 2001 के बीच कुछ ठेकेदारों ने फर्जी एवं कूटरचित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र तैयार कर ठेका प्राप्त किया था। मामले में 20 वर्ष पूर्व सदर कोतवाली में 9 ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में ठेकेदारों को फर्जी एवं कूटरचित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र तैयार करने वाले वेंडर को सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा वाराणसी ने कोतवाली पुलिस के सहयोग से शहर के नेहरूनगर मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया।

गोरखपुर मंडल के विभिन्न जनपदों में निर्माण खण्ड प्रथम पीडब्ल्यूडी, प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग देवरिया, जिला पंचायत देवरिया, नगर पंचायत देवरिया आदि सरकारी विभागों में वर्ष 1999 से वर्ष 2001 के मध्य ठेकेदारी प्राप्त करने के लिए ठेकेदारों द्वारा फर्जी एवं कूटरचित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र तैयार कर ठेकेदारी की थी। इसकी शिकायत आयुक्त गोरखपुर से हुई थी। आयुक्त ने 2002 में जांच के लिए कमेटी बनाई थी। जांच में लगभग 50 लाख रुपये का जाली एवं कूटरचित स्टाम्प का प्रयोग ठेकेदारों द्वारा स्टाम्प वेंडर से मिलकर करने की बात सामने आई। जांच में ठेकेदारों द्वारा इन स्टाम्प का प्रयोग विभिन्न ठेकेदारी में अनुबंध पत्र तैयार कर सरकारी विभागों में ठेकादरी प्राप्त करने में प्रयोग करने का साक्ष्य मिला। जांच में मिले सभी स्टाम्प पेपर कोषागार विभाग से निर्गत नही थे।

इस मामले को आर्थिक अपराध शाखा वाराणसी के तत्कालीन निरीक्षक रामजीत ने देवरिया सदर कोतवाली पुलिस ने 12 दिसम्बर 2003 को 9 ठेकेदारों और अन्य पर फर्जी स्टाम्प पेपर तैयार कर धोखाधड़ी और साजिश करने का केस दर्ज कराया था। वर्तमान में प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू वाराणसी के निरीक्षक अरविन्द कुमार और निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा को मिली। सोमवार को टीम के सदस्यों ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ नेहरु नगर में छापेमारी कर वेंडर हरिशंकर प्रसाद पुत्र बृजलाल मूल निवासी कसया सार को गिरफ्तार कर लिया।

> "आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने सदर कोतवाली पुलिस के सहयोग से नेहरु नगर से गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध काफी पहले सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।
>
> **श्रीयश त्रिपाठी**, सीओ सदर, देवरिया

> आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने देवरिया से स्टाम्प फर्जीवाड़े में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले के शेष आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **प्रदीप कुमार**, एसपी ईओडब्ल्यू वाराणसी

हिन्दुस्तान दि०-07/03/23

## सब्जी कारोबारी नूर मोहम्मद की बहन से था हत्यारोपी रिजवान का अवैध संबंध

# अवैध संबंध में बाधक बना तो दोस्त ने ही कर दी हत्या

**04** मार्च को बांकी पुल के पास मिला था शव

- पुलिस ने की सख्ती तो खुल गया हत्या का राज
- नूर की बाइक से ही लगाया शव को ठिकाने

**खुलासा**

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर कोतवाली और गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बीच हुए युवक के हत्या की गुत्थी सोमवार को सुलझ गई। अवैध संबंध में बाधक बनने पर युवक के दोस्त ने ही उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को जेल भेज दिया।

रामलक्षन के रहने वाले सब्जी कारोबारी नूर मुहम्मद उर्फ गोली का शव चार मार्च को गौरीबाजार थाना क्षेत्र में बांकी पुल के पास मिला था। युवक की शिनाख्त होने के बाद मामला दो थानों के बीच फंस गया था। रविवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर मृतक की मां फातिमा की तहरीर पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या और शव छिपाने का मुकदमा दर्ज की। सोमवार को हत्या का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया।

**मौलवी का बेटा है हत्यारोपी:** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महेशपुर गांव के रहने वाले मुमताज आजम रामलक्षन मस्जिद पर मौलवी का काम करते हैं। छह माह से उनका बेटा रिजवान उर्फ मोनू भी रामलक्षन रह रहा था। रामलक्षन का रहने वाला नूर मुहम्मद उर्फ गोलू भी मौलवी था। नूर मोहम्मद रामलक्षन चौराहा पर सब्जी का कारोबार करने के साथ ही मस्जिद में अजान भी करता था। उसी दौरान रिजवान और नूर में दोस्ती हो गई। जिसके बाद रिजवान का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। उसी दौरान नूर की बहन से उसका अवैध संबंध हो गया। नूर इसका विरोध करता था लेकिन लोक लज्जा के चलते वह चुप रहा। इसी विरोध के चलते रिजवान ने 28 फरवरी की रात में नूर मोहम्मद को अपने मोबाइल से वीडियो कॉल करके रामलक्षन स्थित अपने किराए के मकान पर बुलाया और बातचीत के दौरान गमछा से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दिया। उस दिन मकान के एक कमरे में शव को छिपा दिया। दूसरे दिन एक मार्च को शव से बदबू महसूस होने पर शव को बोरे में भर दिया।

इसके बाद बाइक से रामलक्षन-देवरिया मार्ग पर बांकी पुल के पास ले जाकर नकटा नाला के किनारे फेंक दिया। जहां चार मार्च को लोगों ने उसका शव देख पुलिस को सूचना दी। शव को कुत्तों ने नोच दिया था जिसके चलते आंख निकालने व एसिड से जलाने जैसी स्थिति दिख रही थी।



सोमवार को हत्या के आरोपी रिजवान उर्फ गोलू को कोर्ट भेजती रुद्रपुर पुलिस।

### हत्या के बाद नूर की बहन से धुलवाए थे कपड़े

नूर मोहम्मद की हत्या करने के बाद रिजवान उसी की बाइक उसके घर से मांग कर लाया। इसके बाद प्लास्टिक की रस्सी से शव को बाइक पर बांध ठिकाने लगा दिया। इसके बाद परिजनों के सामने नूर मुहम्मद को खोजने का नाटक भी करता रहा। नूर मुहम्मद के बड़े भाई अनवर अली ने बताया कि हत्या करने के दूसरे दिन अपना कपड़ा भी उसकी बहन से ही धुलवाया था। लेकिन घर के लोग उसके ऊपर थोड़ा भी शक नहीं कर रहे थे। यही नहीं इस दौरान उसने परिजनों के साथ ही पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाई तो टूट गया और हत्या का राज उगल दिया।

### गिरफ्तारी करने वाली टीम में ये शामिल रहे

गिरफ्तारी करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी, रामलक्षन चौकी इंचार्ज नन्दा प्रसाद, एसआई अंजनी कुमार यादव, रमाकान्त भारती, उमेश कुमार चौहान, राजेन्द्र राव व महिला कांस्टेबल रुचि सिंह शामिल रहीं।

रा० सहारा दि० 07/03/22

# मारपीट के मामले में चार पर केस

**तरकुलवा(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के खुटहां पटखौली गांव में नाली के विवाद को लेकर मारपीट और जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के खुटहां पटखौली गांव के रामाशीष प्रजापति पुत्र महातम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि एक नाली के विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने गोलबंद होकर उनको और उनकी पत्नी इसरावती देवी, बेटी रीता व बेटे बिट्टू को मां बहन की गाली देते हुए ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जाते समय जानमाल की धमकी भी दिया। इस मामले में तरकुलवा पुलिस ने आरोपी रामप्रीत पुत्र मंगरू, मनीष पुत्र रामप्रीत, बसावन पुत्र मंगरू व गौतम पुत्र बसावन प्रजापति निवासी ग्राम खुटहां पटखौली के खिलाफ भादवि की धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस व आबकारी टीम ने की छापेमारी

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। होली त्योहार के मद्देनजर रविवार को पुलिस व आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से अवैध कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। जहां मौके से बरामद लहन को नष्ट किया। संयुक्त टीम में एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल, आबकारी इंस्पेक्टर कुलदीप के साथ रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर के टोला पर छापेमारी किया। जहां 6 कुन्तल लहन बरामद्र किया। जिसको मौके पर नष्ट कर दिया गया। टीम ने बताया कि लहन त्योहार पर शराब बनाने के लिये रखा गया था। सूचना मिलने पर छापेमारी की गयी है।

हिन्दुस्तान दि० 07/03/23

# 25 गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने पकड़ा

रुद्रपुर। एक ट्रक पर लदे 25 गो वंशीय पशुओं को पुलिस ने पकड़ लिया। लेकिन इससे पहले ही मौके पर फायदा उठाते हुए कारोबारी फरार हो गए।

सोमवार की सुबह एकौना थाना क्षेत्र के असवनपार पुल की ओर से एक ट्रक पर गाय और बछड़ों को लाद कर कहीं ले जाने की सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। जिस पर एकौना पुलिस ने अपना जाल बिछा दिया। जिसमें नरायनपुर पुल के पास पशुओं से लदा ट्रक पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

हिन्दुस्तान दि०-07/03/23

# पुलिस ने कस्बे में किया रूट मार्च

तरकुलवा। होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाने के मद्देनजर सोमवार की शाम को तरकुलवा के थानेदार दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इस दौरान होली पर्व पर शरारत करने वालों के खिलाफ कठोर कर्रवाई का संदेश दिया गया।

हिन्दुस्तान 10.03.23

# होली में 49 मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

## सतर्कता

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस और जिला प्रशासन ने इस बार होली को शांति पूर्वक मनाने के लिए सतर्क है। इस बार जिला प्रशासन ने जिले को 49 सेक्टर में बांटा है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भ्रमण करते रहेंगे। गुरुवार की सुबह से शाम तक सेक्टर मजिस्ट्रेट क्षेत्र में रहेंगे। सभी क्षेत्राधिकारी और थानेदार क्षेत्र में चक्रण करते रहेंगे।

एसपी संकल्प शर्मा ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश थानेदारों को दिया है। ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, बायनाकुलर, वीडियो कैमरा, साथ रखेंगे। संवेदनशील स्थानों पर पीएसी, चौकीदार, होमगार्ड के साथ साथ स्थानीय पुलिस बल लगाया गया है। ड्यूटी के दौरान हूटर व सायरन के प्रयोग का निर्देश दिया गया है। कोई घटना होने पर रिजर्व पुलिस बल रखा गया है। इसके लिए थानेदारों को अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था करने को कहा गया है। प्रत्येक थाने में आने वाले धार्मिक स्थलों पर ड्यूटी लगाया जाएगा। इसके साथ ही डायल 112 भी दिन और रात को भ्रमण करते रहेंगे। एसपी संकल्प शर्मा ने कहाकि होलिका दहन के लिए जिले में चिन्हित 1912 स्थानों पर सुरक्षा के लिए बीट पुलिस अधिकारी को निर्देश दिया गया है।

दैनिक जागरण 10.03.23

# दोस्त ही निकला नूर मोहम्मद का कातिल

## नूर मोहम्मद की बहन से करता था प्रेम, बाधक बनने पर दिया घटना को अंजाम

जासं, रुद्रपुर, देवरिया: लक्ष्मीपुर गांव के नूर मोहम्मद की हत्या का आरोपित उसका दोस्त महेशपुर गांव का रिजवान उर्फ मोनू ही निकला। नूर मोहम्मद की बहन से वह प्रेम करता था। शादी तय होने से नाराज होकर उसने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर गमछा भी पुलिस ने बरामद कर लिया।



हत्यारोपित रिजवान पुलिस की गिरफ्त में। सौ.पुलिस

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर के रहने वाले सब्जी विक्रेता नूर मोहम्मद पुत्र स्व. अली अहमद 28 फरवरी की शाम को गायब हो गए थे। चार मार्च को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बांकी गांव के समीप नकटा नाले पुल के पास से नूर मोहम्मद का शव मिला था। मृतक की मां फातमा खातून की तहरीर पर रुद्रपुर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने महेशपुर गांव निवासी आरोपित रिजवान उर्फ मोनू पुत्र मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपित रिजवान रामलक्षन चौराहा पर किराए के मकान में रहता था। उसका पिता रामलक्षन गांव के मस्जिद का हाफिज है। पुलिस की जांच में आरोपित का नाम सामने आया। मृतक व आरोपित रिजवान दोनों दोस्त थे। मृतक की बहन से आरोपित के संबंध थे। बहन की शादी तय हो गई थी।

इसको लेकर आरोपित रिजवान नाराज चल रहा था। 28 फरवरी की रात को घर बुलाया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। नूर मोहम्मद के गले को गमछा से दबाकर घोंट दिया। दो दिन बाद जब शव से दुर्गंध निकलने लगी तो मृतक की मां से बाइक मांगकर प्लास्टिक के बोरे में रखकर शव को ले जाकर फेंक दिया।

- गला घोंटकर की थी हत्या, शव को लगाया था ठिकाना
- गमछे से गलाकर घोंटकर कर दी हत्या : प्रभारी निरीक्षक

आरोपित रोजाना मृतक की मां से जानकारी लेता था। ताकि स्वजन को कोई शक न हो। प्रभारी निरीक्षक उमेश वाजपेयी ने बताया कि मृतक की बहन से आरोपित के संबंध थे। शादी तय होने पर उसने नूर मोहम्मद को घर बुलाया व गमछे से गलाकर घोंटकर हत्या कर दी।

news-hindi.html होली को यादगार बनाने में सभी व युवतियां फ्राक सूट आदि को ज्यादे रुपये तक बाजार में उपलब्ध है।

# उपलों से सजी होलिकाओं का कुछ स्थानों पर हुआ दहन



होलिका जलाने के लिए कंडा दान करते ग्रामीण ● जागरण



मालवीय रोड में होलिका स्थल का निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा व एसडीएम सौरभ सिंह ● जागरण



रुद्रपुर के अनुसा में जलती होलिका ● जागरण



शहर के रामेश्वरलाल तिराहे पर होलिका की पूजा करती महिलाएं ● जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: पर्यावरण रक्षा के संकल्प के साथ होलिका समितियों ने उपलों से होलिकाओं को सोमवार की देर रात तक सजाया। रात को ही जिले के कुछ स्थानों पर होलिकाएं जलाई गईं। सुरक्षा के मद्देनजर हर होलिका पर पुलिस कर्मियों की तैनाती रही और सीओ समेत अन्य अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। उधर शहर के मालवीय रोड स्थित होलिका का विधि विधानपूर्वक पूजन किया गया। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने होलिका का पूजन कर आशीर्वाद मांगा।

जिले के 1912 स्थानों पर मौजूद होलिका समितियां दैनिक जागरण की पहल पर स्वेच्छा से आगे आ गईं और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए लकड़ियों की जगह अधिकांश उपले से होलिका को सजाया। गांव-गांव में शाम को युवाओं की टोलियां निकलीं और घर घर से जाकर उपला दान में मांगा। कुछ लोगों ने लकड़ियां देने का प्रयास किया तो युवाओं ने मना कर दिया। जागरण की इस पहल का समिति के सदस्यों के साथ ही शहर से लेकर गांव तक लोगों ने भी सराहना की। शहर के मालवीय रोड, पुलिस लाइन, देवरिया खास समेत जिले के विभिन्न समितियों का कार्य उपला को लेकर बेहतर रहा। देर रात अधिकांश होलिका जला दी गई तो कुछ होलिका 12 बजे रात के बाद जलाई गई।

डीएम व एसपी ने भी होलिका का किया निरीक्षण: होलिका व होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सौरभ सिंह ने शाम को शहर के मालवीय रोड, ओवरब्रिज के नीचे समेत विभिन्न होलिका स्थान पर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाएं देखी। डीएम ने कहा कि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहे। अग्निशमन विभाग की गाड़ी व विभाग दोनों सक्रिय रहे। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जासं, बनकटा: होली को लेकर पुलिस ने सोहनपुर बाजार, चौराहा सहित विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया। लोगों से शांति व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## 26 स्थानों पर किया गया होलिका दहन

जासं, पथरदेवा: बघौचघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 स्थानों पर सोमवार की शाम को होलिका का दहन किया गया। शेष 65 स्थानों पर मंगलवार की शाम को होलिका दहन होगा। इसके लिए थाने की पुलिस ने विशेष तैयारी कि है। जिसे के सभी विवादित स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी में ही होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने हल्का व बीट अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है। शांति पूर्वक होलिका दहन के लिए पुलिस हर जगह मुस्तैद रहेगी। होलिका दहन में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसके लिए पुलिस अपने अपने क्षेत्रों में गश्त करती रहेगी। त्योहार में खलल डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि- 07/03/23

# फर्जी स्टांप पेपर बेचने का आरोपित गिरफ्तार

## जिपं व नगर पंचायत का ठेका लेने में 50 लाख के फर्जी स्टांप का किया गया था प्रयोग

जागरण संवाददाता, देवरिया: 50 लाख के फर्जी स्टांप पेपर बिक्री के बीस वर्ष पुराने चर्चित मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। लार कस्बे के रहने वाले आरोपित ठीकेदार हरिशंकर प्रसाद की गिरफ्तारी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) वाराणसी की टीम ने सोमवार को देवरिया शहर से की। वह पहचान छिपाकर यहां रहता था।

वर्ष 1999 से 2001 के बीच गोरखपुर मंडल के जनपदों में फर्जी स्टांप पेपर बिक्री का मामला सामने आया था। लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, नगर पंचायत जैसे सरकारी विभागों में कार्यों के लिए फर्जी स्टांप पेपर पर अनुबंध पत्र तैयार किए गए थे। जानकारी मिलने पर तत्कालीन मंडलायुक्त की तरफ से गठित समिति ने वर्ष 2002 में प्रकरण की जांच की तो लगभग 50 लाख रुपये के फर्जी स्टांप पेपर का प्रयोग पकड़ा गया था। इसमें ठीकेदारों व वेंडर की संलिप्तता मिली थी। स्टांप पेपर कोषागार से निर्गत नहीं हुए थे। फर्जीवाड़ा के जरिये 50 लाख रुपये राजस्व की क्षति होने की बात उजागर होने पर ईओडब्ल्यू वाराणसी के तत्कालीन निरीक्षक रामजीत ने सदर कोतवाली देवरिया में 12 दिसंबर 2003 को ठीकेदार हरिशंकर प्रसाद पुत्र बृजलाल समेत नौ नामजद ठीकेदारों व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। हरिशंकर तभी से देवरिया शहर के गरुलपार के नेहरू नगर कालोनी में छिपकर रह रहा था। मामले की जांच कर रहे ईओडब्ल्यू के निरीक्षक अरविंद कुमार व निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने देवरिया पहुंचकर सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।



आर्थिक अपराध शाखा टीम की गिरफ्त मे आरोपित हरिशंकर प्रसाद (लाल घेरे मे) ● जागरण

- सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा वाराणसी की टीम ने देवरिया से की गिरफ्तारी
- वर्ष 2003 में नौ ठीकेदारों व अन्य के विरुद्ध दर्ज कराया था मुकदमा

स्टांप पेपर फर्जीवाड़ा में एक आरोपित ठीकेदार हरिशंकर प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के टीम गठित की गई है।
डी. प्रदीप कुमार, एसपी, ईओडब्ल्यू वाराणसी

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

दैनिक जागरण दि- 07/03/23

# आरोपित प्रद्युम्न कुल्हाड़ी लेकर एक दिन पूर्व फैलाया था दहशत

जासं, देवरिया: बहुराष्ट्रीय कंपनी में महाप्रबंधक अनिल चतुर्वेदी की हत्या के बाद खुखुंदू पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। हत्या के एक दिन पहले आरोपित प्रद्युम्न उर्फ प्रदीप चतुर्वेदी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर धमकी दे रहा था। अनहोनी के डर से अनिल गाजियाबाद से घर आए व चचेरे भाई के हाथ में कुल्हाड़ी लेकर धमकी देने की तस्वीर के साथ खुखुंदू थाने में तहरीर दी। वह तीन घंटे तक गुहार लगाते रहे, लेकिन पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया। यदि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तो शायद उनकी जान बच सकती थी।

खुखुंदू के पिपरा मिश्र गांव के रहने वाले अनिल चतुर्वेदी ने हत्या से कुछ घंटे पहले थाने में तहरीर देकर परिवार के सुरक्षा की गुहार लगाई थी। साथ ही आरोपित चचेरे भाई प्रद्युम्न चतुर्वेदी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने एक दिन पूर्व शुक्रवार की रात करीब आठ बजे मां उषा देवी व बहन कल्पना के साथ मारपीट करने, बहन कल्पना के गले से सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया था। तहरीर में कहा है कि घटना के समय खुखुंदू पुलिस व डायल 112 पर उन्होंने स्वयं सूचना दी थी।


घटना के एक दिन पूर्व कुल्हाड़ी लेकर धमकी दे रहे आरोपित प्रद्युम्न की सीसी कैमरे मे कैद हुई तस्वीर ● सौ. इंटरनेट मीडिया

**हत्यारोपित चाचा समेत पांच भेजे गए जेल:** खुखुंदू: बहुराष्ट्रीय कंपनी के महाप्रबंधक अनिल चतुर्वेदी की हत्या के आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। खुखुंदू क्षेत्र के पिपरा मिश्र गांव के रहने वाले 46 वर्षीय अनिल चतुर्वेदी गुरुग्राम की कंपनी ईस्टमैन में महाप्रबंधक थे। शनिवार की रात करीब 8.30 बजे कुल्हाड़ी से काटकर उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले में अनिल की बहन कल्पना चतुर्वेदी की तहरीर पर पांच के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में चचेरे भाई प्रद्युम्न उर्फ प्रदीप चतुर्वेदी, चाचा रमेश चतुर्वेदी, चचेरी बहन शिल्पी व गांव का सूरज कुमार पुत्र शिवनाथ प्रसाद, आशीष उपाध्याय उर्फ अमित पुत्र स्व.संदीप उपाध्याय को काली मंदिर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक खुखुंदू संतोष सिंह ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त मे हत्यारोपित ● जागरण

एसपी के निर्देश पर पुलिस की लापरवाही को लेकर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। जो भी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
देव आनंद, सीओ सलेमपुर

### पुत्र अर्पित ने दी मुखाग्नि

रविवार की रात में अनिल चतुर्वेदी का अंतिम संस्कार बरहज के सरयू तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अर्पित ने दी। इस मौके पर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

हिन्दुस्तान दि० -07/03/23

# डाक्टर व उसके पुत्र के विरुद्ध दर्ज होगा मुकदमा

- दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश
- बरहज क्षेत्र के कपरवार गांव के रहने वाले हैं पीड़ित

विधि संवाददाता, देवरिया: कपरवार घाट चौराहे पर क्लीनिक चलाने वाले डा. विनोद बरनवाल व उसके पुत्र लखन बरनवाल के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज होगा। विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी) छाया नैन की कोर्ट ने बरहज थाने की पुलिस को यह आदेश दिया है।

बरहज के कपरवार घाट गांव के रहने वाले किशोर कुमार पुत्र शिवदीन प्रसाद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके ढाई साल के इकलौते पुत्र को बुखार हो गया। वह 10 जून 2021 को इलाज के लिए कपरवार घाट स्थित डा. विनोद बरनवाल के पास लेकर गए। डाक्टर कमरे के अंदर से इंजेक्शन भरकर लाए व बच्चे के कमर में लगा दिया। इंजेक्शन लगाते ही बच्चे के दाहिने पैर ने काम करना बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि सेंकने के बाद पैर ठीक हो जाएगा। 26 अक्टूबर 2021 तक पैर ठीक नहीं हुआ तो वह पुनः डाक्टर को दिखाने ले गए। डाक्टर व उसके पुत्र ने गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर भगा दिया। जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धमकी दी कि यदि दोबारा आए तो ठीक नहीं होगा। दवा की पर्ची मांगने पर भी नहीं दिए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद पाया कि डाक्टर ने जो इंजेक्शन लगाया, वह कमरे के अंदर पर्दे की आड़ से भरकर लाया था, कौन सा इंजेक्शन लगाया, इसकी रसीद भी बनाकर मरीज को नहीं दिया। ऐसी परिस्थितियों में डाक्टर का कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है।

अमर उजाला 07/03/23

# एकतरफा प्यार में बाधा बनने पर दोस्त ने की थी दी नूर मोहम्मद की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। रामलक्षन के सब्जी विक्रेता नूर मोहम्मद की हत्या करने वाला उसका जिगरी दोस्त ही निकला। उसने एकतरफा प्यार में बाधा बन रहे दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्यारोपी मृतक की बहन से एकतरफा प्यार करता था।

उसने गला दबाकर हत्या करने के बाद 24 घंटे तक शव को कमरे में ही रखा। अगले दिन उसने मृतक की बाइक उसके घर से लाकर शव बोरें में रखकर पुल के नीचे ले जाकर फेंक दिया। सोमवार को हत्यारोपी को पुलिस ने पकड़ कर न्यायालय भेज दिया। हत्यारोपी नूर के मोबाइल फोन से दो दिन तक ह्वाट्सएप कॉल और चैटिंग के जरिये पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस ने सोमवार को इस हत्याकांड का खुलासा किया।

रामलक्षन निवासी नूर मोहम्मद उर्फ गोलू का शव चार मार्च को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बाकी पुल के नीचे बंद बोरे में मिला। वह 28 फरवरी की रात को किसी का फोन आने पर घर से निकला। पुलिस की गिरफ्त में आए हत्यारोपी रिजवान उर्फ मोनू निवासी महेशपुर के अनुसार वह मृतक की बहन से एकतरफा प्यार करता था।

इधर, नूर मोहम्मद उर्फ गोलू अपनी बहन का निकाह करने की तैयारी कर रहा था, जो बात रिजवान को नागवार लग रही थी। रिजवान ने ह्वाट्सएप कॉल कर नूर मोहम्मद को 28 फरवरी की रात अपने किराये के मकान पर बुलाया।

उसने गमछा से गला घोंटकर उसकी हत्या कर शव को दूसरे कमरे में रख कर ताला लगा दिया। एक मार्च की शाम को रिजवान नूर मोहम्मद के घर जाकर उसकी मां फातिमा से नूर मोहम्मद की बाइक लेकर आया और बोरे में शव ले जाकर बाकी पुल के नीचे से फेंक दिया। हत्यारोपी लगातार मृतक के परिजनों के साथ ही था।

हत्या करने के बाद आरोपी ने मृतक के मोबाइल से अपने नंबर पर चैटिंग कर रामलक्षन की दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग कर कहानी मोड़ने का प्रयास किया। लेकिन बोरे में रखे शव और हाथ में बंधी रस्सी का हिस्सा हत्यारोपी के कमरे से मिलने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि आरोपी पर हत्या और शव छिपाने का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

## व्हाट्सएप कॉल व चैटिंग से दो दिन पुलिस को किया गुमराह



हत्या का आरोपी रिजवान। संवाद

## छह माह से नूर के घर भोजन करता था आरोपी

रुद्रपुर। एक तरफा प्यार में हत्यारोपी बना रिजवान उर्फ मोनू छह माह से मृतक के घर ही अक्सर भोजन करता था। उसके कपड़े मृतक नूर की मां और बहन धो देती थीं। दोस्त की हत्या करने के दौरान उसका थोड़ा भी कलेजा नहीं पिघला। इसको लेकर कस्बे के लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। मूल रूप से महेशपुर गांव का रहने वाला हत्यारोपी रिजवान ऊर्फ मोनू ने अपने पहले निकाह के दौरान भी विवाद किया था। उसके पिता मोहम्मद आजम रामलक्षन मस्जिद में मौलाना हैं। बेटे की करतूत सुधारने के लिए उन्होंने उसे अपने पास मस्जिद में बुला लिया। संवाद

# एक दिन पहले दी थी तहरीर, जताई थी हत्या की आशंका

## नहीं चेती पुलिस, गांव में पुलिस के जाने के इंतजार में देर शाम तक थाना गेट के बाहर बैठे रहे अनिल चतुर्वेदी

संवाद न्यूज एजेंसी



अनिल चतुर्वेदी हत्याकांड के पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस। संवाद

खुखुंदू। पिपरा मिश्र अनिल चतुर्वेदी हत्याकांड में यहां की पुलिस की चूक और लापरवाही नजर आ रही है। घटना से पहले अनिल ने स्वयं थाने पर पहुंचकर मारपीट, परिवार की सुरक्षा और जानमाल के भय का जिक्र करते हुए तहरीर दी थी। तहरीर देने के बाद गांव पर पुलिस के जाने के इंतजार में वह घंटों थाना गेट के बाहर ही बैठे रहे।

जब पुलिस नहीं गई तो अंत में थक-हारकर देर शाम को मायूस होकर वह घर निकल गए। परिजनों और गांव वालों का कहना है कि समय रहते पुलिस चेती होती तो शायद अनिल की जान बच गई होती। अनिल ने पुलिस को तहरीर के साथ आरोपी के हाथ में कुल्हाड़ी लिए फोटो भी संलग्न की थी।

पिपरा मिश्र के रहने वाले अनिल चतुर्वेदी दिल्ली में परिवार सहित रहते थे। होली पर्व के दौरान गांव आए थे। सहन की जमीन के लिए हुए विवाद में शनिवार की रात पट्टीदारों ने उनकी हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने घटना से पहले अनिल की मां और बहन को भी मारा-पीटा था।

गांव आने के बाद अनिल चतुर्वेदी ने थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की तहरीर देते हुए, उनकी सुरक्षा की मांग का जिक्र किया था।

तहरीर में आशंका जताई थी कि तत्काल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे परिवार की जानमाल का खतरा है। बावजूद इसके पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उधर, हमलावरों ने अनिल की जान ले ली। गांववालों का कहना है कि समय रहते पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया होता तो यह घटना नहीं होती।

> अनिल ने तहरीर दी तो किसको दी। जांच करा रहा हूं। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई कराएंगे। -संतोष कुमार सिंह, इंस्पेक्टर

**तहरीर पड़ी तो आसमान खा गया या जमीन निगल गई :** खुखुंदू। घटना से पूर्व अनिल चतुर्वेदी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी तो किसे दी यह पुलिस महकमे में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर, गांववालों और परिजनों का कहना है कि आखिर तहरीर थाने पर पुलिस वालों को दी गई तो उसे आसमान खा गया या फिर जमीन निगल गई।

इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह से जब बात हुई तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि घटना के दिन शाम चार बजे से नौ बजे रात तक मुख्यालय पर मीटिंग में थे। जब यहां आए तो घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि अगर अनिल ने तहरीर दी थी तो किसे और कहां। इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर निकलवाएंगे।

### पांचों हत्यारोपियों को भेजा गया जेल

खुखुंदू। अनिल चतुर्वेदी हत्याकांड के पांचों हत्यारोपियों को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सभी हत्यारोपियों को पिपरा मिश्र गांव से पहले स्थित काली मंदिर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को ही पांचों हत्यारोपियों के खिलाफ हत्या और बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था।

इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मयफोर्स पिपरा मिश्र गांव से पहले काली मंदिर पर पहुंचा। वहां पुलिस की गाड़ी देखकर सभी हत्यारोपी भागने लगे। दौड़ाकर सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अपना नाम प्रद्युम्न उर्फ प्रदीप चतुर्वेदी, रमेश चंद चतुर्वेदी, सूरज कुमार, शिवानी देवी और आशीष उपाध्याय बताया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई। सभी को दर्ज मुकदमे के तहत जेल भेज दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। संवाद

### अधिकतर घरों में सोमवार को नहीं जले चूल्हे

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनूघाट। खुखुंदू थाना क्षेत्र के पिपरा मिश्र गांव में अनिल चतुर्वेदी की हत्या के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। इस दुखद घटना से गांव के अधिकतर घरों में चूल्हे सोमवार को नहीं जले। महज चार फुट जमीन में नाद बांधने को लेकर चार दिन पूर्व मृतक की मां व बहनों की आरोपियों से कहासुनी हुई थी। इस पर आरोपी ने मां उषा देवी एवं बहन को पीट दिया था।

ग्रामीणों के अनुसार जब मां के पीटे जाने की खबर अनिल को लगी तो वह फौरन निजी साधन से घर के लिए चल दिए। शनिवार को दिन के तीन से शाम साढ़े छह बजे तक वह फरियाद लेकर थाने में बैठे रहे। मृतक ने पुलिस के सामने यह भी आशंका जताई थी कि अगर इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तो उनकी भी हत्या भी की जा सकती है। तहरीर में आरोपियों की धारदार हथियार के साथ की फोटो भी दी गई थी।

> मामले में पांच के खिलाफ हत्या, बलवा का केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस की लापरवाही की जांच की शिकायत परिजन करते हैं तो इसकी भी जांच कराई जाएगी। देश आनंद, सीओ

मां उषा देवी एवं उनकी बहन कल्पना ने बताया कि शनिवार शाम अनिल दरवाजे पर बैठकर पुलिस की शिकायत से निराश होकर विवाद से बचने की बात कर रहे थे। तहरीर के मुताबिक उसी समय प्रद्युम्न उर्फ प्रदीप पुत्र रमेश, रमेश पुत्र [illegible], शिवानी पुत्री रमेश, आशीष उर्फ अमित, सूरज ने लाठी-डंडे, गड़ासे और कुल्हाड़ी के साथ गालियां देते और ललकारते हुए दरवाजे पर चढ़कर अनिल को मारने-पीटने लगे।

# दुकानदार हों या खरीदार, जाम से सब रहे परेशान

## शहर में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर ही लोग गाड़ियां कर देते हैं खड़ी





कोतवाली रोड पर लगा जाम। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी करते यात्री। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर में अव्यवस्थित यातायात व जाम की तस्वीर सोमवार को सिविल लाइंस से हनुमान मंदिर चौराहा, मोतीलाल रोड आदि कई जगहों पर दिखी। यहां पर वाहनों का अत्यधिक दबाव व अतिक्रमण जाम के प्रमुख कारण है।

त्योहारी सीजन होने के कारण भी सड़कों पर खरीदारों की भीड़ भी इसकी एक अहम वजह है। जाम में फंसकर कोई दुकानदार अपनी दुकान पर देर से पहुंचा तो किसी को खरीदारी में दिक्कतें उठानी पड़ीं। यानी दुकानदार हो या खरीदार जाम ने सबको परेशान किया।

हनुमान मंदिर चौराहे पर दिन में 12 बजे जाम में फंसकर लोग परेशान दिखे। बाजार खरीदारों की भीड़ और सड़क किनारे पटरियों पर अतिक्रमण नजर आया। रुद्रपुर रोड की ओर जाने वाले हों या गोरखपुर ओवरब्रिज की तरफ निकलने वाले जाम से सबको दिक्कतें उठानी पड़ीं। चार किमी जाने में लोगों को 40 मिनट तक लग गए।

पार्किंग की कहीं भी व्यवस्था नहीं होने से सड़कों के किनारे खड़ी गाड़ियां, ठेले-खोमचे वालों के कारण सुबह 11 बजे सिविल लाइंस रोड जाम से जूझता रहा। यहां सड़क की दोनों पटरियों पर अतिक्रमण प्रशासन को मुंह चिढ़ाता दिखा। कोऑपरेटिव चौराहे पर भी जाम की स्थिति रही। लोगों को आने-जाने में भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ीं।

गोरखपुर ओवरब्रिज से भुजौली कॉलोनी तक करीब तीन किमी की दूरी वाले सिविल लाइंस रोड पर पार्किंग की कहीं भी व्यवस्था नहीं है। बस स्टेशन का दबाव, उसके आगे मेडिकल कॉलेज, डीएम, एसपी कार्यालय सहित कई प्रमुख संस्थान इस रोड पर है।



> कोऑपरेटिव चौराहे से रामलीला मैदान होकर हनुमान मंदिर जाने वाली सड़क कच्ची होने से भी लोगों को दिक्कत होती है। प्रशासन ने एक ही सड़क पर तीन जगह बैरिकेडिंग की है। इससे भी परेशानी बढ़ी है। जाम में फंसने के कारण मुझे दुकान पहुंचने में देरी हुई। करीब 45 मिनट देरी से दुकान पर पहुंचा। -रमेश सोनी, दुकानदार



> मैं होली की खरीदारी करने शहर आया था। मोतीलाल रोड पर जाम में फंस गया। ऐसे में मुझे खरीदारी करने में विलंब हुआ। जाम के कारण पांच सौ मीटर भी मानो मुश्किल हो गया था। -रोहित मिश्रा, बिंदवलिया

> *जाम से निपटने के लिए हर चौराहे, तिराहे पर पुलिस की व्यवस्था है। अतिक्रमणकारियों पर त्योहार के बाद कार्रवाई की जाएगी। शहर में पार्किंग के लिए पुराने बस स्टेशन की जमीन चिह्नित कर ली गई है।* -रोहित सिंह, ईओ, नगर पालिका

### जाम लगने के प्रमुख कारण

- शहर में कहीं भी पार्किंग का न होना जाम का सबसे बड़ा कारण है।
- यातायात नियमों की अनदेखी भी जाम की समस्या बढ़ा रही है।
- हनुमान मंदिर चौक के आसपास सड़कें चौड़ी नहीं हैं। यहां सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण है।
- सिविल लाइंस रोड पर प्रमुख संस्थान, कचहरी, डीएम-एसपी कार्यालय के अलावा वाहनों का अधिक लोड है।
- मोतीलाल रोड पर भी सड़क के दोनों ओर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। ऐसे में जब-तब जाम लगता है।

# लखनऊ के लिए दो राजधानी बसें 56 यात्रियों को लेकर हुईं रवाना



बसों को रवाना करते विधायक। संवाद

देवरिया। जिलेवासियों को अब सुबह में लखनऊ तक सीधे रोडवेज की सेवा मिलेगी। एक से दो घंटे के अंतराल पर दो-दो सेवाओं का संचालन होने से लखनऊ पहुंचकर और दिन में काम निपटाकर रात तक सीधे देवरिया भी आ सकेंगे।

सोमवार से इन दोनों राजधानी सेवाओं का संचालन शुरू हो गया। सुबह में सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने नारियल फोड़कर व हरी झंडी दिखाकर इनका शुभारंभ किया। देवरिया डिपो को भी शासन की ओर से दो नई राजधानी बसें मिली हैं।

पहली बस संख्या यूपी-78 एचटी 4078 के परिचालक संतोष सिंह व चालक सुदर्शन प्रसाद के नेतृत्व में दोपहर 1:43 बजे 35 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। हालांकि, इसमें गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही। वहीं, दूसरी बस संख्या 78 एचटी 4066 के परिचालक अरुण व चालक सैफुद्दीन के नेतृत्व में दोपहर 2:15 बजे देवरिया डिपो से लखनऊ के लिए रवाना हुई। इसमें 21 यात्रियों में गोरखपुर जाने वाले ज्यादा रहे।

**सामान्य बस से 10 प्रतिशत अधिक है किराया, समय कम लगेगा**

एआरएम ओपी ओझा ने बताया कि राजधानी सेवा का किराया सामान्य बस से 10 प्रतिशत अधिक है। साधारण किराया लखनऊ तक 513 रुपये है। वहीं, इसका किराया 567 रुपये निर्धारित किया गया है। इससे देवरिया से लखनऊ तक 327 किलोमीटर की दूरी पांच घंटे से कम समय में तय होगी। संवाद

### बोले विधायक- लखनऊ व अयोध्या की राह होगी आसान

बसों का शुभारंभ करने के बाद सदर विधायक ने कहा कि देवरिया से लखनऊ तक सीधी बस सेवा नहीं थी। जो बसें थीं, वे कई जगहों पर रुक-रुक कर जाती हैं। अब शासकीय व जरूरी कार्यवश कोई भी व्यक्ति सुबह में इन बसों से लखनऊ जाकर और अपना काम निपटाकर, इन्हीं सेवाओं से देर रात तक देवरिया आ जाएगा। साथ ही तीर्थयात्री भी इससे अयोध्या तक जाकर प्रभु श्रीराम के बन रहे भव्य मंदिर के दर्शन-पूजन कर एक ही दिन में लौट सकेंगे।

अमर उजाला दि० 07/03/23

# पुलिस ने ईंट-भट्ठे पर लहन किया नष्ट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**चनुकी।** होली का त्योहार को लेकर लार पुलिस थाना क्षेत्र के कई ईंट-भट्ठा पर सोमवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान हजारों लीटर कच्ची शराब व लहन नष्ट किया गया।

होली के त्योहार में कच्ची शराब की बिक्री रोकने के लिए सोमवार को एसओ लार नवीन चौधरी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के तारा कुंडावल तारा, पकड़ी, रोपनछपरा मोड़ स्थित भट्ठा पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भट्ठा पर मौजूद कच्ची शराब के धंधेबाज फरार हो गए।

पुलिस टीम मजदूरों के झोपड़ियों में घुसकर कच्ची शराब बनाए जाने वाले हजारों लीटर लहन व शराब नष्ट किया।

इस दौरान एसआई चंद्रशेखर यादव, कांस्टेबल मुलायम सिंह यादव आदि मौजूद रहे। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र में किसी ईंट भट्ठे पर कच्ची शराब नहीं बनने दिया जाएगा।

## कच्ची शराब की भट्ठियां तोड़ीं

**बघौचघाट।** होली को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को ईंट-भट्ठे पर छापेमारी कर 50 क्विंटल लहन नष्ट कर दिया। अवैध मदिरा को भी पुलिस ने नष्ट किया। शराब बनाने वाली भट्ठियों को तोड़ दिया। सीओ सदर ने कहा कि भट्ठा मालिकों पर भी कार्रवाई होगी। क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी व आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने बघौचघाट थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर, पाण्डेयपुर व रामपुर महुआवारी ईंट भट्ठे पर छापेमारी की। पुलिस शराब बनाने वाले सभी उपकरणों को भी पुलिस ने तोड़-फोड़ दिया। पुलिस की छापेमारी से भट्ठों पर भगदड़ मच गई। हालांकि, इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। संवाद

अमर उजाला क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें-
1800-121-1166
मेडिकल
अन्य
दाद, खाज, खुजली सूखा एक्जिमा से न हो परेशान
क्लिफ मलहम
लगाने का मलहम है उचित समाधान
दवा क्लिफ मलहम मेडिकल स्टोर से लायें तुरन्त आराम पायें
ARPIKE 8859022222

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# तहसील, कस्बों व पुलिस चौकी पर मजिस्ट्रेट तैनात

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। होलिका दहन व शबे बरात तथा होली पर्व पर विशेष सतर्कता बरतने, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट रमेश रंजन ने पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती करते हुए कार्य क्षेत्र आवंटित किये हैं।

सभी तहसीलों के सम्पूर्ण क्षेत्र हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जनपद के समस्त नगर क्षेत्र हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील खड्डा एवं कप्तागंज तहसील क्षेत्र की पर्यवेक्षक अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी को नामित किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा व पडरौना के लिये पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवीदयाल वर्मा को नामित किया गया है। तहसील क्षेत्र तमकुहीराज एवं कसया वहीं कोतवाली व थानावार सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं। यह सभी प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 तक शिफ्टवार ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी किये जाने को जोनल अधिकारी भी नामित किये गए हैं जिसके अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी, एक्सईएन, तहसीलदार व बीडीओ को नामित किया गया है। वहीं 5 रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट व 5 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये गए हैं।

## कलक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम

कलेक्ट्रेट भवन में एक कण्ट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका सम्पर्क नंबर **05564-260590** आम लोगों के लिए जारी किया गया है। कण्ट्रोल रूम की प्रभारी उषा पाल खण्ड विकास अधिकारी नेबुआ नौरंगिया का मोबाइल नंबर भी लोगों की मदद के लिए जारी किया गया है। मोबाइल नंबर **9452061141** है।

# दरोगा से हाथापाई करने पर गिरफ्तार, वीडियो वायरल

पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाने के नायब दरोगा व कांस्टेबल से एक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई व नेम प्लेट तोडने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के ऊपर केस दर्जकर गिरफ्तार कर लिया है। नायब दरोगा होली के त्यौहार को लेकर शांति माहौल बनाए रखने की अपील करने गए हुए थे लेकिन आरोपी शराब के नशे में आकर भिड़ गया था।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुर्मी पट्टी गांव में थाने के नायब दरोगा देवेंद्र मिश्रा थाने के कांस्टेबल के साथ होली पर शांति बनाए रखने की अपील करने गए हुए थे। इसी दौरान गांव का पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य आ गया। किसी बात को लेकर वो अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।देखते ही देखते उसने दरोगा की नेम प्लेट भी उखाड़ दिया। बाद में अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंचे और उसे हिरासत में लेकर थाने आए। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया एसओ अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि दरोगा व कांस्टेबल के साथ मारपीट करने वाले के ऊपर मुकदमा दर्जकर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# कुशीनगर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**पडरौना।** रंगों का पर्व होली को लेकर कुशीनगर पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। एसपी धवल जायसवाल ने एडवाइजरी जारी करते हुये बताया कि वाहन शराब पीकर न चलाये। बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठकर न चलें। इन दोनों नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बिना रजामंदी जबरन रंग व अबीर व गुलाल न लगायें। सोशल मीडिया पर होली के नाम को लेकर किसी प्रकार का दुष्प्रचार न करें। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम व एसपी के नेतृत्व में किया पैदल मार्च

**पडरौना।** होली व शब-ए-बारात त्योहार के दृष्टिगत जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल द्वारा कोतवाली पडरौना क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए आमजन को जहां सुरक्षा का अहसास दिलाया वहीं अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश दिया।

पैदल मार्च के दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। वहीं आम जन को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

**विशुनपुरा संवाद** के अनुसार त्योहार में कहीं से कोई खलल न डाले इसके लिए जटहा बाजार पुलिस ने सोमवार शाम को क्षेत्र के सीमाओ पर बाइक रैली निकालकर लोगों को शांति व सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने का अपील किया। पुलिस ने रैली से एहसास कराया कि किसी के द्वारा त्योहार में अशांति फैलाया तो जेल जाना पड़ सकता है।

# 15 हजार के इनामी को भेजा जेल

नेबुआ नौरंगिया। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में नेबुआ नौरंगिया पुलिस गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

आरोपी वकारुल्लाह निवासी पिपरा बाजार के खिलाफ नेबुआ नौरंगिया थाने में चोरी के अलावा एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने वांछित को गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध किया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा गया था। सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# हेड कांस्टेबल से सरेआम भिड़ा युवक, की हाथापाई

- देर शाम होलिका स्थल के निरीक्षण के दौरान हुई घटना

**जागरण संवाददाता, कोटवा बाजार :** नेबुआ नौरंगिया के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मीपट्टी में सोमवार की रात नौ बजे होलिका स्थल का निरीक्षण करने गए हेड कांस्टेबल से नशे की हालत में एक युवक भिड़ गया। हाथापाई भी की। यह देख आसपास के लोग हैरान रह गए। पुलिस युवक को पकड़ थाने ले गई। देर रात हेड कांस्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

बताया जा रहा कि हेड कांस्टेबल देवेंद्र मिश्र अपने सहयोगी सिपाही अरविंद सिंह के साथ शाम को लगभग साढ़े छह बजे लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मीपट्टी पहुंचे। पुलिसकर्मी होलिका स्थल का निरीक्षण कर गांव के लोगों से शांतिपूर्वक माहौल में होलिका जलाने की अपील कर रहे थे। इस बीच आया शिब्बन हेड कांस्टेबल से उलझ गया। उसने हेड कांस्टेबल पर हाथ चला दिया। साथ रहे सिपाही अरविंद ने उसे पकड़ इसकी सूचना थाने में दी। विवाद की खबर पर एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिसकर्मी आरोपित को थाने ले गए।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

# 1.8 किग्रा गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मंसाछापर :** जटहाबाजार पुलिस ने क्षेत्र के सोनवल के समीप सोमवार को गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान कुतुबुद्दीन अंसारी निवासी सोहरौना थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। गांजे की खेप बिहार से पडरौना ले जाई जा रही थी। एसएचओ राजकुमार बरवार मातहतों संग पैदल गश्त कर रहे थे। इस बीच पैदल आए युवक को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो उसके झोले में गांजा मिला। गांजा की मात्रा एक किग्रा आठ सौ ग्राम पाई गई। एसएचओ ने बताया कि तस्कर गांजे की खेप गोपालगंज से पडरौना ला रहा था। उसके पडरौना तथा बिहार के गोपालगंज जिले के थावे में भी मुकदमा दर्ज है। (जासं)

# निकाली गई बाइक रैली दिया सुरक्षा की भरोसा

**जासं, पटहेरवा :** होली और शब-ए-बरात पर्व को मद्देनजर रखते हुए सोमवार को थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिसफोर्स के साथ क्षेत्र में बाइक से रैली निकाली गई तो सुरक्षा का अहसास कराया गया। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाने की अपील की गई। वहीं इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अगर किसी ने भी पर्व में खलल डालने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। अपराध निरीक्षक उमेश सिंह, एसआइ सुबास श्रीवास्त, शशांक राय, आशुतोष विश्वकर्मा, सुनील यादव, कांस्टेबल जयहिंद यादव, सोहित यादव, मुन्नर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सिपाही को किया सम्मानित

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** दिव्यांग को गोद में उठाकर एसपी आफिस तथा वहां से उनके गंतव्य तक पहुंचाने वाले सिपाही प्रदीप यादव को सोमवार को सम्मानित किया गया। एसपी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में उन्हें तीन हजार नकद तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि सम्मान व्यक्ति को और भी बेहतर करने को प्रेरित करता है।

दोपहर एक बजे एसपी आफिस में संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सिपाही की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए एसपी ने कहा कि दिव्यांग की मदद कर प्रदीप ने सुरक्षा के साथ सेवा के संकल्प का अनुपालन किया है। जिसकी उच्चाधिकारियों ने भी तारीफ की है। कहा कि इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी सीखें तथा और बेहतर करने का प्रयास करें। बता दें कि बीते शुक्रवार को 40 वर्षीय दिव्यांग शंकर निवासी हरका अपनी समस्या लेकर एसपी आफिस आए थे। सिपाही प्रदीप की नजर जब दोनों पैरों से दिव्यांग पर पड़ी तो वे गोद में उठाकर उन्हें एसपी के समक्ष ले गए। एसपी ने समस्या पूछ सीओ को तत्काल समाधान का निर्देश दिया। दिव्यांग की परेशानी देख सिपाही ने उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाया। दिव्यांग को गोद में लिए सिपाही की फोटो वायरल हो गई। सिपाही की संवेदनशीलता की लोगों ने सराहना की। पुलिस के उच्चाधिकारी तथा यूपी पुलिस ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर सिपाही की इस फोटो के साथ ट्विट कर लिखा..कदम कमजोर भी हो हौसला कम न रखना..जब तलक हम हैं कभी कोई गम न रखना।



सिपाही प्रदीप यादव को सम्मानित करते एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

# डीएम-एसपी ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

## इंटरनेट मीडिया की लगातार हो रही मानीटरिंग, अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** होली व शब-ए-बरात के मद्देनजर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व पीएसी के जवानों ने पडरौना नगर में सोमवार रात को पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराते हुए अधिकारियों ने अमन व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। डीएम ने कहा कि त्योहार एकता का संदेश देते हैं, सभी मिलजुल कर इसे मनाएं। एसपी ने कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। रात सात बजे डीएम-एसपी कोतवाली परिसर से सुभाष चौक पहुंचे। पीछे से पुलिस व पीएसी के जवान प्रशासन की ताकत का एहसास करवा रहे थे। सुभाष चौक से रामकोला रोड होते हुए बावली चौक, ईदगाह रोड,



पडरौना नगर मे पैदल मार्च मे शामिल दाएं से डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल एएसपी रितेश सिंह● जागरण

अस्पताल रोड होते हुए धर्मशाला रोड स्थित बाजार व तिलक चौक का अधिकारियों ने भ्रमण किया। रास्ते में नागरिकों से भेंट कर अधिकारियों ने उन्हें भाईचारे का पाठ पढ़ाया। डीएम ने कहा कि शब-ए-

**माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो सख्ती से पेश आएगी पुलिस : डीएम**

बरात मंगलवार को तथा होली का त्योहर बुधवार को मनाया जाएगा। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन संकल्पित है। एसपी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओर से माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आएगी। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी किसी को भावनाओं को आहत न किया जाए, इसके लिए लगातार मानीटरिंग कराई जा रही है। पैदल मार्च के दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह, कोतवाल राजप्रकाश सिंह तथा पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे। नगर समेत जिले भर में थानेदारों ने पैदल गश्त कर अराजकता बरतने वालों को सख्त संदेश दिया।

# होली के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन सतर्क

**मंसाछापर/जटहां बाजार।** जटहां बाजार थाने की पुलिस की तरफ से सोमवार की शाम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूट मार्च किया गया। इसमें लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए शांतिपूर्ण माहौल में लोगों से होली का त्योहार मनाने की अपील की गई। एसओ राजकुमार बरवार ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गंभीर है। अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखते आपसी सौहार्द के साथ लोग होली मनाएं। इसके बाद पुलिस ने मंसाछापर, सोनवल, चिरगोड़ा, भैरोगंज, कटाई भरपुरवा, पड़री पिपरपाती आदि प्रमुख बाजार और चौराहों पर रूट मार्च किया। संवाद

# गैंगस्टर व 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**पिपराबाजार:** नेबुआ-नौरंगिया पुलिस ने क्षेत्र के पिपरा बाजार से सोमवार को गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। वह काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी पहचान वकारूल्लाह निवासी पिपरा बाजार नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। होली के त्योहार को लेकर पुलिस ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव शाम को मातहतों संग पिपराबाजार में पैदल गश्त कर रहे थे। भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिसकर्मियों ने संदिग्धों की जांच की। इस बीच एक संदिग्ध भीड़ से भाग कर खेत की तरफ गया। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा।

# किन्नर बनकर वसूली करने वाले की पिटाई

**जागरण संवाददाता, खड्डा:** कस्बा में सोमवार को किन्नर का वेश धारण कर एक व्यक्ति लोगों से पैसा वसूल रहा था। इसकी भनक जब असली किन्नरों को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए। तथाकथित किन्नर को पकड़कर जमकर पिटाई की।

आसपास रहे लोगों ने बीच-बचाव कर नकली किन्नर को छुड़ाया, उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

तहसील मुख्यालय पर आए दिन नकली किन्नर बन लोगों से दुर्व्यवहार करने और जबरदस्ती पैसा वसूलने की शिकायत मिलती रहती थी। असली किन्नरों का समूह वेश बदलकर नकली को पकड़ने में जुटे थे।

उसी दौरान कस्बा के खड्डा-पडरौना मार्ग पर लोगों से पैसा मांगते हुए पकड़ लिया। किन्नरों ने कहा कि वसूली करने वाला किन्नर नहीं है।

किन्नरों का आरोप था कि आरोपित वेश बदलकर हमारी साख खराब कर रहा था। उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि चेतावनी देकर आरोपित अंगूर नामक युवक को शांतिभंग के आरोप में चालान किया गया है।

# कसया क्षेत्र में चार दिन से लापता युवक का शव मिला

## अंध्या गांव का था निवासी, परिवार के लोग कर रहे थे तलाश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मल्लूडीह।** चार दिन से लापता युवक का शव सोमवार को कुलकुला जंगल के पास टॉवर के नीचे मिला। मृतक की पत्नी ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

बताया जा रहा है कि अंध्या गांव के हतवा टोला निवासी विशंभर (27) चार दिन पहले नित्यक्रिया जाने के लिए कहकर घर से निकले थे। तभी से लापता थे। पत्नी और परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की। उसके बाद कसया थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**मौत के कारणों का पता नहीं चल सका, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

कुड़वा दिलीपनगर गांव के कुलकुला जंगल के निकट स्थित टॉवर के पास चरवाहों ने युवक का शव देखकर शोर मचाया। शव से दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलने पर एसएचओ डॉ. आशुतोष त्रिपाठी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन कोई पहचान नहीं पाया। बाद में मृतक की पत्नी इंदू देवी पहुंची और उसकी पहचान अपने पति विशंभर के रूप में की।

एसएचओ ने बताया कि युवक की मौत का कारण पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ बताया जा सकेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नकली किन्नर को असली किन्नरो ने पकड़ा

खड्डा। किन्नर बनकर होली की त्योहारी वसूल रहे युवक को असली किन्नरों ने पकड़ लिया। कुछ देर तक हंगामा करके किन्नरों ने उसे पुलिस को सौंप दिया।

सोमवार की दोपहर बाद खड्डा कस्बा में एक युवक महिलाओं के कपड़े में किन्नर की वेशभूषा में दुकानदारों होली की त्योहारी वसूलने पहुंचा। इसकी जानकारी होने पर वहां पहुंचे असली किन्नरों के दल ने उसे पकड़ लिया।

किन्नरों का कहना था कि वह पुरुष है। इसके बाद नाराज किन्नरों ने जमकर हंगामा किया और उसे घसीटते हुए थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया।

किन्नरों का कहना था कि ऐसे लोग गलत हरकत कर उनके समाज को बदनाम करते हैं। संवाद

# शहर में पुलिस ने संभाली व्यवस्था

**पडरौना** । शहर में भीड़ से हुई अव्यवस्था को पुलिस ने संभाला। दोपहर से लेकर शाम तक शहर की प्रमुख सड़कों पर लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ा।

सोमवार को बाजार में खरीदार पहुंचे तो जमकर भीड़ जुट गई। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

नगर से बाहर जाने वाले लोग घर के लिए सामान की खरीदारी करने बाजार में पहुंचे। संवाद

# धोखाधड़ी में कुशीनगर के इंजीनियरिंग के छात्र पर मुकदमा दर्ज

**अमरोहा।** गजरौला में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले कुशीनगर के छात्र ने अपने दोस्त से प्लॉट बेचने का झांसा देकर 2.36 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने इंजीनियरिंग के छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव फाजलपुर में मेघराज सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे परम सिंह की मुलाकात कुशीनगर जनपद के एकदंगा भजन छपरा कोहर गडही के रहने वाले अरविंद तिवारी से हुई थी। अरविंद तिवारी गजरौला के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करता था। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी।

आरोप है कि अगस्त 2022 को अरविंद तिवारी ने बाईपास रोड हिल्टन कान्वेंट स्कूल के सामने अपना प्लॉट बताते हुए बेचने का झांसा दिया। प्लॉट का सौदा सात लाख रुपये में तय हुआ। एक तिहाई धनराशि जमा करने के बाद रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई थी। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार

कोल्हुई। एसओ महेन्द्र यादव ने ककरहवा नहर पुलिया के पास अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान दो संदिग्धों की तलाशी ली। इस दौरान नशीली दवाएं बरामद हुई।

आरोपितों को दवाओं के साथ थाने लाकर पुलिस ने जब विस्तार से जांच की तो 1056 कैप्सूल एस्प्रोक्स व 1008 कैप्सूल स्पासपोक्सि प्लस निकला। आरोपितों की पहचान विजय चौहान निवासी मझौली व उमेश चंद यादव निवासी फुलवरिया के रूप में हुई है।

# नोडल अधिकारियों की देखरेख में होलिका दहन

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले में होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी गांव में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। जिले में सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से अधिकारी हर गांव की शांति व्यवस्था की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। सोमवार की देर शाम जिले में 1213 स्थानों पर नोडल अधिकारियों की देखरेख में होलिका दहन की निगरानी की गई। सुरक्षा व्यवस्था का यह पुख्ता प्रबंध सब-ए-बारात पर्व तक रहेगा।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि जिले में 1213 स्थानों पर होलिका स्थापित की गई थी। सात स्थानों पर जुलूस निकालने की सूचना मिली है। होली पर्व पर शराब के सेवन की संभावना अधिक बनी रहती है। इसको लेकर सभी थाना क्षेत्रों में विशेष रूप से एहतियात बरता जा रहा है। सेंट्रल कंट्रोल रूम के कर्मचारी सभी नोडल अफसरों से होलिका, होली व सब-ए-बारात पर्व पर समन्वय स्थापित करेंगी।

**शांतिभंग में 1952 के खिलाफ कार्रवाई:** त्योहार में शांति भंग के 177 मामले में जिले की पुलिस 1952 लोगों के खिलाफ 107/116 के तहत कार्रवाई की है। इसमें से 83 मामले में 928 लोगों को पांच-पांच लाख रुपए के बांड से पाबंद किया गया है। त्योहार में शांति व्यवस्था बिगाड़ने में अगर पाबंद लोगों की संलिप्तता मिली तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- होली पर्व को लेकर जिले के 1213 स्थानों पर नोडल अधिकारियों की तैनाती
- जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया

## होली पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध नहीं

एसपी ने बताया कि डीजे पर प्रतिबंध नहीं है, लेकिन अश्लील गीत बजने पर कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजे में साउंड को लेकर जो डेसीबल का मानक तय किया है उसका पालन कराया जाएगा। निर्धारित अवधि के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया सेल सक्रिय, आपत्तिजनक पोस्ट पर होगी कार्रवाई:** एसपी ने बताया कि होली व आगामी पर्व के मद्देनजर पुलिस की सोशल मीडिया टीम सक्रिय है। टीम के सदस्य सोशल मीडिया पर किए जाने वाले पोस्ट की निगरानी कर रही है। अगर कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अश्लील या आपत्तिजनक पोस्ट करेगा तो उस पर केस कर कार्रवाई की जाएगी।

**चक्रमण पर रहेगी क्यूआरटी:** जिले के सभी थानाक्षेत्रों के इतर जिले पर पुलिस की चार क्यूआरटी का गठन किया गया है। सभी क्यूआरटी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी।

Image

# छापेमारी में 65 कुंतल लहन व शराब बरामद

बृजमनगंज। बृजमनगंज क्षेत्र के परगापुर लोधपुरवा में सोमवार की शाम पुलिस ने छापेमारी की। एसओ संजय मिश्रा ने बताया कि परगापुर ताल के इर्द-गिर्द शराब बनाने की शिकायत पर हुई छापेमारी में लोधपुरवा में 65 लीटर लहन और 27 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

एसओजी को मिली कामयाबी, गोरखपुर का है गैंग का मास्टरमाइंड

# चेन स्नेचरों के गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले की पुलिस चेन स्नेचरों के अंतरजनपदीय गैंग का पर्दाफाश किया है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गैंग का मास्टरमाइंड गोरखपुर जिले का है। उसके खिलाफ दस आपराधिक केस दर्ज हैं। यह गैंग गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज के अलावा पूर्वांचल के कई जिलों में सक्रिय था। बाइक से छिनैती की घटना को गिरोह के सदस्य अंजाम देते थे। घटना के बाद बाइक के रंग को बदल देते थे।

पुलिस कार्यालय के सभागार में सोमवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह व सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य के साथ खुलासे की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 15 फरवरी को कोठीभार थानाक्षेत्र में एक महिला के गले से सोने की चैन की छिनैती हुई थी। सफेद रंग की बाइक पर सवार दो बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। केस दर्ज कर छानबीन शुरू हुई।

इस दौरान पता चला कि गोरखपुर, कुशीनगर जिले में भी इसी तरह की घटना हुई है। वहां की पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी ने खुलासा के लिए एसओजी प्रभारी आरके सिंह, स्वाट टीम प्रभारी संजय दूबे व कोठीभार थानाध्यक्ष मनोज कुमार रॉय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित किया। एडिशनल एसपी व सीओ निचलौल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम सोमवार को दोनों आरोपितों को कोठीभार थानाक्षेत्र के सिसवा के समीप खेखड़ा नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में एक ने अपना नाम अमन विश्वकर्मा निवासी पिपरदेउरा गांधीनगर सदर कोतवाली बताया। दूसरे का नाम मोनू भारती है। वह गोरखपुर जिले के प्रतापपुर थाना चिलुआतालका रहने वाला है। तलाशी में उनके कब्जे से चाकू, सोने की टूटी चेन, लॉकिट, मोबाइल, आधार कार्ड, बाइक व 12 सौ रुपया बरामद हुआ।



पुलिस कार्यालय के सभागार में सोमवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने चेन स्नेचरों की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

## मोनू भारती के खिलाफ दर्ज हैं 10 मुकदमे

अंर्तजपनदीय गैंग के मास्टरमाइंड मोनू भारती के खिलाफ कोठीभार, कैम्पियरगंज, गुलरिहा, गोरखनाथ, चिलुआताल, शाहगंज थाना में लूट, आर्म्स एक्ट के दस केस दर्ज है। कैम्पियरगंज क्षेत्र में तीन केस हैं। वहां गैंगेस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। जेल भी जा चुका है।

## 13 दिन पहले कोठीभार क्षेत्र में हुई थी छिनैती

कोठीभार के बीजापार की रहने वाली महिला के गले से सोने के चेन की छिनैती सिसवा कस्बे में राजजानकी मंदिर के समीप 21 फरवरी को हुई थी। वह अपनी बड़ी बेटी के साथ एक बैठक में जा रही थी। तभी बाइक सवार आए और गले से सोने की चेन को तोड़ लूट लिया और फरार हो गए।

# होलिका दहन में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**जागरण संवाददाता, चिउटहा :** होली आपसी रिश्ते व भाईचारे की भावना को मजबूती देने के साथ पर्यावरण से प्रेम करने का त्योहार है। आइए, इस बार पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएं।

यह बात दैनिक जागरण अभियान के तहत नवनिर्माण इंटर कालेज पिपरा के प्रधानाचार्य अरुण तिवारी ने कही। उन्होंने विद्यालय में दिन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कहा कि लकड़ी के बजाय गोबर के कंडों से होलिका दहन का संकल्प लें। इससे पर्यावरण संतुलित तो होगा ही, गोशालाओं की समृद्धि भी बढ़ेगी। कंडे के उपयोग से वातावरण में आक्सीजन का विस्तार व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वैदिक परंपरा में सदियों से पवित्र कार्यों और संस्कारों में कंडों का प्रयोग होता रहा है। गांव क्षेत्रों में कई जगह होलिका दहन होता है। कंडों की माला वातावरण शुद्ध बनाती है। कंडे की राख भी उपयोगी होती है। इसका उपयोग कई तरह के रोगों के उपचार में किया जाता है। इस अवसर पर आशुतोष सिंह बृजेश पटेल, संजय पटेल, पुरुषोत्तम चौधरी, अर्चना, विनीता तिवारी, रीना देवी मौजूद रहे।

# वसूली कर रहे नकली किन्नर की पिटाई

खड़ड़ा : कस्बा में सोमवार को किन्नर का वेश धारण कर एक व्यक्ति लोगों से पैसा वसूल रहा था। इसकी भनक जब असली किन्नरों को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए। तथाकथित किन्नर को पकड़कर जमकर पिटाई की।

# किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा

**जासं.निचलौल** : क्षेत्र के एक गांव का युवक, अपने ही गांव की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित अरमान के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी आनंद गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कंडों से सजीं होलिकाएं, पर्यावरण बचाने का संकल्प

## दैनिक जागरण की पहल पर जिले में लकड़ी की जगह कंडों की होलिका, लकड़ी का प्रयोग न करने का लोगों ने लिया निर्णय

**जागरण टीम, महराजगंज**: जिले के सभी निर्धारित स्थानों पर होलिका सजा दी गई। इस बार अधिकांश होलिकाओं में लकड़ी की जगह कंडों का प्रयोग हुआ है। होलिका दहन को लेकर दैनिक जागरण द्वारा चलाया गया अभियान भी रंग लाया है। महराजगंज, नौतनवा, पनियरा, निचलौल, आनंदनगर भिटौली सहित अन्य कस्बों में कंडा जलाने को लेकर नागरिक जागरूक हुए हैं। सभी लोगों ने पहल कर इस बार लकड़ी की जगह होलिका में कंडों का प्रयाग करने का संकल्प लिया और उसका पालन भी किया।



नौतनवा के श्री श्याम शक्तिधाम मंदिर मे होलिका दहन के लिए मारवाड़ी समाज को कंडा भेंट करते थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह • जागरण

नौतनवा संवाददाता के अनुसार सोमवार को श्री श्याम शक्ति धाम मंदिर के पुजारी धर्मराज मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा के उपरांत कांडों को होलिका पर अर्पित किया। नौतनवा के थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पवन बेरीवाला को कांडों से गुथी हुई माला भेंट करते हुए होली की शुभकामना दी। कहा कि पर्यावरण संरक्षण व पशुधन के लिए गोबर से बने कांडों की होलिका दहन करके परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने जागरण के अभियान कांडों की होलिका दहन कार्यक्रम की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने बताया कि मारवाड़ी समाज के लोग पूरे परिवार के साथ होलिका स्थल पर पूजा अर्चना किए। सुबह से ही गोबर से बने कंडे, माला, रोली, कुमकुम, फूल व चावल से होलिका पूजन किया गया। मारवाड़ी समाज में होलिका दहन नवविवाहित महिलाओं के लिए शुभ माना जाता है। इस दौरान दिनेश खेतान, विमल बेरीवाला, अमित सिंह मौजूद रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा क्षेत्र के डंडवार खुर्द में ग्रामीणों ने कंडे की होलिका जलाने का निर्णय लिया। जागरण की पहल को सराहनीय बताते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। एक मोहल्ला एक होलिका का बखान करते हुए ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक होलिका स्थापित की। समिति के अध्यक्ष रिंकू पांडेय ने कहा कि पहले लकड़ी, पुआल आदि डालकर होलिका जलाई जातीं थी। इस बार गांव में कंडे की होलिका जलाई जा रही है। समिति के मंत्री चुनचुन पांडेय, अश्वनी मिश्रा, उदयभान उपाध्याय, चुन्नीलाल, रामपाल उपाध्याय, शैलेश मिश्र, शैलेंद्र पांडेय ने कहा कि दैनिक जागरण की इस पहल से पर्यावरण सुरक्षित होगा।

निचलौल संवाददाता के अनुसार निचलौल के 13 वार्डों सहित तहसील के विभिन्न गांवों में होलिका समितियों के सदस्यों को गोबर से बने उपले देकर होलिका जलाने का आग्रह किया गया। दुर्गा प्रसाद अग्रहरि ने सभी समितियों से आग्रह किया कि लकड़ी की जगह गोबर से बने उपले ही डालकर होलिका जलाएं। आजाद नगर में सभासद मनीष खड़किया, मनोज कुमार ,रामानंद जायसवाल ने समितियों को कंडे दिए। वहीं श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने एक क्विंटल कंडा होलिका दहन के लिए दिया। लोगों ने शपथ लिया कि पर्यावरण बचाने के लिए गोबर के उपले की ही होलिका हर वर्ष जलाएंगे। इस दौरान मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने कंडे देकर पूजन अर्चन किया।

पनियरा संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत पनियरा के शीतलपुर में होलिका दहन के लिए लोगों को जागरूक किया गया। समय के साथ साथ क्षेत्रों का विकसित होना हर गांव मोहल्ले में होलीका का जलाने की तैयारी के लिए पहले से ही लोगों को जागरूक किया गया। दैनिक जागरण के अभियान एक होलिका एक मोहल्ला के फायदों पर बातचीत में राजेश्वर मद्धेशिया ने होलिका दहन के लिए कंडा रखवाया और इसके फायदे भी लोगों को बताया। देर रात कई जगहों पर होलिका दहन का परंपरागत आयोजन किया गया।

# चेन छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

- आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगी थी मंडल की टीम
- महराजगंज की एसओजी को मिली सफलता

**जासं, महाराजगंज** : जिले की एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) और स्वाट (स्पेशल विपंस एण्ड टैक्टिस) की संयुक्त टीम ने चेन छीनने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया है। नगर पालिका क्षेत्र के पिपरदेउरा गांव के रहने वाले अमन के साथ पकड़ा गया मास्टरमाइंड मोनू भारती गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र के प्रतापपुर का निवासी है। यह विभिन्न जिलों में घटनाओं को अंजाम देता था। सोमवार को दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में प्रेसवार्ता का मामले किया।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि कोठीभार थाना क्षेत्र के बीजापार खास की रहने वाली रंभा देवी का 21 फरवरी को सिसवा कस्बे के ईस्टेट चौक पर बाइक सवार दोनों आरोपितों ने चेन छीन लिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की। एसओजी और स्वाट टीम को भी पर्दाफाश के लिए लगाया गया। जांच में पता चला कि लूट करने वाले बदमाश सफेद रंग की बाइक से आए थे। यह भी पता चला कि सफेद रंग की एफजेड बाइक से मंडल के कुशीनगर, गोरखपुर सहित कई जनपदों में छिनैती व लूट की घटनाएं हुई हैं। पुलिस की जांच



तथागत सभागार में मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ और गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम ●जागरण

## मोनू गैंगस्टर, 12वीं का छात्र है अमन

गिरफ्तार दोनों आरोपितों में मोनू का जहां आपराधिक इतिहास है, वहीं वह गोरखपुर के कैंपियरगंज थाने का गैंगस्टर भी है। दूसरे आरोपित अमन ने इस बार यूपी बोर्ड में इंटर की परीक्षा दी है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि मोनू भारती के ऊपर गोरखपुर जिले के गोरखनाथ में दो मुकदमें, शाहपुर में एक लूट, चिलुआताल में एक, गुलरिहा में एक, दो महराजगंज में और कैंपियरगंज में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

आदि की घटनाओं में पहले भी कई बार जेल जा चुका है। तीन माह पहले ही वह जेल से बाहर आया था। लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम ने सोमवार की सुबह दोनों आरोपितों को कोठीभार थाना क्षेत्र के खेखड़ा नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से एक चाकू, तीन सोने की तीन अलावा 1200 रुपये नकदी बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि इन्हीं आरोपितों ने 21 फरवरी को कोठीभार के अलावा 29 जनवरी को गोरखनाथ गोरखपुर, 11 फरवरी को कुशीनगर जिले के पडरौना में तथा 15 फरवरी को सिंदुरिया थाना क्षेत्र के परसामीर में लूट की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपितों

# छापेमारी में 27 लीटर कच्ची बरामद, लहन नष्ट

बंगला चौराहा : बृजमनगंज थाना क्षेत्र के परगापुर और लोधपुरवा में सोमवार की शाम बृजमनगंज पुलिस ने कच्ची के खिलाफ अभियान चलाते हुए छापेमारी कर लहन नष्ट किया। 27 लीटर कच्ची बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि परगापुर ताल के आसपास छापेमारी की गई। 65 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। (जासं)

# कराया सुरक्षा का अहसास

संवाद न्यूज एजेंसी

खनुआ। सोनौली पुलिस क्षेत्र के हरदी डाली, कैथवलिया उर्फ बरगदही, खनुआ, सुकरौली उर्फ अरघा आदि गांवों में पुलिसकर्मियों ने बाइक से रूट मार्च किया। होली त्योहार को देखते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, खनुआ चौकी इंचार्ज गंगाराम, भगवानपुर चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

## रंग-गुलाल लगाकर जताई खुशी

**नौतनवां।** नगर के राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से फादर ऑफ इंडियन फार्मेसी महादेव लाल सराफ की जयंती मनाई गई। संस्था के निदेशक डॉ शोभा राम साहू ने छात्र-छात्राओं को महादेव लाल की जिंदगी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी प्रकट की। इस मौके पर अजीत प्रताप सिंह, छाया राठौर साहू, शनि, राघवेंद्र, रामचन्द्र आदि मौजूद रहे। संवाद

## मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**महराजगंज।** शहर के एक मैरेज हाल में मांगलिक समारोह के दौरान मामूली बात को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने कहा कि पीड़ित मदनलाल कसौधन निवासी अशोक नगर वार्ड नंबर पांच की तहरीर पर आरोपी ध्रुव कसौधन, रोहित कसौधन, सूरज और गोलू निवासी अशोक नगर वार्ड के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## मुनीब से मारपीट में तीन पर केस

**मुजुरी।** पनियरा थाना क्षेत्र के कुआचांप में स्थित देशी शराब की दुकान पर शनिवार को तोड़फोड़ करने तथा मुनीब से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मुनीब श्रवण जायसवाल की तहरीर पर नामजद तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# होली व शब-ए-बारात सौहार्द के साथ से मनाने की अपील

**नगर बाजार (एसएनबी)।** सोमवार को नगर थाना परिसर में  पीस कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान की अध्यक्षता मे की गयी। लोगो से रंगों का पर्व होली तथा शब-ए-बरात के त्योहार है आपसी भाईचारे तथा सौहार्द के साथ मनाने की लोगो से अपील किया।

उन्होंने लोगो से कहा कि ऐसा कोई कार्य न किया जाए, जिससे सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेगी। शराब की बिक्री प्रतिबंधित होगी। सभी ग्राम प्रधान त्योहार को लेकर अपने-अपने गांवों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। कहीं कोई समस्या आती है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें जिससे समय रहते उसका निस्तारण कराया जा सके। शांति व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस प्रशासन चौकस रहेगा फिर भी इसमें सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। अराजक तत्वों को चेतावनी दी कि यदि किसी ने शांति बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने कहा कि होलिका दहन जहां पूर्व में होता रहा है। वहीं पर करें अगर कोई समस्या है तो तत्काल अवगत कराएं। कोई भी व्यक्ति अगर संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। बाइक पर शराब के नशे में गाडी दौड़ाना, हुड़दंग काटना किसी भी प्रकार का नया जुलूस व डीजे पर अश्लील गाना बजाना पूर्णतया वर्जित है। बैठक में उप निरिक्षक श्रवण कुमार यादव, शशि शेखर सिंह, अनस अख्तर, उप निरिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, नियाज अहमद समेत कस्बा व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया होलिका स्थल का निरीक्षण




होलिका स्थल का निरीक्षण करते डीएम प्रियंका निरंजन साथ में एसपी आशीष श्रीवास्तव।

**बस्ती (एसएनबी)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल तथा बस स्टेशन का होलिका दहन के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से वार्ता करके उन्होंने जानकारी हासिल किया तथा मौके पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए नये एवं विवादित स्थलों पर होलिका दहन न करें।

होलिका में अनाधिकृत रूप से छप्पर, लकड़ी, गुमटी, तख्त आदि डालने पर या निर्धारित समय से पूर्व आग लगाने पर कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने होली जुलूस के मार्गो को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के लिए भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान अश्लील शब्दों का प्रयोग ना करें, अश्लील गाने न बजायें, धार्मिक स्थलों पर रंग, कीचड़ व गुब्बारा ना फेंके। दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालको से चंदा वसूलने पर कार्यवाही की जाएंगी। तेज आवाज में लाउड स्पीकर का प्रयोग न करे, अजान/नमाज के समय मस्जिदों से गुजर रहे होली जुलूस में बैण्डबाजा, लाउडस्पीकर बन्द कर दें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून एव शान्ति व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं सभी नगरपंचायतों को निर्देशित किया है कि जलापूर्ति तथा साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने चारो खण्ड के अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। खाद्य एवं औषधि अधिकारी को निर्देशित किया है कि मिलावटी खाद्य पदार्थो पर रोक लगाये। सीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी पीएचसी/सीएचसी पर डाक्टर, स्टाफ एवं औषधि की उपलब्धता बनाये रखें तथा आपातकालीन सेवा के साथ-साथ नेत्र विशेषज्ञ की उपलब्धता बनाये रखें। इसके अलावा कोतवाली में एक एंबुलेन्स खड़ी रखें।

# पुलिस ने किया मार्च

**छावनी(एसएनबी)।** होली एवं शब ए बरात त्यौहार के मद्देनजर थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय के नेतृत्व में थाने के अलावा पुलिस चौकी विक्रमजोत एवं केनौना के जवानों ने क्षेत्र के अमोढा, विक्रमजोत, केनौना, डुहवा, बबुरहवा सहित तमाम कस्बों एवं गांवों में मार्च किया। थानाध्यक्ष ने सभी लोगो से होली का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होने प्रधानों से अपील किया कि गांव में बैठक कर कपडा फाडने जैसे असामाजिक कार्यो पर रोक लगाएं। उन्होने कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। अराजक तत्वो पर निगाह रहेगी।

# पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बभनान(एसएनबी)।** स्थानीय चौकी परिसर में सोमवार को गौर के थानाध्यक्ष बृजेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। थानाध्यक्ष ने होली एवं शब ए बरात त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया। उन्होने शासन की गाइड लाइन के बारे में लोगो को अवगत कराया। चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि समाज में अराजकता फैलाने वाले लोगो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी घटना की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में राधेश्याम जायसवाल, विजय गुप्ता, नूर आलम, महबूब आलम, सफीउल्लाह खान, सुनील यादव, पारस यादव, बलजीत, अमित पाण्डेय, राजेश गुप्ता, महेश जायसवाल, राजू सोनी, नंदलाल, सुनील गुप्ता, शिवकुमार, अशोक कुमार, दिलीप पाठक, अजय तिवारी, तिलकराम, अनिल यादव, श्याम सुंदर, अनिल कुमार, राजेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनने के आरोप में केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने मोबाइल छीनने की घटना में मुकदमा कायम किया है। अम्बेडकरनगर के महरुआ गोला थानांतर्गत उदयपुर निवासी ज्ञानंजय सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि 11 फरवरी को रामलीला मैदान दुबौलिया के पास से बाइक सवार दो लोगों ने उनका मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट व छेड़खानी में दो नामजद

**बस्ती।** लालगंज थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि गन्दा पानी बहाने से मना करने पर गांव के रामरूप व उनके भांजे ने मारने के लिए दौड़ा लिया और जानमाल की धमकी दी गई। उनके साथ अश्लील हरकत भी की गई। घर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट, दो नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पारिवारिक विवाद की बात को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के दसिया धोबहा टोला गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर लक्ष्मी शंकर पाण-डेय को आरोपी कमलेश व उसकी पत्नी पुष्पा पाण्डेय ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित लक्ष्मी शंकर पाण्डेय पुत्र रामदुलारे पाण्डेय निवासी दसिया धोबहा टोला थाना रुधौली कमलेश पांडेय पुत्र लक्ष्मी शंकर पाण्डेय, पुष्पा पांडेय पत्नी कमलेश पाण्डेय निवासीगण दसिया टोला धोबहा थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक पर चोरो की नजर गाड़ी और मौके मिलते ही उसे चोरी कर फरार हो गया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती क्षेत्र के राजा मैदान स्थित मोहम्मद अरसद अपनी बहन के घर आया हुआ था। जहां पर अपनी बाइक संख्या यूपी 53 एयू/ 4054 खड़ी कर रखी थी। इस दौरान अज्ञात चोरो की नजर बाइक पर पड़ गयी और उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित मोहम्मद अरशद पुत्र सफेदी निवासी इलाही बाग थाना तिवारी पुर जनपद गोरखपुर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्या कर शव छिपाने का आरोप, केस

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने हत्या कर शव छिपाने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी थाने के लालपुर पंडित निवासी रामसमुझ का आरोप है कि दो जून 2022 को उनका भांजा पंकज (18) घर के दरवाजे पर सो रहा था। इसी दौरान कुछ लोग उसे उठकर कहीं ले जाने लगे, यह देख रोकाटोका तो बोले कि अभी लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव निवासी संतराम, उर्मिला, सुनीता, अंकित समेत सात नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ आईपीसी 302, 201, 120बी के तहत केस दर्ज किया है।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

## शिकंजा

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया है कि संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र का रहने वाला आरोपी छोटू वर्तमान में जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र में रह रहा था। मुकदमे में उसकी तलाश जारी थी। टीम ने सोमवार को संतकबीरनगर बखिरा से उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी छोटू नाबलिग लड़की को शादी करने की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मामले में परिजनों को तहरीर पर उसके खिलाफ अगवा करने के साथ ही रेप, मारपीट, धमकाने व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया था।



पुरानी बस्ती पुलिस की गिरफ्त में रेप का आरोपी।

सोमवार को पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी अपने संतकबीरनगर बखिरा स्थित आवास पर मौजूद है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी प्लास्टिक कामप्लेक्स सुदीप यादव, हेड कांस्टेबल फयानाथ भास्कर, कांस्टेबल बृजेश गौड़ और महिला कांस्टेबल प्रियंका त्रिपाठी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का मुकदमा

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का केस कायम किया है। 38 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन लोगों ने 18 जुलाई 2022 को उनके साथ बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि रामू, समयदीन और रामदास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच महिला निरीक्षक अनीता यादव को सौंपी गई है।

# लूट की फर्जी सूचना पर दौड़ती रही पुलिस

सल्टौआ। सोनहा पुलिस फर्जी लूट की सूचना पर रविवार की रातभर हलकान रही। डायल 112 पर रविवार की रात करीब एक बजे किसी ने सूचना दी कि उसके घर में डकैती पड़ गई है। खबर थाने पहुंची तो हड़कंप मच गया। तत्काल हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंची तो सूचना फर्जी निकली और राहत की सांस ली।

सोनहा थाना क्षेत्र के परसोहिया मिश्र गांव निवासी दुर्गा प्रसाद ने रविवार की रात एक बजे डायल 112 पर डकैती की सूचना दी। थोड़ी ही देर में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह दल-बल के साथ गांव में पहुंच गए। सूचना देने वाले के घर पहुंचे तो पता चला कि भूमि विवाद का मामला है और डकैती की सूचना फर्जी है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्र से उनके पट्टीदारों का भूमि विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दुर्गा प्रसाद ने रात में घर पर डकैती डालने की फर्जी सूचना दी थी। दुर्गा प्रसाद मौके पर मौजूद भी नहीं मिला।

वर्तमान में वह अयोध्या में हैं। फर्जी सूचना देने के मामले में उनके उपर कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिभंग की आशंका में एक का चालान

बनकटी। लालगंज पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में एक व्यक्ति का चालान किया है। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र के महसो चौकी प्रभारी ने शान्ति व्यवस्थाभंग होने की आशंका में इसी थाना क्षेत्र के साहूपार निवासी विशाल तिवारी को गिरफ्तार किया। शांतिभंग की एसडीएम सदर के न्यायालय भेज दिया गया।

# हुड़दंग करने वालों संग सख्ती से निपटेगी पुलिस

## सतर्कता

बस्ती, निज संवाददाता। 'बुरा न मानो होली है' इस फार्मूले पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि होली जीभर के खेलें, लेकिन आपकी हरकत से अगर किसी तरह के विवाद की स्थिति बनती है तो पुलिस इसका बुरा मानेगी और एक्शन भी लिया जाएगा। एक-दूसरे की सहमति से रंग लगाकर, नाच-गाकर खुशी मनाएं, लेकिन किसी को जबरदस्ती या यूं कहें कि उसकी इच्छा के विरूद्ध रंग न लगाएं। साथ ही अगर किसी तरह का हुड़दंग होता है तो त्वरित कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें।

मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस की टीमें अलर्ट मोड में रहेंगी। ड्रोन की मदद से भी पुलिस ऐसे इलाकों पर नजर रखने की योजना बना रही है। आठ मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। इसी प्रकार ग्रामीण इलाकों में चौकीदारों को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। अपने-अपने गांव में तैनात चौकीदार थानों को अपडेट करेंगे। बीट के दरोगा व सिपाही भी होली पर्व के दौरान लगातार सक्रिय रहकर अराजक तत्वों पर नजर रखेंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ ही हुड़दंग करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए स्पेशल टीमें भी थानों पर गठित कर दी गई हैं।

- 'बुरा न मानो होली है' के फार्मूले पर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता तैयारी की
- सड़क से लेकर गलियों तक में सादी वर्दी में भी सक्रिय रहेंगी पुलिस की टीमें

"रंगों के पर्व होली को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। अराजक तत्वों व हुड़दंग करने वालों पर नजर होगी।

– आशीष श्रीवास्तव, एसपी बस्ती

# आवासीय पट्टे पर 11 साल बाद मिला कब्जा

कुदरहा। पात्र व्यक्ति को 11 साल बाद आवंटित भूमि पर तहसील प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटवा कर कब्जा दिलाया। ब्लॉक के शंकरपुर गांव में ग्राम समाज की भूमि का सीमांकन कर आवंटी मालती देवी को कब्जा दिलवाया गया। इस भूमि का आवासीय पट्टा 2012 में मालती देवी पत्नी लक्ष्मन को दिया गया था। उनके पड़ोसी की ओर से अतिक्रमण कर इस पट्टा शुदा भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया था। अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम सदर शैलेश कुमार दूबे ने रविवार को नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल को राजस्व टीम के साथ मौके भेजा।

## चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए हाईकोर्ट पहुंचे चौकीदार

# याचिका दायर कर 255 चौकीदारों ने मांगी नौकरी

**बस्ती, निज संवाददाता।** हाईकोर्ट इलाहाबाद में याचिका दायर कर जिले के 255 ग्राम पहरियों (चौकीदार) ने चतुर्थ श्रेणी पद की नौकरी मांगी है। नारायण यादव बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में डीएम बस्ती को भी प्रतिवादी बनाया गया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर डीएम ने सभी थानाध्यक्षों से चौकीदारों के संबंध में छह बिन्दुओं पर रिपोर्ट मांगी है, जिसके सापेक्ष हाईकोर्ट में जवाब देना है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में बस्ती के चौकीदार नारायण यादव के साथ 255 अन्य ने याचिका संख्या 61798 दाखिल किया है। अपनी याचिका में चौकीदारों ने यह मांग किया है कि पुलिस विभाग उनसे चतुर्थ श्रेणी कर्मी के तौर नियुक्ति दें। क्योंकि उनसे चतुर्थ श्रेणी कर्मी के तौर पर काम लिया जाता है। इसके एवज में उन्हें बहुत कम मानदेय 1500 रुपया मिलता है। ऐसे में उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मी के तौर मानते हुए काम लिया जाए और समान वेतन भी दिया जाए। याचिका के सापेक्ष राज्य सरकार और डीएम की तरफ से काउंटर दाखिल किया जाना है। काउंटर दाखिल करने के लिए डीएम ने सभी थानाध्यक्षों से छह बिन्दुओं पर रिपोर्ट मांगा है।

**15** सौ रुपये ड्यूटी के एवज में मिलता है मानदेय के रूप में चौकीदारों को

- कोर्ट ने डीएम से मांगा शासन और प्रशासन का पक्ष
- जिलाधिकारी ने चौकीदारों के संबंध में मांगी आख्या

**एक माह में कितने दिन देते हैं ड्यूटी :** डीएम ने थानेदारों से पूछा है कि चौकीदार एक माह में कितने दिन थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। थाने पर उपस्थित प्रहरियों से कितने घंटे कार्य लिया जाता है। ग्राम प्रहरियों को पुलिस बीट के दौरान भेजा जाता है। क्या ग्राम प्रहरियों से चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की तरह पूरे माह नियमित काम लिया जाता है। इस समय ग्राम उनको मानदेय के तौर पर कितनी धनराशि मिल रही है। उन्हें थानों में निर्धारित कार्य दिवस के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना, हताहत होने, अग्निकांड, शव निस्तारण आदि के लिए अलग से बुलाया जाता है।

> ग्राम प्रहरियों की तरफ से हाईकोर्ट इलाहाबाद में दायर याचिका के संबंध में प्रति शपथ/ काउंटर दाखिल करना है। इस संबंध में सभी थानाध्यक्षों से छह बिन्दुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। लौटती डाक से सूचना न देने वाले एसओ के खिलाफ कार्रवाई होगी।
>
> – **प्रियंका निरंजन** : डीएम

# कोर्ट के आदेश पर नौ लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा

**जासं, बस्ती:** पैकोलिया थाने के लालपुर पंडित गांव के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात नामजद सहित नौ लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के रामसमुझ के अनुसार दो जून 2022 की देररात 11.30 बजे दरवाजे पर सो रहा उनका 18 वर्षीय भांजा पंकज उठकर कहीं जाने लगा तो उन्होंने उससे पूछा कि इतनी रात में कहां जा रहे हो तो पंकज ने कहा कि अभी आ जाएंगे। इसके बाद उनका भांजा रात में वापस ही नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में उसका शव किसान इंटर कालेज के पास संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत उनके भांजे पंकज की विपक्षीगणों द्वारा हत्या की गई है। पुलिस ने मामले में कोर्ट के आदेश के क्रम में संतराम, उसकी पत्नी सुनीता, पुत्र अंकित सहित सात नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या, साजिश और साक्ष्य मिटाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।



जिला अस्पताल चौराहे पर स्थापित होलिका दहन स्थल पर पहुंची डीएम ने ली जानकारी।

## हाथरस व मथुरा का गुलाल होली में भरेगा रंग

बाजार में हाथरस व मथुरा का गुलाल होली में रंग भरेगा। खुशबूदार गुलाल की मांग अधिक है। गांधीनगर के दुकानदार अनुपम गुप्ता व नई बाजार के विकास गुप्ता ने बताया कि होली में पिचकारी की मांग अधिक है। 10 रुपये से लेकर 350 रुपये तक की पिचकारी है। गुलाल 10 रुपये पैकेट से 100 रुपये तक उपलब्ध है। राजस्थानी टोपी व पगड़ी की धूम है। बाल वाले टोपी की मांग अधिक है।

# छप्पर, गुमटी व तख्त डाला तो होगी कार्रवाई

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीएम प्रियंका निरंजन एवं एसपी आशीष श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल तथा बस स्टेशन का होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बात कर पुराने समय की जानकारी ली। मौके पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

डीएम ने लोगों से अपील किया है कि होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनावें। नये एवं विवादित स्थलों पर होलिका दहन न करें। होलिका में अनाधिकृत रूप से छप्पर, लकड़ी, गुमटी, तख्त आदि डालने पर या निर्धारित समय से पहले आग लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। होली जुलूस के मार्गो को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। होली के दौरान अश्लील शब्दों का प्रयोग ना करें। अश्लील गाने न बजावें। धार्मिक स्थलों पर रंग, कीचड़ व गुब्बारा न फेंके। दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालको से चंदा वसूलने पर कार्रवाई होगी। तेज आवाज में लाउड स्पीकर का प्रयोग न करे। अजान व नमाज के समय मस्जिदों से गुजर रहे होली जुलूस में बैण्डबाजा, लाउडस्पीकर बन्द कर दें। डीएम ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून एव शान्ति व्यवस्था बनाए रखें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं सभी नगर पंचायतों को निर्देशित किया है कि जलापूर्ति तथा साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें। चारों खण्ड के अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

# जान से मारने की नीयत से कसा गला, केस

**बस्ती।** किशोर को जान से मारने की नीयत गला कसने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने के मलौली दूबे निवासी कौशल किशोर दूबे का आरोप है कि पांच मार्च को उनके घर की छत के रास्ते सीढ़ी से एक युवक घर में घुस गया। जान से मारने की नीयत से रस्सी उनके नाती प्रवीन के गले में कस दी। पुलिस ने आरोपी ऋषभ उर्फ रिशू दूबे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# चोर कहकर पीटा, पांच पर मुकदमा

**बस्ती।** गौर पुलिस ने चोर के शक में पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। पैकोलिया थाने के बेलवरिया निवासी मोहनी पत्नी राममूरत ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बभनगावां चौराहा पर उनके बेटे को चोर कहकर पांच लोगों ने पकड़ लिया। थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर बभनगावां कला निवासी मातादीन, योगेन्द्र चौधरी, घनश्याम चौधरी, दीपू पांडेय और बेलवरिया जंगल निवासी बब्बू चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# रुपये हड़पने के आरोप में मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली पुलिस ने रुपया हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। सोनूपार निवासी रंजीत द्विवेदी का आरोप है कि वाल्टरगंज थाने के पिपराजप्ती निवासी रामनारायण शुक्ल ने आर्डर कर एक लाख 44 हजार 750 रुपये का सामान लिया। तीन चेक दिए। खाते में रकम न होने से चेक बाउंस हो गया। रकम मांगने पर जानमाल की धमकी दी गई।



पुलिस लाइन में पीआरवी की कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया।

# होली पर पीआरवी की हुई कार्यशाला

**बस्ती।** पुलिस लाइन में सोमवार को होली के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पीआरवी के जवानों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों की सभी पीआरवी के कुल 118 कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में निर्देशित किया गया कि निर्धारित प्वाइंट पर दृश्यमान स्थान पर सतर्क रहें।

# रुपये हड़पने का आरोप, केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने पैसा हड़पने के आरोप में केस दर्ज किया है। सोनूपार निवासी रंजीत द्विवेदी का आरोप है कि वाल्टरगंज थाने के पिपराजप्ती निवासी रामनारायण शुक्ल ने आर्डर करके 144750 रुपये का सामान लिया। इसके बदले में तीन चेक दिए। लेकिन खाते में पैसा न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# विवादित भूमि को लेकर मारपीट में मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर शकुन्तला देवी निवासी हलुआपार हालमुकाम पिकौरा दत्तुराय ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने सोलह फरवरी को एक राय होकर विवादित जमीन पर निर्माण से मना करने पर अपशब्द कहा और बाहर खड़ा ऑटो रिक्शा पलट दिया। पुलिस ने पिकौरा दत्तुराय निवासी सुखदेव, रवि सिंह, गिरजा सिंह, जतिन सिंह व रतन सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डीएम व एसपी ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

- **होलिका दहन में छप्पर, लकड़ी और गुम्टी डालने वालों पर होगी कार्रवाई**
- **होली का त्योहार शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं**

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल व बस स्टेशन के पास होलिका दहन के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से वार्ता करके जानकारी हासिल की। मौके पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।



सदर अस्पताल चौराहे पर होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव और अन्य ● सौ.सूचना विभाग

जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि होली का त्योहार शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए नये एवं विवादित स्थलों पर होलिका दहन न करें। होलिका में अनधिकृत रूप से छप्पर, लकड़ी, गुमटी, तख्त आदि डालने पर या निर्धारित समय से पूर्व आग लगाने पर कार्रवाई की जाएगी।

होली जुलूस के मार्गों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के लिए भी निर्देश दिया है।

कहा कि होली के दौरान आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग न करें, अश्लील गाने न बजाएं, धार्मिक स्थलों पर रंग, कीचड़ व गुब्बारा न फेंके। दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालकों से चंदा वसूलने पर कार्रवाई की जाएगी। तेज आवाज में लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें, अजान/नमाज के समय मस्जिदों से गुजर रहे होली जुलूस में बैंडबाजा, लाउडस्पीकर बंद कर दें। उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं सभी नगर पंचायतों को निर्देशित किया है कि जलापूर्ति तथा सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें। चारों खण्ड के अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

खाद्य एवं औषधि अधिकारी को निर्देशित किया है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाएं। सीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी पीएचसी/सीएचसी पर डाक्टर, स्टाफ एवं औषधि की उपलब्धता बनाए रखें तथा आपातकालीन सेवा के साथ-साथ नेत्र विशेषज्ञ की उपलब्धता बनाए रखें। इसके अलावा कोतवाली में एक एंबुलेंस खड़ी रखें।

# डकैती की सूचना निकली झूठी, परेशान रही पुलिस

**जासं, सोनहा, बस्ती** : सोनहा थानाक्षेत्र के परसोहिया मिश्र गांव निवासी एक व्यक्ति ने रविवार की रात एक बजे डायल-112 को सूचना दी कि उनके घर कुछ लोग डकैती डालने आए हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए डायल-112 पुलिस के साथ ही प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह भी पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंच गए।

पुलिस टीम जब कालर के घर गई तो घर पर कोई नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्र का उनके पट्टीदारों से भूमि विवाद चल रहा है। जांच में पता चला कि दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को फर्जी सूचना दी थी। वह खुद गांव में मौजूद नहीं हैं। पता चला है कि वह इस समय अयोध्या में हैं। फर्जी सूचना देने के मामले में उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

**बस्ती :** हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। 38 वर्षीय पीड़िता का आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन लोगों ने 18 जुलाई 2022 को उनके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि राम्मू, सम्मयदीन और राम्मदास के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म व जानलेवा हम्मले की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर माम्मले की विवेचना महिला निरीक्षक अनीता यादव को सौंप दी गई है। (जासं)

# बाइक चोरी के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** गोरखपुर के जनपद के तिवारीपुर थानांतर्गत इलाही बाग निवासी मो. अरशद ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी बस्ती थाने के राजा मैदान मोहल्ले के पास उनकी बहन का घर है। वह 15 फरवरी को बहन से मिलने उनके घर आए थे। घर के बाहर उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की थी जो चोरी हो गई। पुलिस अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है। (जासं)

# मारपीट में दो पर मुकदमा

**बस्ती :** लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गंदा पानी बहाने से मना करने पर गांव के रामरूप व उनके भांजे ने उन्हें मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया और जानमाल की धमकी दी।। उनके साथ अश्लील हरकत भी की गई। घर में तोड़फोड़ भी किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती योगेश सिंह ने बताया कि संतकबीर नगर के बखिरा थाने के धोबहा गांव व हाल मुकाम पैकोलिया थानाक्षेत्र के बेलसड़ निवासी आरोपित छोटू पुत्र सुभाष उर्फ मकारु को सोमवार को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। बताया कि आरोपित के खिलाफ नाबालिग को अपहृत करने व शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्लास्टिक कांप्लेक्स चौकी प्रभारी सुदीप यादव, हेड कांस्टेबल फयानाथ भास्कर, कांस्टेबल बृजेश गौड़ व महिला कांस्टेबल प्रियंका त्रिपाठी शामिल रहीं।

# शांति व सद्भाव के साथ मिलजुल कर मनाएं होली



रुधौली में त्योहार के मद्देनजर पैदल गस्त करते रुधौली थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस बल ● जागरण

**जागरण टीम, बस्ती:** होली पर्व को लेकर जिले में कई स्थानों पर शांति समितियों की बैठक की गई। इसमें पुलिस अधिकारियों सभी से शांति व सद्भाव के साथ मिलजुलकर होली मनाने का अनुरोध किया। वहीं कुछ स्थानों पर पुलिस पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

छावनी के थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय और उनकी टीम ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों से रंगों के पर्व को शांति के साथ मनाने की अपील की। बताया कि 79 ग्राम पंचायतों के सभी ग्राम प्रधानों व कोटेदारों को निर्देशित कर दिया गया है कि गांव में कहीं भी कपड़ा फाड़ होली नहीं होगी। हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

रुधौली थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने पुलिस बल के साथ सोमवार को थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बों में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला और कहा कि होली रंगों का त्योहार है, इसे मिल जुलकर मनाएं।

नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान ने कहा कि रंगों का पर्व होली सद्भाव के साथ मनाएं। पुलिस कर्मियों से कहा कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। ऐसा कोई कार्य न किया जाए, जिससे सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने कहा कि होलिका दहन जहां पूर्व में होता रहा है वहीं पर होना है। शराब के नशे में गाड़ी दौड़ाने, हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव, शशि शेखर सिंह, अनस अख्तर, प्रदीप कुमार सिंह, नियाज अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लालगंज पुलिस चौकी पर शांति समिति की बैठक में चौकी इंचार्ज छोटेलाल सिंह त्योहार को लेकर पुलिस विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश से अवगत कराया।

बभनान पुलिस चौकी पर शांति समिति की बैठक में प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल ने शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों की जानकारी दी। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए अपील किया। चौकी प्रभारी बभनान धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि यदि कोई अफवाह फैलाता है या फिर त्योहार में खलल डालता है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। राधेश्याम जायसवाल, विजय गुप्ता, नूर आलम, महबूब आलम उर्फ बब्बू खान, सफीउल्लाह खान, सुनील यादव आदि थे।

# मोबाइल छीनने में मुकदमा

**बस्ती :** दुबौलिया पुलिस ने मोबाइल छीनने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। आंबेडकरनगर के महरुआ गोला थानांतर्गत उदयपुर निवासी ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 फरवरी को रामलीला मैदान दुबौलिया के पास से बाइक सवार दो लोगों ने उनका मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। (जासं)

# चोर कहकर पीटा, पांच के विरुद्ध मुकदमा

**बस्ती :** गौर पुलिस ने चोर के शक में पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थाने के बेलवरिया गांव की रहने वाली मोहनी पत्नी राममूरत ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बभनगावां चौराहा पर उनके बेटे को चोर कहकर पांच लोगों ने पकड़ लिया। दुकान के बगल में खाली कमरे में ले जाकर मारापीटा, जिससे गंभीर चोट आई। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर बभनगावां कला निवासी मातादीन, योगेंद्र चौधरी, घनश्याम चौधरी, दीपू पांडेय और बेलवरिया जंगल निवासी बब्बू चौधरी पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। (जासं)

# पीआरवी कर्मियों की कार्यशाला में दिए गए जरी सुझाव

**जासं, बस्ती:** यूपी-112 के जवानों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने व होलिका दहन और होली के दौरान पीआरवी की भूमिका को लेकर जिला प्रशिक्षण इकाई द्वारा पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीआरवी कर्मियों को जरूरी सुझाव भी दिए गए। कार्यशाला में सभी पीआरवी के कुल 118 कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 राणा देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पीआरवी कर्मचारी साफ-सुथरी अच्छी वर्दी धारण करें। अपने-अपने पीआरवी वाहन की साफ-सफाई एवं अन्य उपकरणों की नित्य जांच करें।

# गला कस कर जान से मारने का प्रयास,मुकदमा

**बस्ती :** छावनी पुलिस ने एक किशोर को जान से मारने की नीयत गला कसने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मलौली दूबे गांव निवासी कौशल किशोर दूबे ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पांच मार्च को उनके घर की छत के रास्ते सीढ़ी से एक युवक घर में घुस गया। जान से मारने की नीयत से रस्सी उनके नाती प्रवीन के गले में कस दी। चीखने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित ऋषभ उर्फ रिशू दूबे के विरुद्ध घर में घुसकर जानलेवा हमला और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# जान से मारने की नीयत से कसा गला, केस

**बस्ती।** किशोर को जान से मारने की नीयत गला कसने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने के मलौली दूबे निवासी कौशल किशोर दूबे का आरोप है कि पांच मार्च को उनके घर की छत के रास्ते सीढ़ी से एक युवक घर में घुस गया। जान से मारने की नीयत से रस्सी उनके नाती प्रवीन के गले में कस दी। पुलिस ने आरोपी ऋषभ उर्फ रिशू दूबे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# चोर कहकर पीटा, पांच पर मुकदमा

**बस्ती।** गौर पुलिस ने चोर के शक में पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। पैकोलिया थाने के बेलवरिया निवासी मोहनी पत्नी राममूरत ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बभनगावां चौराहा पर उनके बेटे को चोर कहकर पांच लोगों ने पकड़ लिया। थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर बभनगावां कला निवासी मातादीन, योगेन्द्र चौधरी, घनश्याम चौधरी, दीपू पांडेय और बेलवरिया जंगल निवासी बब्बू चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# रुपये हड़पने का आरोप

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने रुपये हड़पने के आरोप में केस दर्ज किया है। सोनूपार निवासी रंजीत द्विवेदी का आरोप है कि वाल्टरगंज थाने के पिपराजप्ती निवासी रामनारायण शुक्ल ने ऑर्डर करके 1.44 लाख 750 रुपये का सामान लिया। इसके बदले में तीन चेक दिए, लेकिन खाते में पैसा न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पैसा मांगने पर जानमाल की धमकी देने लगे। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। संवाद

# किशोरी को अगवा करने में दो महिलाओं पर केस

**बस्ती।** गौर पुलिस ने एक किशोरी को अगवा करने के मामले में दो महिलाओं पर केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर बताया है कि चार मार्च को उनकी सत्रह वर्षीय बेटी को दो अज्ञात महिलाएं बहला-फुसलाकर अपने साथ सूरत ले गईं। पुलिस ने आईपीसी 363 के तहत केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

# कलवारी व छावनी थाना जनता की नजर में अव्वल

## फीडबैक

बस्ती, निसं। जिले में कलवारी और छावनी थाना अलग-अलग रेटिंग सिस्टम में शीर्ष पर रहे। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में प्रथम पांच रैंक हासिल करने वाले थानों को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने क्राइम मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही बॉटम पांच आए थानों के प्रभारियों को चेतावनी दी गई है।

जनवरी 2023 में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं के निस्तारण व जनता के प्रति व्यवहार पर डायरेक्ट पोल, ट्वीटर पोल के अलावा आईआरसीएस, एफआईआर व पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन के माध्यम से जनपद बस्ती के सभी थानों का परिणाम तैयार किया गया। पुलिस कार्यालय के अनुसार थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव को प्रथम स्थान मिला है। थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह को दूसरा स्थान, थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय को तीसरा स्थान मिली है। थाना वाल्टरगंज के प्रभारी रहे योगेश सिंह को चौथा स्थान और थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद को पांचवा स्थान मिला। जनता के ज्यादा करीब रहने वाले दो पिलर्स एफआईआर व आईजीआरएस की रेटिंग में प्रथम स्थान पर छावनी, दूसरे स्थान पर लालगंज, तीसरे स्थान पर नगर, चौथे स्थान पर मुण्डेरवा और पांचवें स्थान पर दुबौलिया थाना रहा। क्राइम मिटिंग में एसपी स्तर से इन थानों के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। बॉटम पांच में थाना रुधौली, गौर, कोतवाली, कप्तानगंज व पुरानी बस्ती थाना रहा।

# मिलकर मनाएं त्योहार समाज को दें आपसी सौहार्द बढ़ाने का संदेश



नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाना परिसर में सोमवार को शांति सुरक्षा कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान की अध्यक्षता में हुई। सीओ ने कहा कि होली के साथ शब-ए-बरात त्योहार है, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। ऐसा कोई कार्य न किया जाए, जिससे सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। सभी ग्राम प्रधान त्योहार को लेकर अपने-अपने गांवों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। थानाध्यक्ष ने कहा कि होलिका दहन जहां पूर्व में होता रहा है वहीं करें। अगर कोई समस्या है तो तत्काल अवगत कराएं। कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव, शशि शेखर सिंह, अनस अख्तर, प्रदीप कुमार सिंह, नियाज अहमद समेत कस्बे व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। संवाद

# आधी रात को दे दी लूटपाट की सूचना निकला जमीनी विवाद

**सल्टौआ।** घर में लूटपाट करने की सूचना पर सोनहा पुलिस को रविवार रात भर भागदौड़ करनी पड़ी। जांच में मामला दो पक्षों में जमीन के विवाद का निकला।

सोनहा थाना क्षेत्र के परसोहिया मिश्र गांव निवासी दुर्गा प्रसाद ने रविवार रात एक बजे डायल 112 पर सूचना दी कि उनके घर बदमाश लूटपाट कर रहे हैं। थोड़ी ही देर में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह टीम के साथ पहुंच गए। सूचना देने वाले के घर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि भूमि विवाद में विपक्षी पर कार्रवाई कराने के लिए फर्जी सूचना दी गई थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव के दुर्गा प्रसाद मिश्र से उनके पट्टीदारों का भूमि विवाद है। इसी को लेकर दुर्गा प्रसाद ने रात में घर पर डकैती डालने की फर्जी सूचना दी थी। दुर्गा प्रसाद मौके पर मौजूद नहीं मिला। वर्तमान में उसके अयोध्या में होने की सूचना है। फर्जी सूचना देने पर उस पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# डीएम, एसपी ने होलिका दहन स्थलों की देखी नवैयत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल व बस स्टेशन का होलिका दहन के लिए निर्धारित स्थल का सोमवार को निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से वार्ता करके जानकारी हासिल की तथा मौके पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।



डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने अस्पताल के पास होलिका का किया निरीक्षण। संवाद

उन्होंने लोगों से अपील की कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए नए एवं विवादित स्थलों पर होलिका दहन न करें। होलिका में अनाधिकृत रूप से छप्पर, लकड़ी, गुमटी, तख्त आदि डालने पर या निर्धारित समय से पूर्व आग लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। होली जुलूस के मार्गों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि होली के दौरान अश्लील शब्दों का प्रयोग न करें, अश्लील गाने न बजाएं, धार्मिक स्थलों पर रंग, कीचड़ व गुब्बारा न फेंके। दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालकों से चंदा वसूलने पर कार्रवाई की जाएगी। तेज आवाज में लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें, अजान, नमाज के समय मस्जिदों से गुजर रहे होली जुलूस में बैंडबाजा, लाउडस्पीकर बंद कर दें।

डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें। जलापूर्ति, साफ-सफाई, अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी पीएचसी/सीएचसी पर डॉक्टर, स्टाफ एवं औषधि की उपलब्धता बनाए रखने और आपातकालीन सेवा के साथ-साथ नेत्र विशेषज्ञ की उपलब्धता बनाए रखने का सीएमओ को निर्देश दिया।

# साइबर अपराधियों ने बिछाया जाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** होली को लेकर बाजार सजा हुआ है। लोग ऑनलाइन, ऑफलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इस मौके का फायदा उठाते हुए साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। ठगों ने रंगों के इस पर्व को भुनाने की तैयारी कर ली है। फेस्टिव ऑफर से संबंधित मैसेज लोगों के फोन में भेज रहे हैं, और उन्हें अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं।

व्हाट्सएप, फेसबुक, ईमेल से लेकर सभी सोशल साइट्स पर डिस्काउंट ऑफर से लेकर कैशबैक, सेल या फ्री गिफ्ट वाउचर्स के लिंक भेजे जा रहे हैं। यहां तक कि कोरियर पहुंचने का झांसा देकर लोगों से ठगी की कोशिश की जा रही है। कोतवाली में ऐसा ही एक मामला दर्ज भी किया जा चुका है। ऐसे में जरा सी भी असावधानी होने पर होली के रंग में भंग पड़ सकता है।

## फर्जी निकला कस्टमर केयर नंबर

आवास विकास निवासी अभिषेक होली की ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे थे। भुगतान के दौरान उनके अकाउंट से पैसे कट गए, लेकिन भुगतान अनसक्सेसफुल बता रहा था। लिहाजा, उन्होंने इंटरनेट पर कस्टमर केयर का नंबर खोजा, और बिना कुछ सोचे-समझे उसे कई अहम जानकारियां साझा कर दीं। अभिषेक ने ओटीपी नंबर भी बता दिया, जिसके बाद उनके अकाउंट से फिर से 17 हजार रुपये निकाल लिए गए।

## ऐसे रहें सुरक्षित

- किसी तरह के अनचाहे लिंक पर क्लिक न करें
- किसी को अपने बैंक डिटेल्स जैसे यूपीआई आईडी, बैंक आईडी, नेट बैंकिंग पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की जानकारी शेयर न करें

# न्यायालय के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। 38 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन लोगों ने 18 जुलाई 2022 को उनके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि रामू, समयदीन और रामदास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच महिला निरीक्षक अनीता यादव को सौंपी गई है। संवाद

# हत्या कर शव छिपाने का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने हत्या कर शव छिपाने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के लालपुर पंडित निवासी रामसमुझ का आरोप है कि दो जून 2022 को उनका भांजा पंकज (18) घर के दरवाजे पर सो रहा था। इसी दौरान कुछ लोग उसे उठकर कहीं ले जाने लगे, यह देख रोका गया तो बोले कि अभी लेकर आ रहे हैं, लेकिन पंकज रातभर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। उनका आरोप है कि विपक्षियों ने हत्या कर शव को कहीं छिपा दिया। पैकोलिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव निवासी संतराम, उर्मिला, सुनीता, अंकित समेत सात नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## जान से मारने की नीयत से गला दबाया

**बस्ती।** एक किशोर को जान से मारने की नीयत गला दबाने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने के मलौली दूबे निवासी कौशल किशोर दूबे का आरोप है कि पांच मार्च को उनके घर की छत के रास्ते सीढ़ी से एक युवक घर में घुस गया। जान से मारने की नीयत से रस्सी उनके नाती प्रवीन के गले में कस दी। चीखने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पुलिस ने आरोपी ऋषभ उर्फ रिशू दूबे के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। संवाद

## भूमि को लेकर मारपीट करने पर मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर शकुन्तला देवी निवासी हलुआपार हालमुकाम पिकौरा दत्तुराय ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने 16 फरवरी को विवादित जमीन पर निर्माण से मना करने पर अपशब्द कहे। जानमाल की धमकी देते हुए घर में घुसकर मारपीट की और बाहर खड़ा ऑटो रिक्शा पलट दिया। पुलिस ने पिकौरा दत्तुराय निवासी सुखदेव, रवि सिंह, गिरजा सिंह, जतिन सिंह व रतन सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस माले में गंभीरता से जांच की जा रही है। संवाद

# जबरदस्ती रंग लगाया तो बुरा मान जाएगी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। बुरा न मानो होली है...का सूत्र वाक्य, पुलिस तभी तक आत्मसात करेगी, जब तक जबरदस्ती होली नहीं खेली जाएगी। किसी के साथ जबरदस्ती होली खेलने की शिकायत मिलते ही पुलिस बुरा मान जाएगी।

यानी उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर देगी। इस बार होली और शब-ए-बरात के त्योहार में शांति सुरक्षा कायम रखने के लिए पुलिस ने यही रणनीति बनाई है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कई लोग बुरा न मानो होली है, कहकर जबरदस्ती रंग लगाने या उनके कपड़े फाड़ने को ज्यादा आतुर रहते हैं।

इससे सबसे ज्यादा विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। 2021 की होली में सोनहा थानाक्षेत्र के तेनुआ असनहरा गांव में जबरदस्ती रंग लगाने और कपड़ा फाड़ने को लेकर मारपीट हुई थी। इसमें घायल युवक राम तीरथ की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पिछले वर्ष भी कई जगह इसे लेकर मारपीट हुई थी। ऐसे में तय किया गया है कि जबरदस्ती रंग लगाने वालों पर सख्ती बरती जाए।

एसपी ने बताया कि रंग लगाने और लगवाने वाला अगर आपत्ति नहीं करता तो पुलिस की कोई जरूरत ही नहीं है। मगर इसमें से कोई भी अगर एतराज करेगा तो पुलिस कार्रवाई करेगी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को आगाह कर दिया गया है।

## आपत्ति करने पर की जाएगी कार्रवाई कपड़ा फाड़ होली के चलते हो चुकी है मौत

### तेनुआ असनहरा पर खास नजर

कपड़ा फाड़ने को लेकर हो चुके विवाद को देखते हुए सोनहा थाने के तेनुआ असनहरा गांव पर पुलिस प्रशासन की सबसे ज्यादा नजर है। होली व शब-ए-बरात त्योहार के मद्देनजर एसडीएम भानपुर अतुल आनंद, सीओ रुधौली प्रीती खरवार, प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह सोनहा को खास एहतियात बरतने के लिए जिलाधिकारी की तरफ से कहा गया है। सोनहा पुलिस व उच्चाधिकारी ग्राम पंचायत तेनुआ असनहरा का कई बार भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत कर चुके हैं।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में निभाएं अपनी अहम भूमिका

**बस्ती।** पुलिस लाइन में सोमवार को होली के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पीआरवी के जवानों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कार्यशाला हुई। इसमें ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों की सभी पीआरवी के कुल 118 कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में निर्देशित किया गया कि निर्धारित प्वाइंट पर दृश्यमान स्थान पर सतर्क रहें। होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत विशेष सावधानी एवं सतर्क रहने और लोगों से अच्छा व्यवहार करते हुए त्वरित सहायता पहुंचाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपनी भूमिका का निर्वहन करें। घटना की गंभीरता का आंकलन करते हुए संबंधित थाना प्रभारी, कंट्रोल रूम को भी अवगत कराएं। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी संतकबीरनगर से गिरफ्तार किया गया

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया है कि संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र का रहने वाला आरोपी छोटू वर्तमान में जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र में रह रहा था। मुकदमे में उसकी तलाश जारी थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी छोटू नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों को तहरीर पर उसके खिलाफ अगवा करने के साथ ही दुष्कर्म, मारपीट, धमकाने व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा कायम किया गया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# हमारा देश सभी धर्मो का समान आदर करता

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। जिला एकीकरण समिति सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में विकास भवन सभागार में होली त्योहार के परिप्रेक्ष्य में एकीकरण समिति की बैठक का आयोजन जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।



बैठक में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश सभी धर्मो का समान आदर करता है ,यहां सभी धर्मो के त्यौहार आपसी प्रेम एवं सद्भाव से उल्लास पूर्वक मनाए जाते हैं। होली का त्योहार आपसी प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है, इस अवसर पर हमें अश्लील गाने तथा डीजे व पेंट तथा भद्दे रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में अपना अप्रतिम योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिद्धार्थनगर ने अपने संबोधन में कहा कि होली त्यौहार के अवसर पर सभी लोगों को शांतिपूर्वक इको फ्रेंडली रूप में होली मनाना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सभी लोगों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्वक होली का त्यौहार संपन्न कराने में अपना सहयोग देना चाहिए। महात्मा गौतम बुद्ध की इस पवित्र स्थली पर सभी धर्मो के लोगों ने समय-समय पर आपसी एकता एवं सद्भाव का परिचय दिया है। जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम को जसवंत कुमार सहायक कमांडेंट 43 वी वाहिनी एसएसबी, ड निहालुद्दीन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,डा. बी एन चौधरी डिप्टी सीएमओ, राम प्रताप सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी ,सुजीत कुमार जयसवाल जिलाअध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, राणा प्रताप सिंह संरक्षक व्यापार मंडल संगठन ,राजेश कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,धर्मगुरु पंडित दिग्विजय नाथ पांडेय समेत तमाम लोगों ने होली त्यौहार को इको फ्रेंडली रूप में मनाने वआपसी सौहार्द कायम रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया। उक्त अवसर पर सुभाष भारती, रामनिवास ,विजय कुमार मिश्र ,रमेश चंद्र यादव, मोहम्मद सैयद हसन खान, रविंद्र कुमार कश्यप समेत तमाम लोग व एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

**जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न**

**इको फ्रेंडली रूप में सभी को मनाना चाहिए होली को त्योहार : एएसपी**

# बच्ची को पाकर खुश हुए परिजन

इटवा (एसएनबी)। स्थानीय थाना की द्वितीय मोबाइल उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय तथा एंटी रोमियो की टीम द्वारा मस्जिदिया पार्क में एण्टी रोमियों की चेकिंग की गयी। माफीनामा फार्म भराते हुए मनचले व शोहदो को आवश्यक हिदायत दी गयी है। टीम को चौखड़ा बाजार में एक होटल पर तीन वर्षीय बच्ची को बैठाये जाने की सूचना प्राप्त हुई । इस सूचना के आधार पर टीम ने वहां पहुंचकर उक्त बच्ची से उसका तथा पिता का नाम पूछा। बच्ची ने अपना नाम परी तथा अपने पिता का नाम संदीप बताया ।वह पता बताने में असमर्थ रही । आस-पास के लोगों से पूछताछ की गयी। कुछ समय पश्चात उक्त बच्ची के माता पिता मौके पर आ गये। उसके माता का नाम शशिकला व पिता संदीप थाना त्रिलोकपुर के ग्राम बड़हरा जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वे चौखड़ा स्थित एसबीआई बैंक में कुछ कार्य से आये थे । ध्यान न देने की वजह से बच्ची बाहर निकल गयी थी ।

# शान्तिपूर्वक मनायें त्योहार

**बढ़नीचाफा (एसएनवी)**। राजेंद्र भारती इंटर कालेज के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक में सभी धर्मों के लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्ष भवानीगंज शिवनारायण सिंह ने कहा कि लोग शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार मनायें। उन्होंने कहा कि आप सभी आने वाले होली और शबेरात के त्योहार को परम्परागत तरीके से मनायें, और आपसी भाईचारा कायम रखें, जिससे कि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे। अगर किसी व्यक्ति ने शांतिभंग करने की कोशिश की तो पुलिस प्रशासन उसके साथ सख्ती से निपटेगी। सम्भ्रांत लोगों ने एक सुर में थानाध्यक्ष का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसआई संजीव शुक्ला,विनय यादव,प्यारे लाल भारती, रोहित कुमार कृष्णा, बलराम गौड़, राजेशपासवान, अजय यादव, चिकन हाजी, संतोष गुप्ता, डा. अली मजहर, तोताराम वर्मा, तिलकराम, अमित वर्मा, धर्मराज आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

बर्डपुर (एसएनबी)। होली पर्व के को देखते हुए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया है लोगो को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए उपजिलाधिकारी सदर व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में मोहाना पुलिस और एसएसबी के जवानों ने बर्डपुर कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और लोगो से अपील करते हुए आगामी पर्व को आपसी भाई चारा मिल जुल कर मनाए जाने की अपील किए। भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ उपजिलाधिकारी सदर व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस व एस एस बी के जवानों ने बर्ड पुर बाजार के रामजानकी मंदिर बर्डपुर से पल्टा देवी मार्ग होते हुए बर्डपुर बाजार व बर्डपुर कस्बा चौराहे का भ्रमण किया। रास्ते में संभ्रांत लोगों से भेंट कर उन्हें आगामी त्योहार होली का पर्व शालीनता पूर्वक मनाएं जाने की अपील करते हुए कहे कि आगामी त्योहार पर चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी फिर भी आप सभी लोग अराजकतत्वों पर निगाह बनाए रखे कुछ भी दिक्कत होने पर पुलिस को काल करे। भाईचारे का पाठ पढ़ाया।किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आएगी।होली त्यौहार में किसी भी माध्यम से भी किसी की भावनाओं को आहत न किया जाए, इसके लिए लगातार मानीटरिंग कराई जा रही है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मोहाना ज़ीवन त्रिपाठी, आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश शर्मा,सुद्दोधन चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव धीरेन्द्र यादव सहित अनेकों पुलिस व एसएसबी के जवान शामिल रहे। **भनवापुर प्रतिनिधि** के अनुसार त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में होली व शबे बरात त्यौहार को लेकर पुलिस द्वारा रूट मार्च व गस्त करके लोगों को जागरूक किया गया तथा त्योहारों को आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर जोर दिया गया। सूर्य प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष थाना त्रिलोकपुर द्वारा मय फोर्स के साथ रविवार की देर शाम को होली व शब ए बारात के दृष्टिगत सोहना, हथपरा, भनवापुर, मन्नीजोत, रमवापुर राउत, चिताही,भडरिया, विशुनपुर हरि, जुडिकुईया, खन्ता, बेतार, बिजौरा, गंगापुर, सिंगारजोत दखिनावा, नावाडीह, सिकौथा होते हुए कस्बा बिस्कोहर तक मय दंगा नियंत्रण उपकरण के रूट मार्च/पैदल गश्त कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया व दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शान्ती पूर्व व आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गयी । त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह रूट मार्चध्पैदल गश्त के दौरान लोगो से कहा पुलिस उनके साथ है,परेशानी होने पर सूचना दे, समस्या का समाधान किया जायेगा, गश्त के दौरान संदिग्ध लोगो से पूछताछ व तलाशी भी ली गयी एंव सड़क के किनारे बेढंग से खड़े वाहनों के वाहन स्वामी को आवश्यक हिदायत दिया गया।



त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में मार्च करते पुलिसकर्मी।

# स्टाक रजिस्टर में मिली खामी, दी हिदायत

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर** : होली के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने सोमवार को शराब की दो दुकानों पर छापेमारी की। एक दुकान में स्टाक रजिस्टर अपडेट नहीं मिला तथा दूसरे में रेट बोर्ड नहीं लगा था।

एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ देवी गुलाम ने आबकारी निरीक्षक संजय पांडेय को साथ लेकर खेसरहा थाना क्षेत्र के कुर्थिया व कड़जहर स्थित देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों पर छापेमारी किया। देसी दुकान में स्टाक रजिस्टर अपडेट नहीं मिला। अंग्रेजी की दुकान में रेट बोर्ड नहीं था। दोनों दुकानों पर मौजूद मुनीम को फटकार लगाई और तुरंत कमियों को दूर करने की हिदायत दिया। टीम डिड़ई थाना क्षेत्र के मनिकौरा नानकार स्थित देसी व विदेशी मदिरा की दुकान पर भी स्टाक बोर्ड व रेट बोर्ड न होने पर आबकारी निरीक्षक संजय पांडेय ने दुकान के मुनीम को फटकार लगाई । टीम के साथ खेसरहा थानाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, डिड़ई थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला, आबकारी निरीक्षक डुमरियागंज मोनी शुक्ला आदि मौजूद रहे।



कुर्थिया स्थित देसी शराब की दुकान की जांच करते एसडीएम प्रमोद कुमार ( बाएं ) व आबकारी विभाग की टीम● जागरण

# अभद्रता करने वाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले स्वास्थ्य कर्मी

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के स्वास्थ्यकर्मियों ने सोमवार को एसपी से मुलाकात कर पीआइसीयू(पीडियाट्रिक इंसेटिव केयर यूनिट) वार्ड में शनिवार महिला नर्सों के साथ हुए अभद्रता करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं थे। जबकि उनकी ड्यूटी वहां लगी थी। इस दौरान एक महिला स्टाफनर्स फफक कर रोने लगी। एसपी ने उसे ढांढस बंधाते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना की रात सुशील कुमार नामक व्यक्ति देर रात बच्चे का उपचार कराने के लिए इमरजेंसी वार्ड में गए। चिकित्सकों ने बच्चे की हालत गंभीर बताते हुए उसे पीआइसीयू वार्ड में भर्ती कराने को कहा। जब स्वजन उसे लेकर वार्ड में गए तो ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्सों ने बच्चे को भर्ती कर उसे आक्सीजन आदि लगाया। इसी दौरान सुशील के साथ गए सत्यम व भोलू नामक युवकों ने चिकित्सक से मुलाकात कराने को कहा। स्टाफ ने बताया कि डाक्टर वार्ड में नहीं हैं उन्हें बुलाने के लिए मेसेज किया गया है। इसी दौरान तीनों युवकों ने वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया। एक महिला स्टाफ का हाथ पकड़कर काफी दूर तक खींचा। स्वास्थ्यकर्मियों ने घटना की जानकारी पीआरवी 112 को दिया। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही सभी फरार हो गए। पीड़ित स्टाफ ने मामले की जानकारी कालेज प्रशासन को देते हुए महिला थाने में तहरीर दिया। 24 घंटे बाद कार्रवाई न होने पर कर्मियों ने एसपी से मिलकर मामले की जानकारी दी। इस दौरान संगीता, विजय लक्ष्मी द्विवेदी, अम्बालिका मिश्रा, पंकज पासवान, निशा यादव, संगीता मिश्रा, विजय पासवान आदि मौजूद रहे।

# पुलिस सतर्क, चप्पे-चप्पे पर नजर आएगी खाकी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। खुशियों का पर्व होली उल्लास व अमन के माहौल में मनाने के लिए प्रशासन की ओर से एक ओर जहां जगह-जगह अमन कमेटी के लोगों के साथ बैठक की जा रही है वहीं होलिका दहन से लेकर होली तक चप्पे-चप्पे पर नजर रखने को खाकी की तैनाती की जा रही है। खुशियों के रंग को बदरंग करने की कोशिश करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

शब-ए-बारात, होली का त्योहार अमन के माहौल में संपन्न हो इसका पूरा खाका प्रशासन की ओर से तैयार कर लिया गया है। जिला मुख्यालय से लेकर थानों व पुलिस चौकियों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर लोगों को अमन के माहौल में त्योहारों को मनाने का संदेश दिया जा रहा है। डीएम संजीव रंजन हों या फिर एसपी अमित कुमार आनंद त्योहारों के महत्व व साथ मिल कर मनाने पर कितनी खुशी मिलती है इसे बता रहे हैं। लोगों से अमन के माहौल में त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं। अपील के बीच किसी भी परिस्थितियों से निपटने की भी तैयारी पुलिस प्रशासन द्वारा कर रखी गई है। अगर किसी ने होली के रंग को बदरंग करने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं रहेगी। उसकी जगह सलाखों के पीछे की होगी।

- **शांतिपूर्ण तरीके से त्योहर संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने बनाया खाका**
- **सभी थानों की फोर्स, क्यूआरटी के साथ पीएसी रहेगी तैनात**

“ होलिका दहन से लेकर होली तक सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र के साथ सादे वर्दी में पुलिस मौजूद रहेगी।

-सिद्धार्थ, एएसपी

## तैनात रहेगी फोर्स

| | |
|---|---|
| फोर्स | 22 थाना |
| क्यूआरटी | 22 |
| पीएसी | दो प्लाटून |

# पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में होली और शबे बारात त्योहार को लेकर पुलिस ने पैदल मार्च कर जागरूक किया, साथ ही त्योहारों को आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर जोर दिया।

थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह फोर्स संग होली और शब-ए-बारात को देखते हुए सोहना, हथपरा, भनवापुर, चिताही, भड़रिया, विशुनपुर हरि, जुडिकुईया, मन्नीजोत, बेतनार, खन्ता, बिजौरा, गंगापुर, सिंगारजोत, दखिनावा, नावाडीह, सिकौथा होते हुए कस्बा बिस्कोहर तक दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ गश्त कर सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान अनिल कुमार, अनुराग तिवारी, सज्जाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

**जासं, सिद्धार्थनगर**: आठ मार्च को होली है। त्योहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो गयी है। भारत-नेपाल बार्डर से जुड़े कस्बों एवं गांवों पर विशेष निगाह रखी जाएगी। एसपी अमित कुमार आनंद ने सीमा से जुड़े सभी थानों को क्षेत्र में विशेष निगाह रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि बार्डर पर आवाजाही करने वाले संदिग्धों की सघन जांच करने के बाद ही अनुमति दें। ड्रोन कैमरे से भी निगहबानी का निर्देश उन्होंने दिया है।



एसपी अमित कुमार आनंद

जिले भर में होली धूमधाम के साथ बुधवार को मनाई जाएगी, हुड़दंगियों को लेकर पुलिस ने पूरा बंदोबस्त किया है। होली पर निकलने वाले जुलूस पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहेगी।

बार्डर के साथ डुमरियागंज, इटवा और शोहरतगढ़ आदि स्थानों पर जुलूस भी निकाले जाएंगे। माहौल बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है।

# सुरक्षा का अहसास कराया

## फ्लैग मार्च

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सदर क्षेत्र के महरिया गांव से कोल्हुआ ढाला तक एसडीएम ललित कुमार मिश्र व सीओ अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कहा कि किसी प्रकार की दिक्कत होने पर पुलिस को सूचना दें। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने का उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना जगाने के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करना है।

सीओ ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही त्योहार मनाए जाएंगे। कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी।

बार होली के दिन यानी आठ मार्च बंद रहेगा।

# गुलाल की होली खेल दिया एकजुटता का संदेश

## आयोजन

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ के मारवाड़ी धर्मशाला में विधायक विनय वर्मा ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। फूलों, अबीर व गुलाल की होली खेलकर एकजुटता से विकास कार्यों की इबारत लिखने का संकल्प लेकर लोगों को बधाई दी गई। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, आईजी राम कृष्ण भरद्वाज, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसएसबी कमांडेंट आरके डोंगरा व एसडीएम प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।



शोहरतगढ़ के मारवाड़ी धर्मशाला में होली मिलन उत्सव में शामिल विधायक विनय वर्मा, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, आईजी राम कृष्ण भारद्वाज, डीएम संजीव रंजन।

विधायक ने कहा होली आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है। यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाईचारे का संदेश देता है। मंडलायुक्त व आईजी ने कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जिससे किसी की भावनाएं आहत न होने पाए। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह पर्व बुराइयों को दूर करने का कार्य करता है। होलिका दहन के बाद घरों में अच्छाई का मार्ग प्रशस्त होता है। पूर्व मंत्री डॉ.सतीश द्विवेदी ने कहा कि होली का त्योहार सभी गिले शिकवे दूर कर देता है। पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सदियों तक तमाम आक्रांताओं ने हमारे त्योहारों पर प्रहार किया लेकिन कोई मिटा नहीं सका। विधायक विनय वर्मा की पत्नी बबिता वर्मा सबसे मिलजुल कर होली मनाने की अपील की। इसके बाद सबने मिलकर पुष्प वर्षा व गुलाल उड़ा कर होली खेली। इस दौरान हनुमानगढ़ी के महंत बलरामदास, आत्माराम पटेल, बबिता कसौधन, सौरभ गुप्त, एसपी अग्रवाल, अंजली चौधरी, हरीश वर्मा, डॉ.नलिनीकांत मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, रवि अग्रवाल, रमेश गुप्त, मुकेश पोद्दार, रवि अग्रवाल आदि रहे।

# सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में करें योगदान

- विकास भवन सभागार में हुई जिला एकीकरण समिति की बैठक
- बोले एएसपी, शांतिपूर्वक इको फ्रेंडली रूप में मनाएं होली पर्व

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। होली का त्योहार आपसी प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है। अश्लील गाने समेत पेंट व भद्दे रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। सभी राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में अपना योगदान दें। ये बातें डीडीयू शेषमणि सिंह ने सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति की बैठक में कहीं।

डीडीओ ने कहा कि देश सभी धर्मों का समान आदर करता है। हर पर्व आपसी प्रेम एवं सद्भाव से उल्लास पूर्वक मनाए जाते हैं। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि होली त्योहार पर सभी लोगों को शांतिपूर्वक इको फ्रेंडली रूप में होली मनाएं। इस दौरान एसएसबी के सहायक कमांडेंट जसवंत कुमार, एसीएमओ डॉ. निहालुद्दीन, डिप्टी सीएमओ डॉ. बीएन चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो परिवारों को बिछड़ने से बचाया

सिद्धार्थनगर : महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन सोमवार को किया गया। पांच पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। आपसी सुलह-समझौते के आधार पर दो दंपती साथ रहने को राजी हुए। जबकि तीन मामलों में दोनों पक्षों को दोबारा बुलाया गया है। महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, सविता सिंह, अनिशा सरोजने अहम भूमिका निभाई। (जासं)

# एसपी तक पहुंचा नर्स से अभद्रता का मामला

## मेडिकल कालेज के पीआइसीयू वार्ड में शनिवार को मरीज के स्वजन ने किया था दुर्व्यवहार

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में नर्सों से अभद्रता का मामला सोमवार को एसपी तक पहुंच गया। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सोमवार को एसपी से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीआइसीयू(पीडियाट्रिक इंसेंटिव केयर यूनिट) वार्ड में शनिवार महिला नर्सों के साथ हुए अभद्रता करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।कर्मियों ने एसपी को बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं थे। जबकि उनकी ड्यूटी वहां लगी थी। इस दौरान एक महिला स्टाफनर्स फफक कर रोने लगी। एसपी ने उसे ढांढस बंधाते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया



एसपी को ज्ञापन देने जातीं मेडिकल कालेज के स्वास्थ्यकर्मी ● जागरण

। घटना की रात सुशील कुमार नामक व्यक्ति देर रात बच्चे का उपचार कराने के लिए इमरजेंसी वार्ड में गए। चिकित्सकों ने बच्चे की हालत गंभीर बताते हुए उसे पीआइसीयू वार्ड में भर्ती कराने को कहा। जब स्वजन उसे लेकर वार्ड में गए तो ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्सों ने बच्चे को भर्ती कर उसे आक्सीजन आदि लगाया। इसी दौरान सुशील के साथ गए सत्यम व भोलू नामक युवकों ने चिकित्सक से मुलाकात कराने को कहा। स्टाफ ने बताया कि डाक्टर वार्ड में नहीं हैं। उन्हें बुलाने के लिए मैसेज किया गया है। इसी दौरान तीनों युवकों ने वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया। एक महिला स्टाफ का हाथ पकड़कर काफी दूर तक खींचा। स्वास्थ्यकर्मियों ने घटना की जानकारी पीआरवी 112 को दिया। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही सभी फरार हो गए। पीड़ित स्टाफ ने मामले की जानकारी कालेज प्रशासन को देते हुए महिला थाने में तहरीरदी। 24 घंटे बाद कार्रवाई न होने पर कर्मियों ने एसपी से मिलकर मामले की जानकारी दी। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला मंत्री शिवाकांत पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष वाई .के द्विवेदी, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला मंत्री गोविंद प्रसाद ओझा, अशोक कुमार त्रिपाठी, राम भारद्वाज, संदीप उपाध्याय, अंबालिका मिश्रा, संगीता देवी,अजय लक्ष्मी द्विवेदी ,राहुल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# 1200 जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**सिद्धार्थनगर।** होली त्योहार पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। सुरक्षा के मद्देनजर 1200 जवान लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही संबंधित थाने की पुलिस और यूपी-112 के जवान भी भ्रमण करके क्षेत्र की गतिविधियों जायजा लेते रहेंगे। गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिकारी भी पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। अगर कहीं कोई गड़बड़ी होती है तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। 1200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके साथ ही सभी एसडीएम और सीओ क्षेत्र का भ्रमण करते रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टीगत जिले के 20 थाना क्षेत्रों में अलग से 32 मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं जो क्षेत्र में रहेंगे और संबंधित थाने के थानाध्यक्ष से क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते रहेंगे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। संवाद

# एंटी रोमियों टीम ने की जांच

सिद्धार्थनगर : गठित एंटी रोमियो स्क्वायड पुलिस टीम ने सोमवार को भीड़भाड़ वाले स्थलों की जांच किया। सिंहेश्वरी देवी मंदिर, पुरानी नौगढ़, रेलवे स्टेशन, उद्यान पार्क आदि स्थलों पर घूम रहे युवकों से पूछताछ की गयी। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी परेशानी में पुलिस की मदद लें। टीम की प्रभारी महिला उपनिरीक्षक पूनम मौर्या, महिला आरक्षी टीनू एंटी आदि जांच में शामिल रहे। (जासं)

# होलिका के लिए थानेदारों ने किया उपलों का दान



अनूपनगर में उपलों से होलिका को सजाते प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : दैनिक जागरण करीब पखवाड़े भर से अभियान चला रहा है कि इस बार होलिका लोग उपलों से जलाएं। जागरण की इस मुहिम का पुलिस व विकास विभाग भी हिस्सा बन चुका है। वह लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ उपले दान भी कर रहे हैं। वह होलिका समिति के सदस्यों से यह कहते नजर आ रहे हैं कि इस बार होलिका उपलों की जलाएं। ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने सोमवार को अनूपनगर व कृष्णानगर मोहल्ले में होलिका समिति के सदस्यों को उपले भेंट किया। साथ ही उनसे कहा कि वह होलिका में लकड़ी जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने का कार्य न करें। ऐसे ही मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने अपने थाना क्षेत्र के सिकरी बखरिया में होलिका समिति के सदस्यों को करीब एक क्विंटल उपले दान में दिया। ऐसे ही शिवनगर डिड़ई के थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला व जोगिया के थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में होलिका समिति के सदस्यों को उपले वितरित किया। साथ ही लोगों को जागरूक किया कि वह इस बार उपलों की ही होलिका जलाएं।

**पुलिस लाइन में भी जलेगी उपलों की होलिका**: पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद का कहना है कि इस बार पुलिस लाइन में भी उपलों की होलिका जलाई जाएगी। इसके जरिये लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।



सिकरी बखरिया में होलिका समिति के सदस्यों को उपले दान करते मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ● जागरण

# एसडीएम, सीओ ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा



बर्डपुर कस्बे में फोर्स के साथ भ्रमण करते एसडीएम डा ललित मिश्रा व सीओ अखिलेश वर्मा ● जागरण

**जासं, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर** : होली के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम डा. ललित कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने पुलिस टीम व एसएसबी जवानों के साथ लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से संपर्क स्थापित कर शांति व सुरक्षा के लिए पुलिस टीम का परस्पर सहयोग करने को कहा जिससे कि किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटा जा सके। अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों ने आपसी भाईचारे के बीच त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें जिससे कि किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति न उत्पन्न हो। पुलिस फोर्स रामजानकी मंदिर बर्डपुर से पल्टा देवी मार्ग होते हुए बाजार व कस्बा चौराहे का भ्रमण किया। रास्ते में संभ्रांत लोगों से भेंट कर उन्हें भाईचारे का पाठ पढ़ाया। सीओ वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा। किसी भी व्यक्ति की ओर से माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। इसके लिए लगातार मानीटरिंग कराई जा रही है। पैदल मार्च के दौरान मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक मुकेश शर्मा, सुद्दोधन चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव, एसएसबी से रंजीव रंथन पुलिस एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# खेली गई फूलों की होली

## मंडलायुक्त ने की शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील

- शोहरतगढ़ में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह
- होली हर धर्म, संप्रदाय व जाति से परे देता है भाईचारे का संदेश

**जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर** : नगर के मारवाड़ी धर्मशाला में सोमवार को होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई।

कार्यक्रम में विधायक व मंडलायुक्त, डीआइजी, डीएम, एसपी, सीडीओ, एसएसबी कमांडेंट ने फूलों की होली खेल पर्व की शुभकामना देने के साथ सभी से आपसी सौहार्द को कायम रखने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, जिससे किसी की भावनाएं आहत न होने पाए। विधायक विनय वर्मा ने कहा होली आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है।

यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। आइजी आरके भारद्वाज, सदर विधायक श्यामधनी राही, पूर्व विधायक डा. सतीश द्विवेदी व राघवेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक व उनकी पत्नी बबिता वर्मा ने पुष्प वर्षा कर होली खेली। इसके बाद गुलाल का ऐसा रंग उड़ाया गया कि मौजूद लोग होली के रंग में रंग गए।



होली मिलन समारोह में उपस्थित मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा (बीच में), साथ में आइजी रामकृष्ण भारद्वाज, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनन्द, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही ● जागरण

कार्यक्रम में महिलाएं एक दूसरे के साथ गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, एसएसबी कमान्डेंट आरके डोंगरा, एसडीएम प्रदीप यादव, हनुमानगढ़ी के महंत बलरामदास, आत्माराम पटेल, बबिता कसौधन, सौरभ गुप्ता, एसपी अग्रवाल, अंजली चौधरी, हरीश वर्मा, डा नलिनीकांत मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, रमेश गुप्ता, मुकेश पौद्दार, रवि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# फूलों की होली खेली, दी बधाई

## शोहरतगढ़ के मारवाड़ी धर्मशाला में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ कस्बे के मारवाड़ी धर्मशाला में सोमवार को आयोजित होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जनता के साथ फूलों की होली खेली। इसके बाद मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर फाग गीतों की प्रस्तुति हुई तो लोग आनंदित हो उठे।

समारोह में कपिलवस्तु के विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह पर्व बुराइयों को दूर करने का कार्य करता है। होलिका दहन के बाद अच्छाई का मार्ग प्रशस्त होता है। स्थानीय विधायक विनय वर्मा ने कहा कि होली आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है। यह एक ऐसा त्योहार है, जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है।

पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि होली का त्योहार सभी गिले शिकवे दूर कर देता है। पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि होली पर्व से सामाजिक समरसता बढ़ती है। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा एवं आईजी राम कृष्ण भरद्वाज, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसएसबी कमान्डेंट आरके डोंगरा व एसडीएम प्रदीप यादव ने भी शुभकामनाएं दीं।

समारोह में हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत बलरामदास, विधायक की पत्नी बबिता वर्मा, निर्वतमान चेयरमैन बबिता कसौधन, एसपी अग्रवाल, अंजली चौधरी, हरीश वर्मा, डॉ. नलिनीकांत मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, रमेश गुप्ता, मुकेश पौद्दार, रवि अग्रवाल, रामदास मौर्य मौजूद रहे।



शोहरतगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक श्यामधनी राही, विनय वर्मा, डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, आईजी आरके भारद्वाज, डीएम संजीव रंजन व एसपी अमित कुमार आनंद। संवाद

# उसका पुलिस ने लिया सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा

**सिद्धार्थनगर/भनवापुर।** होली व शब-ए- बरात को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट है। रविवार देर शाम सीओ सदर की अगुवाई में उसका पुलिस ने मार्च किया।

इसी प्रकार त्रिलोकपुर पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लिया। सीओ सदर एके वर्मा की अगुवाई में सदर और उसका थाना क्षेत्र में पुलिस ने मार्च किया।

इस दौरान सदर कोतवाल सतीश कुमार सिंह, एसओ उसका दिनेश कुमार सरोज आदि मौजूद रहे। त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने रविवार की देर शाम सोहना, हथपरा, भनवापुर, मन्नीजोत, रमवापुर राउत, चिताही, भडरिया और विशुनपुर हरि आदि स्थानों पर मार्च करके सुरक्षा का जायजा लिया। संवाद

# सुरक्षा में चौकीदारों का भी सहयोग लेगी पुलिस

**सिद्धार्थनगर।** होलिका दहन और होली के मद्देनजर पुलिस चौकीदारों का भी सहयोग लेगी। 1136 ग्राम पंचायतों में 2488 स्थानों पर होलिका जलेगी। इसमें पुलिस गांव के चौकीदार और थाना स्तर पर बनाए गए वालंटियर्स का भी सहयोग लिया जाएगा। अगर कहीं विषम परिस्थिति उत्पन्न होती है तो वालंटियर और चौकीदार उसके निस्तारण में अहम भूमिका निभाएंगे। संवाद

# भटकी बच्ची को परिजनों से मिलाया

**इटवा।** थाना क्षेत्र के चौखड़ा बाजार में सोमवार को भटकती मिली एक तीन वर्षीय बच्ची को इटवा पुलिस ने उसके परिजनों से मिला दिया। सोमवार को एसआई बृजेश कुमार पांडेय, आरक्षी राम प्रवेश यादव, हरीश साहनी, महिला आरक्षी तृप्ति चौबे व अंजली यादव की टीम को इटवा कस्बे में भ्रमण के दौरान चौखड़ा बाजार में एक दुकान पर तीन वर्षीय बच्ची मिली। उसके माता-पिता उससे बिछड़ गए थे। बालिका ने अपना नाम परी व पिता का नाम संदीप बताया। इसी दौरान चौखड़ा बैंक से कार्य निपटाकर पहुंचे त्रिलोकपुर थाने के बड़हरा गांव निवासी संदीप व माता शशिकला ने बताया कि बैंक में कार्य के दौरान ध्यान न देने की वजह से बच्ची बाहर निकल गई थी। अपने माता पिता की पहचान करने पर बालिका को स्थानीय लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द किया गया। संवाद

# अश्लील गाने, पेंट भद्दे रंग के प्रयोग से बचें : डीडीओ

सिद्धार्थनगर। जिला एकीकरण समिति की ओर से विकास भवन सभाकक्ष में होली के त्योहार के संबंध में बैठक हुई। जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह ने कहा कि देश में सभी धर्मों के त्योहार प्रेम एवं सद्भाव से उल्लासपूर्वक मनाए जाते हैं।

कहा कि होली त्योहार प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर अश्लील गाने, पेंट और भद्दे रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि होली त्योहार के अवसर पर सभी लोगों को शांतिपूर्वक इको फ्रेंडली रूप में होली मनाना चाहिए।

**विकास भवन में होली के त्योहार के संबंध में बैठक हुई**

कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट एसएसबी जसवंत कुमार, डॉ निहालुद्दीन, डॉ. बीएन चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी राम प्रताप सिंह, सुजीत कुमार जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, राजेश कुमार मिश्र व सिद्धार्थ शंकर उपस्थित रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-03-2023

# किशोरी के अपहरण मामले में मौलबी समेत दो गिरफ्तार

## धनघटा थाना क्षेत्र का मामला


पुलिस अभिरक्षा मे गिरफ्तार आरोपी।

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी का बहला-फुसलाकर अपहरण करने के आरोप में नामजद एक मौलवी समेत दो लोगों को धनघटा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नेतवापुर चौराहे से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विगत 23 फरवरी को धनघटा थाने पर पहुंचकर धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 3 फरवरी को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए गायब हो गई थी।

पीड़ित ने तहरीर में बताया कि 21 फरवरी को उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी को धनघटा थाना क्षेत्र के छपरामगर्वी गांव निवासी मोहम्मद कैश पुत्र तुफैल अहमद, राशिदा खातून पत्नी मोहम्मद लैश निवासी छपरामगर्वी के सहयोग से जावेद पुत्र कादिर निवासी वमौर आजमगढ़ और महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी कादिर पुत्र हमीदुल्लाह बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिए हैं। पीड़ित ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी राशिदा खातून ने उसे तरह-तरह की धमकी दे रही है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी बेटी को बरामद करने की मांग की थी जिसके आधार पर पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ बीते 23 फरवरी को आईपीसी की धारा 363, 366, 120 बी, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी समेत नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार की शाम को पुलिस ने अपहृता को धनघटा थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर चौराहे से बरामद कर लिया। सोमवार को सुबह मुखबिर की सूचना पर धनघटा पुलिस ने उपरोक्त मुकदमे में नामजद मौलवी जावेद पुत्र कादिर और कादिर को थाना क्षेत्र के नेतवापुर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी करने पर पता चला कि जावेद तीन वर्ष पूर्व महुली थाना क्षेत्र के छितहीं निवासी कादिर के संपर्क में आया और झाड़फूक इत्यादि का काम करते हुए तंत्र-मंत्र का खेल शुरू कर दिया। धीरे-धीरे मौलवी जावेद का संपर्क छपरामगर्वी राशिदा खातून और मोहम्मद कैश से हो गया जिससे वह छपरागर्वी में भी झाड़फूक के चक्कर में लोगों को ठगने लगा। इसी बीच मोहम्मद कैश और राशिद के सहयोग से उसने और कादिर ने थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी को तंत्र-मंत्र के सब्जबाग में फंसा कर उसका अपहरण कर लिया। सोमवार को स्थानीय पुलिस ने मौलवी जावेद समेत उसके सहयोगी कादिर को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया और शेष आरोपियों की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है।

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने बताया कि रविवार को अपहृता-बरामद कर ली गई और दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है शीघ्र ही इस मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्त में लेकर शेष कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी।

# होली : मुसहरा गांव में भारी फोर्स तैनात

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में होली और बकरीद पर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी रहती है। इसके दृष्टिगत गांव में होलिका दहन से पूर्व एक प्लाटून पीएसी और क्यूआरटी गार्ड के जवान तैनात कर दिए गए हैं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मुसहरा गांव में संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी प्वाइंट बनाया गया जहां पर होली तक पुलिस के जवान ड्यूटी करेंगे। मजिस्ट्रेट भी कैंप करेंगे। उन्होंने बताया कि मुसहरा में होलिका दहन एवं कुर्बानी किए जाने की परंपरा नहीं है जिसको लेकर दो पक्षों में आपसी गतिरोध बना रहता है। इस वजह से गांव में 27 लोगों को भारी मुचलके के आधार पर शांतिभंग में पाबंद किया गया है।

# अवैध गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के विड़हरघाट पुल के समीप सोमवार को स्थानीय पुलिस ने दो गांजा कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे



से अवैध गांजे की 300 ग्राम खेप बरामद कर दोनों कारोबारियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों कारोबारियों को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक धनघटा को सरयू नदी के विड़हरघाट पुल से होकर दो गांजा कारोबारियों द्वारा अवैध गांजे की खेप लेकर आने की सूचना जरिए मुखबिर सोमवार को प्राप्त हुई तो प्रभारी निरीक्षक ने थाने के उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुशवाहा को हमराही पुलिसकर्मी कां. रंजन राजभर, कां. प्रकाश सिंह व कां. हिमांशु मिश्रा को तत्काल मौके पर भेज दिया। मुखबिर के इशारे पर पहुंची पुलिस टीम ने धनघटा थानान्तर्गत नन्हिया जोत गांव निवासी संजय पाठक पुत्र रामाज्ञा पाठक तथा अम्बेडकरनगर जिले के जहगीरगंज थानान्तर्गत धनसूपुर गांव निवासी अम्बिका यादव पुत्र रामरतन यादव नामक दो गांजा कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान गिरफ्तार कारोबारी अम्बिका यादव के कब्जे से 175 ग्राम तथा संजय पाठक के कब्जे से 125 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार उक्त दोनों कारोबारियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों कारोबारियों को जेल भेज दिया है।

# 62 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के सोनाड़ी चौराहे पर सोमवार को स्थानीय पुलिस ने 62 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धनघटा थाने पर तैनात पुलिसकर्मी हे. कां. अनिल मिश्रा और कां. हिमांशु मिश्रा सोमवार की दोपहर में सोनाड़ी कस्बे में शान्ति व्यवस्था के तहत गश्त कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर ने एक व्यक्ति द्वारा अवैध देशी शराब की शीशियों को विक्री के लिए लेकर जाने की सूचना उक्त पुलिसकर्मियों को दी। मुखबिर की सूचना पर उक्त पुलिसकर्मियों ने मुखबिर द्वारा बताए गए व्यक्ति को रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 62 शीशी देशी शराब बन्टी बबली ब्राण्ड बरामद हो गया तो पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया जहां पुलिसिया पूछताछ में पकड़ा गया व्यक्ति अपना नाम-पता क्रमशः राजबली पुत्र मिनकू निवासी ग्राम हैंसर बाजार थाना धनघटा बताया है। पुलिस ने गिरफ्तार राजबली के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी अभियान जारी

धनघटा (एसएनबी)। जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिसबल के साथ सरयू नदी के तलहटी में जगह-जगह संचालित कच्ची शराब के ठिकानों पर पूर्व में शुरू किया गया छापेमारी अभियान लगातार पांचवे दिन सोमवार को भी जारी रहा। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में विड़हरघाट पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र यादव व गामा यादव समेत तमाम पुलिसकर्मी सादे में भोर में ही सरयू नदी के विड़हरघाट के आसपास नदी की दो धाराओं के बीच संचालित कच्ची के ठिकानों पर नाव पर सवार होकर पहुंच गए। पुलिस टीम को नाव से आते कारोबारियों ने दूर से ही देख लिया और नदी की धारा में कूदकर सभी कारोबारी फरार होने में सफल हो गए। उसके वाद पुलिस टीम ने चौतरफा घेरावंदी कर कारोवारियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने खुदाई करते हुए नदी तट पर रेत के नीचे जगह-जगह प्लास्टिक की बड़ी कड़ी पन्नियों में छिपाकर रखी 3500 लीटर अर्द्धनिर्मित कच्ची शराब तथा विक्री के लिए रेत के नीचे छिपाकर 100 लीटर तैयार कच्ची शराब वरामद कर लिया। वरामद शराव को पुलिस टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा पुलिस टीम ने मौके पर धधक रही कुल 17 भट्ठियों को भी तोड़कर नष्ट कर दिया। इसके अलावा मौके पर पुलिस ने भारी मात्रा में शराव वनाने के उपकरण और शराव वनाने में उपयोग होने वाले कच्चे माल जैसे गुड़, नौसादर आदि सामान भी वरामद किया जिसे नदी की धारा के हलाले कर दिया। मौके पर रखी भारी मात्रा में लकड़ियों और कोयले को भी पुलिस ने नदी की धारा में समाहित कर दिया। स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार पांच दिनों ने सरयू की तलहठी में संचालित कारोवारियों के ठिकानों पर की जा रही छापेमारी ने कारोवारियों के वीच जहां हड़कम्प मचा है तो वहीं कारोबारियों को भारी आर्थिक क्षति भी हो रही है। वैसे प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह का कहना है कि धनघटा थाना क्षेत्र से कच्ची के उत्पादन और विक्री को पूरी तरह से वन्द कराकर ही पुलिस दम लेगी। छापेमारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक के अलावा विड़हरघाट पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र यादव और उपनिरीक्षक गामा यादव के साथ कां. रोशनमणि, दीपक खरवार, प्रमोद शर्मा, राजन खरवार, शैलेष कुमार, अनूप कुमार शर्मा, व कां. मुकेश कुमार पाल सादे में शामिल रहे।



कारोबारियों के ठिकानों पर धधक रही भट्ठियों को तोड़कर नष्ट करते पुलिसकर्मी।

**सरयू नदी के विड़हरघाट के आसपास की गई छापेमारी में 3500 लीटर अर्द्धनिर्मित और 100 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद**

**छापेमारी के दौरान पुलिस ने नदी तट पर धधक रही 17 भट्ठियों सहित भारी मात्रा में बरामद उपकरणों को तोड़-फोड़ कर किया नष्ट**

# युवक ने नाबालिग किशोरी को बनाया बंधक

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी का एक युवक द्वारा पहले बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया और जब किशोरी के परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अपहरणकर्ता के उपर दबाव बनाया तो अपहरणकर्ता 48 घंटे बंधक रखने के बाद रविवार की शाम किशोरी को उसके गांव के समीप छोड़ कर फरार हो गया।

किशोरी द्वारा परिजनों को आपबीती बताने के बाद परिजन किशोरी को लेकर सोमवार को धनघटा थाने पहुंचे और पुलिस को घटना के संबंध में आरोपी युवक के विरूद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में किशोरी के परिजन ने बताया

**पुलिस के दबाव बनाने पर आरोपी युवक ने रविवार की देर शाम किशोरी को उसके गांव के समीप छोड़ कर हुआ फरार**

कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को बीते 3 फरवरी की देर शाम थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी विशाल पुत्र बिरजू नामक युवक बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया।

काफी खोजबीन के बाद बेटी का पता नहीं चला तो वह घटना के बाद नजदीकी पौली पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी तो पुलिस ने आरोपी युवक के उपर किशोरी को वापस लाने के लिए दवाव बनाना शुरू किया तो आरोपी बेटी को रविवार की देर शाम गांव के किनारे पहुंचाकर छोड़ दिया और खुद फरार हो गया। घटना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363,366 व 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने बताया कि पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण हेतु अस्पताल भेजा गया है। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान दुष्कर्म की पुष्टि होने पर आरोपी युवक के विरूद्ध दर्ज अपहरण के मुकदमे में दुष्कर्म की धाराओं को जोड़ कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# छात्रा के अपहरण के आरोप में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने के आरोप में नामजद अभियुक्त को धनघटा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा बीते 14 फरवरी को बोर्ड परीक्षा का प्रवेशपत्र धनघटा स्थित एक कालेज से लेने के लिए घर से निकली थी परन्तु देर शाम तक छात्रा वापस घर नहीं पहुंची। परिजनों द्वारा सभी सम्भावित ठिकानों और नात-रिस्तेदार के घर छात्रा की काफी खोजबीन की गई लेकिन छात्रा के बारे में कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिल सकी। अंत में परेशान परिजन ने धनघटा थाने पहुंचकर छात्रा के अपहरण होने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया जिसके आधार पर पुलिस ने



अज्ञात युवक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दिया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह को जरिए मुखविर छात्रा के एक युवक के साथ थाना क्षेत्र के सिरसी गांव के समीप कुआनों नदी के पुल पर मौजूद रहने की सूचना मिली तो उन्होंने उपनिरीक्षक वीरवहादुर यादव के नेतृत्व में हमराही पुलिसकर्मी प्रमोद कुमार मौर्य, अभिलेश कुमार और महिला आरक्षी सुषमा खरवार को मौके पर तत्काल भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अपहृता समेत अपहरणकर्ता थाना क्षेत्र के रामपुर मध्य गांव निवासी आरिफ पुत्र समसुद्दीन को हिरासत में लेकर धनघटा थाने पहुंचा दिया जहां पुलिस ने अपहृता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए महिला आरक्षी की अभिरक्षा में अस्पताल भेज दिया है बाकी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अपहरणकर्ता आरिफ को जेल भेज दिया।

# डीएम-एसपी ने बखिरा में किया फ्लैग मार्च

बखिरा(एसएनबी)। होली में शांति व्यवस्था के मद्देनजर बखिरा कस्बे में सोमवार को डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च बखिरा क अमरडोभा, लेड्डुआ-महुआ, मंगल बाजार, शनिचरा बाजार, सहजनवां तिराहा, इंटर कालेज समेत विभिन्न हिस्सों से होकर निकला। फ्लैग मार्च के द्वारा क्षेत्र के लोगों को संदेश दिया गया कि किसी भी दशा में सौहार्द बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। यदि कोई भी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस उससे सख्ती के साथ निपटेगी। इस दौरान थानाध्यक्ष श्याम मोहन, चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, कल्पनाथ सिंह, मंजीत यादव, चंदन यादव, संतोष कुमार समेंत अनेक पुलिस कर्मी व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# शराब की दुकानों पर स्थानीय प्रशासन ने की छापेमारी

नाथनगर (एसएनबी)। आगामी त्योहार होली को देखते हुए महुली थाना क्षेत्र के महुली, नाथनगर कस्बे में उपजिलाधिकारी धनघटा डा. रविन्द्र कुमार की अगुआई में पुलिस और अबकारी टीम संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम में देशी शराब,अंग्रेजी शराब और ठंडी वीयर की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दुकानों पर मौजूद स्टाक,सेल्समैन अथार्टी लेटर सहित अन्य अभिलेखों आदि का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी डा.रविन्द्र कुमार की अगुआई में सोमवार को आबकारी इंस्पेक्टर आलोक सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा के साथ पुलिस की टीम नाथनगर पहुंची। नाथनगर में देशी शराब की दुकान,ठंडी वीयर और अंग्रेजी शराब की दुकान पर बारी-बारी से छापेमारी किया। टीम ने दुकानों पर सेल्समैन का अथार्टी लेटर चेक किया उसके उपरान्त स्टाक रजिस्टर से दुकान में मौजूद स्टाक का भौतिक सत्यापन किया। इसके अलावा अधिकारियों की टीम ने ओवर रेटिंग आदि की भी जानकारी लिया साथ ही बार कोड का भी मिलान किया। नाथनगर से चल कर यह टीम महुली कस्बे में पहुंची जहां पहुंचकर टीम ने अंग्रेजी शराब,ठंडी वीयर और देशी शराब के दुकानों पर बारी-बारी से निरीक्षण किया। टीम ने स्टाक रजिस्टर और स्टाक के साथ-साथ ओवर रेटिंग और बार कोड का भी गहनता से छानबीन किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद के चर्चित हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास और 25-25 हजार ₹ अर्थदण्ड से जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर आरोपियों को दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अर्थदंड की धनराशि में से ₹40 हजार मृतक के आश्रिति को प्रतिकर के रूप में भी देने का आदेश किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि लक्ष्मण शर्मा चर्चित हत्याकांड में खलीलाबाद थाना अंतर्गत कोल्हुआ लकड़ा निवासी श्रवण कुमार शर्मा ने थाना खलीलाबाद में तहरीर दी थी कि उसके पिता लक्ष्मण शर्मा खलीलाबाद तहसील गेट के पास बाल काटने का कार्य करते थे। रोज सुबह 8.00 बजे घर से निकल जाते थे और रात में 9-10 बजे मोटरसाइकिल से घर आते थे। 04 जून 2014 को रोज की भांति दुकान बंद करके रात में मोटरसाइकिल से खलीलाबाद से गांव आ रहे थे कि जीरा देवी कालेज से 100 मीटर दक्षिण पहले ही मोटरसाइकिल से पश्चिम तरफ खेत में मृत हालत में पड़े थे। जब उनको घर पहुंचने में विलंब हुआ तो मैंने उनके मोबाइल पर फोन किया। कई बार घंटी जाने के बाद भी जवाब नहीं मिला। बारात जा रहे लड़कों में किसी ने फोन रिसीव कर मेरे पिता के मरने की सूचना दी। वह और उसके गांव के कुछ लोग पहुंचे तो देखा कि मेरे पिता की दाहिनी कनपटी व सर पर धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई है। घटना रात साढ़े नौ बजे के आसपास की थी। मेरे गांव के बेचू शर्मा व उनके पट्टीदार के बीच विवाद हुआ था जिसमें मेरे पिता पंचायत करके मामला समाप्त करा दिए थे। उस बात से बेचू शर्मा तथा उसका लड़का रविन्द्र शर्मा व दामाद रिंकू नाराज रहते थे। इस कांड में उनका हाथ होने की शंका है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा आला कत्ल बरामद किया गया तथा अभियोजन की तरफ से कुल 8 गवाहों की गवाही कराई गई जिसमें सभी गवाहों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया। बहस और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने अभियुक्त रविंद्र शर्मा एवं रिंकू शर्मा को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 25-25 हजार ₹ अर्थदंड से दण्डित करने का आदेश दिया।

# पुलिस ने आठ पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने कई मामले में आठ आरोपितों को पकड़कर उन पर कानूनी कार्रवाई पूरी करके शिकंजा कसा। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दुधारा पुलिस ने चार और थाना धनघटा पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# लहन व उपकरण बरामद कर कराया नष्ट

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब, लहन व उपकरण बरामदकर उसे नष्ट कराया। आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के संबंध में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत छापेमारी हुई।

# नियम तोड़ने वालों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 32 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 37 वाहनों के चालकों से 32 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# महुली में अंग्रेजी, देसी व बीयर दुकानों पर छापेमारी

नाथनगर। एसडीएम डॉ. रवीन्द्र कुमार, सीओ दीपांशी राठौर एवं आबकारी इंस्पेक्टर आलोक सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जगह-जगह छापेमारी की। महुली क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी, देशी और बियर दुकान की छापेमारी से हड़कम्प मच गया। उपस्थित लोग माजरा समझने के लिए दूर खड़े होकर नजर रखे हुए थे। फिलहाल टीम की छापेमारी में मानक के अनुरूप सब सही मिला।

# मुसहरा में पुलिस फोर्स तैनात की गई

धर्मसिहवा। धर्मसिहवा थाना के मुसहरा गांव में होली को देखते फोर्स तैनात कर दी गई है।मुसहरा संवेदनशील गांव है। होलिका दहन को लेकर दो समुदायों में तनाव के कारण होली के ठीक पहले फोर्स तैनात कर दी जाती है।थाना क्षेत्र के मुसहरा में काफी पहले होलिका दहन को लेकर दो समुदायों में बवाल हो गया था जिसको लेकर दोनों समुदाय आमने सामने हो गए थे।



सोमवार को बखिरा कस्बे में पैदल मार्च करते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# जिले को तीन जोन व आठ सेक्टर में बांटकर निगरानी

संतकबीरनगर/बखिरा, निसं। जनपद में होली व शबेबारात त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। पूरे ज़िले को तीन जोन, आठ सेक्टर व अन्य सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंप दी गई है। साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। स्थानीय पुलिस के साथ ही सभी थाना क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स का आवंटन किया गया है। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि त्योहार को देखते हुए जिले को तीन जोन व आठ सेक्टर में बांटकर पुलिस टीम को तैनात किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय फोर्स के अतिरिक्त 15 इंस्पेक्टर, 35 एसआई, 200 आरक्षी, 60 महिला आरक्षी, एक प्लाटून पीएससी जवानों को तैनात किया जा रहा है।

**डीएम व एसपी ने बखिरा कस्बा में किया मार्च:** जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की संयुक्त टीम ने आगामी त्योहार होली, शब्बेबारात को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए बखिरा कस्बा में फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के लिए पैदल गस्त कर जनसामान्य में सुरक्षा का एहसास कराया। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना बखिरा के मिश्रित आबादी वाले कस्बा बखिरा के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

## पर्व के लिए 11 क्यूआरटी बनाई

जनपद में 11 क्यूआरटी टीम बनाई गई है। पुलिस लाइन और एसपी आफिस में एक-एक क्यूआरटी टीम आपतकालीन व्यवस्था के लिए रिजर्व रहेंगी। जिनका मूवमेंट एसपी के निर्देश पर होगा।

## 17 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

17 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ 17 सेक्टर अधिकारियों को तैनात किया गया है। जो जिले के महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों पर नजर रखेंगे। जिले में सक्रिय 35 पीआरवी को चिहिंत संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद किया गया हैं।

“जिले में शांतिपूर्ण त्योहार को संपन्न कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा है। किसी को भी आराजकता फैलाने की छूट नहीं दी जाएगी। जन सामान्य की सुरक्षा के लिए पुलिस हर समय तैयार है। माहौल खराब करने वालों के साथ पुलिस टीम कड़ाई के साथ पेश आएगी। कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

-सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# दुष्कर्म के वांछित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बालिका को बहलाकर भगाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा में वांछित आरोपित अभियुक्त जावेद पुत्र कादिर निवासी बम्हौर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़, कादिर पुत्र सगीर अहमद निवासी छितही को गिरफ्तार किया।

# हत्यारोपी साले-बहनोई को उम्रकैद की सजा सुनाई

## लक्ष्मण हत्याकांड

**संतकबीरनगर, विसं।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह की कोर्ट ने लक्ष्मण शर्मा हत्याकाण्ड के आरोपी साले एवं बहनोई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने हत्यारोपी साले रविन्द्र शर्मा एवं बहनोई रिंकू पर सजा के साथ 25-25 हजार कुल 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड का भी फैसला दिया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपितों को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

कोर्ट ने फैसले में मृतक आश्रित को 40 हजार रुपए प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया। एक आरोपी रमेश को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम कोल्हुआ लकड़ा का है। प्रकरण में श्रवण शर्मा पुत्र लक्ष्मण शर्मा ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप है उसके पिता खलीलाबाद शहर के तहसील गेट पर नाई की दुकान करते थे। 04 जून 2014 को दुकान बंद करके बाइक से घर आ रहे थे। जीरादेवी कॉलेज से 100 मीटर पहले खेत में पड़े थे। घर पहुंचने में देर होने पर उनके फोन पर जवाब नहीं मिला। बारात जा रहे लड़कों में से किसी ने फोन रिसीव कर पिता के मरने की सूचना दी। मैं पंहुचा तो देखा कि पिता के दाहिने कनपटी पर धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई थी।

# दुष्कर्म मामले का बाल अपचारी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अपहरण, दुष्कर्म मामले में वांछित बाल अपचारी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित बाल अपचारी को दबोच लिया। उक्त बाल अपचारी वादी की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

# वाहन चलाने वालों की हुई जांच, दी हिदायत

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर**: शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सोमवार को यातायात पुलिस ने अभियान चलाया। दो पहिया, आटो और चार पहिया के चालकों की जांच की गई। होली पर शराब पीकर वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी गई।

एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीष सिंह भदौरिया व उप निरीक्षक परमहंश के नेतृत्व में मेंहदावल बाईपास, मधुकुंज तिराहा आदि स्थानों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया।



मेंहदावल बाईपास पर वाहन चालकों की जांच करते यातायात विभाग के कर्मी • जागरण

इस दौरान शराब मापक यंत्र द्वारा वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की गई। लोगों को आगाह किया गया कि शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की आशंका रहती है। दो पहिया वाहन चलाते समय दोनों सवारी हेल्मेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

इस दौरान दारोगा जगदम्बा गुप्ता, कांस्टेब्रल अजय पाण्डेय, रामकरन गुप्ता, प्रदीप जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पांच दिन बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय

**जासं, संतकबीर नगर**: जनपद के सरकारी कार्यालय पांच दिन तक बंद रहेंगे। सात व आठ मार्च को होली की छुट्टी, इस पर्व को लेकर स्थानीय अवकाश नौ मार्च को रहेगा। वहीं 10 मार्च को कार्यालय खुलेंगे, जबकि 11 मार्च को द्वितीय शनिवार के कारण व 12 मार्च यानी रविवार को कार्यालय बंद रहेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी जेएन झा ने बताया कि इन तिथियों में अवकाश को देखते हुए वेतन बिल प्राप्त कर जल्द भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है।



# डीएम-एसपी ने लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



होली को लेकर बखिरा कस्बे में पैदल मार्च करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ● जागरण

- लोगों से की शांतिपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील
- वाइक मार्च निकालकर पुलिस ने दिया सख्ती बरतने का संकेत

**जागरण टीम, संतकबीर नगर:** डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता सोमवार को बखिरा कस्बे की सड़कों पर पैदल चलकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती का संदेश दिया। आमजन से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। जगह-जगह रुककर लोगों की समस्याओं को जाना। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ अधिकारी बखिरा के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान व्यापारियों, राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया।

होली को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सभी से प्रेम व भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की अपील की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिया जा रहा है। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सड़कों पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। पुलिसकर्मी बाइक मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दे रहे हैं। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में थाने के पुलिसकर्मियों ने बाइक मार्च निकाला। मेंहदावल कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस पहुंची। किसी भी प्रकार का उपद्रव होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की भी बात कही। इसी प्रकार महुली थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र और दुधारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे के नेतृत्व में भी क्षेत्र में बाइक मार्च निकाला गया। धर्मसिंहवा व बेलहर थाना क्षेत्र में भी पैदल मार्च कर जनता को किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने का अनुरोध किया गया।

# प्रधानों ने ब्लाक कार्यालय में जड़ा ताला

## भुगतान कराने के लिए कंप्यूटर आपरेटर पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप



खलीलाबाद ब्लाक कार्यालय में अधिकारियों का घेराव करते ग्राम प्रधान • जागरण




ब्लाक कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला बंदकर धरना पर बैठे ग्राम प्रधान • जागरण

**जासं, संतकबीर नगर:** कर्मचारियों पर विकास कार्यों से जुड़े भुगतान के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर ग्राम प्रधानों ने सोमवार को खलीलाबाद ब्लाक मुख्यालय का घेराव कर मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रधानों ने परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। सीडीओ संत कुमार, एसडीएम रमेश चंद्र, डीडीओ जीशान रिजवी व बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर प्रधानों के गुस्से को शांत कराया। बाद में प्रधानों ने सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक में तैनात एक कंप्यूटर आपरेटर को हटाने की मांग की। यहां पर तैनात एक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) पर भी गंभीर आरोप लगाए। सीडीओ ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी, संरक्षक कौशल चौधरी के नेतृत्व में प्रधान सोमवार को खलीलाबाद ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे। उन्होंने मुख्य द्वार पर ताला बंद करके धरना देना शुरू कर दिया। प्रधानों ने आरोप लगाया कि ब्लाक में तैनात एक कंप्यूटर आपरेटर ने चार मार्च को ठीक से फंड ट्रांसफर आर्डर (एफटीओ) जनरेट नहीं किया। आपरेटर ने गलत एफटीओ बना दिया, इससे इस ब्लाक का भुगतान नहीं हो पाया। जिन ग्राम पंचायतों में मिस्त्री की मजदूरी का भुगतान सितंबर 2022 में हो गया था, उनका भी इसी तिथि में एफटीओ जनरेट नहीं किया गया। प्रधानों का आरोप था कि रिश्वत लेने के लिए ऐसा जानबूझकर किया जा रहा है। प्रधान ने आरोपित कंप्यूटर आपरेटर को इस ब्लाक से हटाने की मांग की।

प्रधानों ने आरोप लगाया कि ब्लाक में तैनात एक एपीओ द्वारा जोरवा, दलेलगंज, कटका, गोड़ही, सरौली चहारूम आदि ग्राम पंचायतों से पैसा लिया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रधान से मनरेगा का खाता फ्रीज करने के नाम पर दस हजार रुपये लिए गए हैं।

उन्होंने सीडीओ संत कुमार से इस प्रकरण की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस अवसर पर विजय सेन, संदीप, रमाकांत, राजकिशोर, बलजीत कुमार, बालेंद्र, आशुतोष, विनय, चंद्रशेखर, राजकुमार, रवींद्र, मनजीत के अलावा अन्य प्रधान उपस्थित रहे।

# लक्ष्मण हत्याकांड में साले-बहनोई को उम्रकैद

## सत्र न्यायाधीश ने दोनों पर लगाया 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड, अदा न करने पर दो साल और काटनी पड़ेगी सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने जिले के चर्चित लक्ष्मण शर्मा हत्याकांड के मामले में दोष सिद्ध होने पर साले-बहनोई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों दोषियों को 25,000-25,000 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोल्हुआ लकड़ा गांव निवासी श्रवण कुमार शर्मा ने पांच जून

### पट्टीदार से चल रहा था विवाद, वर्ष 2014 को गोली मारकर की गई थी हत्या

2014 को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, जिसमें कहा कि उसके पिता लक्षण शर्मा की खलीलाबाद तहसील गेट के पास सैलून है। पिता बाल काटने का कार्य करते थे। प्रत्येक दिन सुबह आठ बजे घर से निकल जाते थे।

रात में 10 बजे के करीब बाइक से घर आते थे। चार जून 2014 को पिता दुकान बंद करके बाइक से खलीलाबाद से गांव आ रहे थे। रास्ते में जीरा देवी कॉलेज से 100 मीटर दक्षिण से पहले ही बाइक से पश्चिम तरफ खेत में पड़े थे। जब उन्हें घर पहुंचने में विलंब हुआ और उनके मोबाइल पर फोन किया तो कई बार घंटी बजने के बाद भी जवाब नहीं मिला।

बरात जा रहे युवकों में किसी ने रिसीव कर उसके पिता की मौत की सूचना दी। वह और उसके गांव के कुछ लोग पहुंचे तो देखा कि उसके पिता के दाहिने कनपटी व सिर पर धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई है। मौके पर बाइक गिरी मिली। घटना रात साढ़े नौ बजे के आस-पास की थी।

उसके गांव के बेचू शर्मा व उनके पट्टीदार के बीच विवाद हुआ था। जिसमें उसके पिता ने पंचायत करके मामला समाप्त करा दिया था। उसी बात से बेचू शर्मा तथा उसका बेटा रविन्द्र शर्मा व दामाद रिंकू नाराज रहते थे।

इस कांड में उनका हाथ होने की आशंका है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन की तरफ से कुल आठ गवाहों की गवाही कराई गई। जिसमें सभी गवाहों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने भी दलीलें पेश की। कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोष सिद्ध होने पर दोषी रविंद्र शर्मा और उसके बहनोई रिंकू शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

कोर्ट ने अर्थदंड की धनराशि में से 40,000 रुपये मृतक के आश्रित को प्रतिकर के रूप में भी देने का आदेश दिया।

# टीम ने 100 लीटर कच्ची किया बरामद



चपरापूर्वी में कच्ची की भट्टी तोड़ते पुलिस और आबाकारी विभाग के कर्मी • जागरण

- पुलिसकर्मियों ने कई भट्ठियों व काफी मात्रा में बरामद लहन को नष्ट किया
- चपरापूर्वी, तुर्कवलिया में पुलिस के पहुंचने के पहले धंधेबाज फरार

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर:** धनघटा पुलिस और आबकारी विभाग का लगातार छठवें दिन यानी सोमवार को भी छापा डाला। पुलिस ने इस दिन चपरापूर्वी, तुर्कवलिया आदि स्थानों पर यह कार्रवाई की। पुलिस के पहुंचने के पहले धंधेबाज फरार हो गए। पुलिस ने भट्ठियों व काफी मात्रा में बरामद लहन को नष्ट किया। काफी मात्रा में कच्ची बरामद किया है। लगातार हो रही छापेमारी से धंधेबाजों में खलबली मची हुई है।

धनघटा पुलिस ने सोमवार को चपरापूर्वी, तुर्कवलिया आदि स्थानों पर छापा डाला। इससे भगदड़ मच गयी। धंधेबाज मौके से भाग निकले। इस दौरान पुलिस ने कच्ची बनाने में उपयोग आने वाली 17 भट्ठियों व बरामद 35 क्विंटल लहन को नष्ट कर दिया, वहीं 100 लीटर कच्ची बरामद किया। इसके अलावा सोनाड़ी गांव के पास 62 शीशी अवैध देसी शराब बरामद किया। इसी थाना के हैंसर बाजार निवासी धंधेबाज राजबलि को गिरफ्तार कर लिया। लगातार चल रही छापेमारी से धंधेबाजों में खलबली मची हुई है। वहीं क्षेत्र के लोगों में यह संदेश पहुंचा है कि इस बार शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व संपन्न होगा। अक्सर शराब के नशे में लोग विवाद करते हैं। इसके कारण मारपीट की घटना होती है। छापेमारी की कार्रवाई में बिड़हरघाट पुलिस चौकी के उप निरीक्षक धर्मेंद्र यादव व गामा यादव, आरक्षी रोशन मणि, दीपक खरवार, प्रमोद शर्मा, राजन खरवार, शैलेश कुमार, अनूप कुमार शर्मा व मुकेश कुमार पाल आदि शामिल रहे।

## 350 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**संतकबीर नगर:** धनघटा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अंबिका यादव निवासी धनसुरपुर जहांगीरगंज आंबेडकरनगर तथा संजय पाठक निवासी नन्हियाजोत, विशुनपुरा धनघटा को बिड़हरघाट के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के दो आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा की क्षेत्राधिकारी दीपांशी सिंह राठौर के निर्देशन में नाबालिग किशोरी को भगाने, दुष्कर्म करने तथा आपराधिक षड़यंत्र करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया। आजमगढ़ जनपद के मुबारकपुर थानाक्षेत्र के बम्हौर गांव के जावेद तथा महुली थाना क्षेत्र के छितही गांव के कादिर क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गये थे, जिसके संबंध में लड़की की मां ने 23 फरवरी को अभियोग पंजीकृत कराया था। (जासं)

# नाबालिग के साथ दबोचा गया बाल अपचारी

**संतकबीर नगर :** धनघटा पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। आरोपित अपचारी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस संबंध में 17 फरवरी को मुकदमा दर्ज हुआ था। सोमवार को पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया। (जासं)

# हत्या के दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा

जासं, संतकबीर नगर: जिला व सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने हत्या के एक मामले में दो आरोपितों रविन्द्र शर्मा व रिंकू शर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माना की सज़ा से दंडित किया है। मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के कोल्हुआ-लकड़ा गांव का है।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोल्हुआ-लकड़ा गांव के श्रवण कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर दिया था कि उसके पिता लक्ष्मण शर्मा खलीलाबाद तहसील गेट के पास बाल काटने का कार्य करते थे। चार जून 2014 को रोज की भांति दुकान बंद करके बाइक से लौट रहे थे कि जीरा देवी कालेज से 100 मीटर दक्षिण पहले ही बाइक सहित पश्चिम तरफ खेत में पड़े थे। जब उनको घर पहुंचने में विलंब हुआ, तब उन्होंने उनके मोबाइल पर फोन किया। बरात जा रहे लड़कों में किसी ने रिसीव कर मेरे पिता के मरने की सूचना दी। वह और उसके गांव के कुछ लोग पहुंचे तो देखा कि मेरे पिता के दाहिने कनपटी व सिर पर धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या की गई है। घटना रात साढ़े नौ बजे के आसपास की थी।

# विवादित स्थलों पर रहेगी पुलिस की नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। होली को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस लिया है। पूर्व में जहां विवाद हुए थे, उन स्थलों को चिह्नित कर लिया गया है। इन लोगों पर पुलिस की कड़ी निगहबानी रहेगी। इसके साथ ही थानों को अतिरिक्त पुलिस कर्मी दिए गए गए हैं।

पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक धर्मसिंहवा क्षेत्र के मुसहरा में कई वर्षों से होलिका दहन नहीं होता है। वर्ष 2018 में तत्कालीन एसडीएम मेंहदावल ने प्रयास किया था, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। यहां डीएम-एसपी पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों से संवाद करके शांति व्यवस्था की अपील कर चुके हैं। इसी तरह धनघटा क्षेत्र के गौरापार में होलिका दहन पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शहर क्षेत्र के मोहल्ला बंजरिया, गोला बाजार, पठान टोला, बरदहिया, बनियाबारी, गड़सरपार, धौरहरा, मधुकंज तिराहा, मुखलिसपुर स्टेट बैंक तिराहा,



बखिरा कस्बे में मार्च करते डीएम और एसपी। संवाद

मेंहदावल बाईपास, डीघाबाईपास पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

एएसपी ने बताया कि कस्बा मेंहदावल में वर्ष 2009, 2010 और 2011 में कचरा आदि फेंकने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। वर्ष 2011 में बढ़या ठाठर में होलिका दहन पर हल्का विवाद हुआ था। क्षेत्र के धौरापार, बढ़या ठाठर, सांडेकला, करमैनी, बेलौली, नौगों और कस्बा मेंहदावल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

महुली क्षेत्र के तरयापार, छकही, सवापार में होलिका दहन पर सतर्कता बरतने की हिदायत एसओ को दी गई। विवादित स्थलों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। होली के मद्देनजर 14 निरीक्षक, 30 उपनिरीक्षक, 190 आरक्षी, 60 महिला आरक्षी और एक प्लाटून पीएसी की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है।

## संवेदनशील मुसहरा गांव में पुलिस कर्मी तैनात

धर्मसिंहवा। क्षेत्र के मुसहरा गांव में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। यहां पर होली और कुर्बानी पर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी रहती है। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में होलिका दहन से पूर्व एक प्लाटून पीएसी और क्यू आरटी गार्ड के जवान तैनात कर दिए गए हैं। बताया कि गांव में संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी प्वाइंट बनाया गया, जहां पर होली तक पुलिस कर्मी ड्यूटी करेंगे। इस दौरान मजिस्ट्रेट भी कैंप करेंगे। बताया कि मुसहरा में होलिका दहन एवं कुर्बानी किए जाने की परंपरा नहीं है जिसको लेकर दो पक्षों में आपसी गतिरोध बनी रहती है। इस वजह से गांव में 27 लोगों को शांति भंग में पाबंद किया गया है। हालांकि गांव में शांति का माहौल है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# रास्ते के विवाद में दो पक्ष भिड़े ,मारपीट में पांच पर मुकदमा

**संसू, मनकापुर (गोंडा)** : रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

बशवरिया महेमान गांव के रहने वाले बरसाती ने तहरीर दी है। कहा कि गांव के राधिका तिवारी, अतुल तिवारी, राम मूरत तिवारी, देवतादीन तिवारी व दिनेश तिवारी उसके भूमि से रास्ता मांग रहे हैं। उसके मना करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता कर उसकी पिटाई कर दी। उसके भाई जगलाल व पत्नी कोयला देवी का मारापीटा। जान से मारने की भी धमकी दी।

वहीं ग्राम दुर्गा चांदपुर के रहने वाले राम किशन ने कहा कि बच्चों-बच्चों के विवाद में गांव के ही कन्हैया व उसकी पत्नी ने अभद्रता करते हुए दरवाजे पर आकर लाठी-डंडा से मारा-पीटा। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा कि दोनों प्रकरण में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा किया गया है।

होली का त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। इसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। इससे आपसी एकता को बढ़ावा मिलेगा।



**- एमपी अग्रवाल**, आयुक्त देवीपाटन मंडल

---

होली का पर्व आपसी सद्भाव को मजबूत करता है। इसे खुशियों के साथ मनाना चाहिए। होली को लेकर पुलिस सतर्क है।



**- उपेंद्र कुमार अग्रवाल**, पुलिस महानिरीक्षक

---

जनपदवासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं। सार्वजनिक स्थलों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। होली को लेकर अस्पतालों में भी प्रबंध किए गए है।



**- डा. उज्ज्वल कुमार**, डीएम गोंडा

---

सादी वर्दी में पुलिस कर्मियो को चौराहे व बाजारों पर तैनात कर दिया गया है। साथ ही खुफिया महकमे को भी अलर्ट कर दिया गया है।



**- आकाश तोमर**, एसपी

---

होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इससे भारतीय संस्कृति को मजबूती मिलती है। सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाएं।



**- एम. अरून्मोली** सीडीओ गोंडा

# पौधारोपण : सुरक्षा का भी हो प्रबंध

## एनजीटी प्रधान न्यायपीठ के सदस्य ने अफसरों के साथ की बैठक

**संसू, गोंडा** : सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली के सदस्य/जज डा. अफरोज अहमद ने बैठक कर पर्यावरण प्लान की समीक्षा की।

उन्होंने सभी अफसरों को पर्यावरण बचाने एवं प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई गई कार्य योजनाओं को शत-प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए। सदस्य ने कहा कि चीनी मिलों के चारों तरफ पौधारोपण कराने के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। चीनी मिल से निकलने वाली राख का सुरक्षित निस्तारण काराया जाय। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा, औद्योगिक कचरा, ई-वेस्ट वायु, जल, ध्वनि, डोमेस्टिक सीवेज, खनन एवं निर्माण कार्य आदि के प्रदूषण का निस्तारण बेहतर ढंग से करें। पर्यावरण को बचाने की सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समीक्षा से पता चला है कि जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए काफी सजग है।

डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने सदस्यों को कैरीबैग भेंट किया। सीडीओ एम. अरून्मोली, एएसपी शिवराज, एडीएम सुरेश कुमार सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, डीएफओ पंकज कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

सदस्य ने कहा कि औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता है। हमें पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलना होगा। विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। इसके लिए प्रदूषण प्रबंधन में तकनीक का उपयोग, पौधारोपण, प्राकृतिक नदियों, झीलों, तालाबों, भूमियों, वनों का संरक्षण करना होगा।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते एनजीटी प्रधान न्यायपीठ के सदस्य डा.अफरोज अहमद ● जागरण

# चार हजार पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**गोंडा।** होली पर करीब चार हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। होली के हुड़दंग के दौरान किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए चार सीओ, एक कंपनी पीएसी, 100 निरीक्षक, 200 उपनिरीक्षक, ढाई हजार सिपाहियों समेत करीब चार हजार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। जिले में 3,947 स्थलों पर मंगलवार को होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है।

होली में सुरक्षा के मद्देनजर चार सीओ, 17 थानाध्यक्ष, 100 निरीक्षक, 200 उपनिरीक्षक, ढाई हजार सिपाही व एक कंपनी पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। (संवाद)

## होलिका दहन स्थलों पर रहेगी पुलिस

जिले के सभी 3947 होलिका दहन स्थलों पर एक-एक सिपाही व होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही थाने व चौकी की पुलिस को भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि होलिका दहन स्थल का थाना प्रभारियों से निरीक्षण करा लिया गया है। जहां कहीं भी विवाद था उसे सुलझा लिया गया है। सभी थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों को भ्रमण पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# परचम लहरा रही हैं महिलाएं: घनश्याम

कार्यक्रम



समारोह में छात्रा को सम्मानित करते जिपं अध्यक्ष और डीएम।

गोण्डा, संवाददाता। आज महिलाएं सशक्त हो चुकी हैं, वे अपने बूते हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। यह बात जिला पंचायत सभागार में आयोजित अनन्ता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कही। इससे पहले दीप जलाकर उन्होंने कार्यक्रम का शुभांरभ किया।

महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिससे कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। सभी लोग अपनी बेटियों को पढ़ाएं ताकि वे आगे बढ़कर देश के विकास में अपना योगदान दें। सीडीओ एम. अरून्मोली ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 100 से अधिक महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, प्रधानाचार्य गीता त्रिपाठी, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह, जिला समन्वयक राज कुमार आर्य, शिवगोविन्द वर्मा आदि थे।

# मारपीट मे चार पर केस

**खोड़ारे (गोंडा)।** बगदर ग्रंट फरकहां निवासी कलावती देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांववासी विजय कुमार, अभिषेक, गायत्री, सुनीता ने नाली विवाद में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि चार लोगों पर केस दर्ज कराया गया है। (संवाद)

# ट्रैक्टर चालक की पिटाई पर मुकदमा

**मनकापुर (गोंडा)।** एलनपुर ग्रंट निवासी रघुपति ने तहरीर देकर बताया कि विगत तीन मार्च को ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लादकर जा रहे थे। रास्ते में एक टाटा सूमो ने टक्कर मार दी। चालक मारपीट करने लगा। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# चोरी व लूट की घटनाओं को लेकर भाजपाई खफा

करनैलगंज, संवाददाता। विगत कुछ दिनों से कोतवाली इलाके में हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा नगर मण्डल के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को सामूहिक पत्र दिया है जिसमें अपराधिक घटनाओं की रोकथाम करने की मांग की गई है। गृह सचिव, जिले के नोडल अधिकारी एवं जिले के प्रभारी मंत्री, पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जिले व करनैलगंज क्षेत्र में चोरी, डकैती, हत्या जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ग्राम धमसड़ा की घटना में फायरिंग भी हुई। क्षेत्रीय जनता व व्यापारी वर्ग भयभीत है, पुलिस वारदातों को रोकने में असफल है। प्रमुख सचिव गृह, प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, जिलाधिकारी, पुलिस उप महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है। इस पत्र पर मण्डल अध्यक्ष आशीष सोनी, बृजेश शर्मा व भोले सिंह, लक्ष्मी नारायण खेतान, चंद्र कुमार शर्मा व आलोक वैश्य, राजू गुप्ता व अभिषेक गिरी, अनूप जायसवाल, एडवोकेट अखिलेश मिश्रा व संदीप तिवारी के हस्ताक्षर पत्र पर मौजूद हैं।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

## सख्ती

तरबगंज। कोर्ट के आदेश पर दलित महिला के साथ मारपीट, कपड़ा फाड़ने व एससी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तरबगंज थाना क्षेत्र के घांचा बीकापुर निवासी एक महिला ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। उसका आरोप है कि बीते 9 दिसंबर 2021 को अनिल कुमार पुत्र श्रीनाथ, नीरज कुमार, सन्तोष कुमार व छेदी एक राय होकर घर पर चढ़ आये। जाति सूचक गाली देते हुए मारने पीटने लगे। अपने बचाव में पीड़िता घर के अन्दर भागी। इसके बावजूद विपक्षीगणों ने मारा पीटा। जिससे प्रार्थिनी को काफी चोटे आई। पीड़िता के बेटे और ससुर बचाने दौड़े तो उन्हें भी काफी मारा पीटा, घर में रखे सामान को तोड़ दिया। लेकिन राजनैतिक दबाव में रिपोर्ट नही लिखी गयी। जिस पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। एक वर्ष तीन माह बाद अंततः कोर्ट ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धारा में मुकदमा लिखने का आदेश दे दिया। तरबगंज एसओ मनोज पाठक ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल में शौचालय पर गिरा पेड़, टूटा छज्जा

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के कल्यानपुर के प्राथमिक विद्यालय के शौचालय पर सोमवार को पेड़ गिरने से विद्यालय का छज्जा टूट गया। ग्राम प्रधान ने थाने पर गांव के दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। कल्यानपुर गांव की प्रधान झिन्ना देवी ने तहरीर देकर कहा कि गांव के दो लोग पेड़ कटवा रहे थे। जो प्राथमिक विद्यालय के शौचालय की छत पर गिर गया, जिससे छज्जा टूट गया। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। (संवाद)

# दीवार गिराने पर विवाद, दो पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** बेलसर के वैश्यपुरवा निवासी महेश कुमार सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि जमीन पर कब्जा करने के लिए दबंगों ने आठ फिट ऊंची दीवार गिरा दी। जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि गांववासी अश्वनी कुमार उर्फ साधू चौबे व उसके बेटे विनायक चौबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

# कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर मुकदमा

**तरबगंज (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ थाना तरबगंज में मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज कराया गया है। थाना तरबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अदालत के आदेश थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि माह दिसम्बर 2021 में उसके गांव के चार लोगों ने घर में घुस कर छेड़खानी की। विरोध पर अभद्रता करते हुए मारापीटा और तोड़फोड़ भी की। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# ड्रोन से निगरानी, हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं



खरगूपुर में बैठक करते प्रभारी निरीक्षक। संवाद

**खरगूपुर (गोंडा)।** नगर पंचायत क्षेत्र में संवेदनशीलता को देखते हुए होली पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। होली एवं शबे बरात को लेकर सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने कस्बे में गणमान्य लोगों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि होली जुलूस एवं झांकी के दौरान डीजे पर आपत्तिजनक गाने न बजाएं। कहा कि खरगूपुर कस्बा पूर्व में हुए कुछ विवादों के चलते संवेदनशील श्रेणी में है, जहां पूरे प्रशासन की नजर है। होली में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं होगी। बैठक में उपनिरीक्षक चंद्रभूषण पांडेय, किशोर पासवान, घनश्याम वर्मा, पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी, धर्मेंद्र मिश्र, डॉ. उमानाथ पांडेय, वेदप्रकाश गुप्ता, देवी प्रसाद तिवारी, पदुमनाथ शुक्ल मौजूद रहे। (संवाद)

## अग्निशमन टीमें भी अलर्ट

- होली पर अग्निशमन टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। शहर से लेकर तहसीलों तक के फायर टेंडर के साथ अग्निशमनकर्मी मुस्तैद रहेंगे। शहर की सड़कों पर पुलिस के साथ अग्निशमन टीमें तैनात की गईं हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम सुमेर त्रिपाठी ने बताया कि होली की तैयारी कर ली गई है। शहर में एक फायर टेंडर के साथ छह अग्निशमन कर्मियों की टीम लगाई गई है। करनैलगंज व मनकापुर तहसील में भी एक-एक फायर टेंडर के साथ टीम मुस्तैद है। (संवाद)

महिला दिवस

समाज को जागरूक कर रहीं 100 महिलाओं का सम्मान

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनंता अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 100 सशक्त महिलाओं को सोमवार को जिला पंचायत सभागार में अनंता अभियान से सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, डीएम डॉ. उज्जवल कुमार, सीडीओ एम. अरुन्मोली ने महिलाओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एएसपी शिवराज प्रजापति, बीएसए डॉ. अखिलेश प्रताप सिंह व जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी ने भी महिलाओं को सम्मानित कर उत्साह बढ़ाया। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर समाज के लिए जरूरी है कि महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हों।

कार्यक्रम में तनु वाजपेयी, कुमकुम श्रीवास्तव, शाजिया अनवार, संतोष कुमारी, पिंकी देवी, प्राची, कल्पना, गीता के साथ ही स्वयं सहायता समूह, पुलिस विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, आईटीआई की 100 महिलाओं को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विनीता कुशवाहा ने किया।






जिला पंचायत सभागार में आरक्षी सोमा तिवारी को सम्मानित करते डीएम और शिक्षिका कल्पना को सम्मानित करते बीएसए। संवाद

### कल्पना की पहल को सराहा, साजिया का पोस्टर किया जारी

सम्मान समारोह में शिक्षिका कल्पना तिवारी की पहल की सराहना हुई। छात्रों को नए ढंग से पढ़ाने के लिए कल्पना के साथ ही प्रियंका सिंह व कुमकुम की सराहना हुई। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम के लिए पिंकी देवी व साजिया अनवार द्वारा बनाया गया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का पोस्टर जारी किया।

# ग्राम पंचायतों में स्थापित हों बायो डायवर्सिटी पार्क

## एनजीटी के सदस्य बोले- प्रदूषण व अवैध खनन की हो कड़ी निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** हर ग्राम पंचायत में बायो डायवर्सिटी पार्क स्थापित किए जाएं। ये निर्देश राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रधान न्यायपीठ के सदस्य व न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अफसरों को पर्यावरण बचाने एवं प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई कार्ययोजनाओं को शत-प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों के चारों तरफ पेड़-पौधे लगवाने पर जोर दिया जाए तथा मिल से निकलने वाली अवशिष्ट राख का सुरक्षित निस्तारण कराया जाए।




कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को बैठक करते एनजीटी के सदस्य व जज डॉ. अफरोज अहमद। -संवाद

न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा, औद्योगिक कचरा आदि के प्रदूषण का निस्तारण बेहतर ढंग से कराएं। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समीक्षा से पता चला है कि जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश को लेकर सजग है। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

डॉ. अफरोज ने कहा कि औद्योगीकरण आधुनिक समय की आवश्यकता है। हमें पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलना होगा। विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। इसके लिए प्रदूषण प्रबंधन में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बड़ी संख्या में पौधरोपण, प्राकृतिक नदियों, झीलों, तालाबों, भूमियों, वनों का संरक्षण करना होगा।

प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ल को विलुप्त पौधों की नस्लों को विकसित करने तथा जिला प्रशासन की मदद से जनपद की खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी स्कूल-कॉलेज, कार्यालय, हॉस्पिटल आदि में पौधारोपण किया जाए। बैठक में सीडीओ एम. अरुन्मोली, एसपी आकाश तोमर, एएसपी शिवराज, एडीएम सुरेश सोनी व सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्त मौजूद रहे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-03-2023

# चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

बलरामपुर। होली व शब-ए-बरात का त्योहार एक साथ होने के कारण जिले की पुलिस बेहद चौकन्नी है। जिले में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। रंगोत्सव पर खलल पैदा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि पूरे जिले भर में 1900 जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसके अलावा 55 जगहों से जुलूस निकाला जाएगा। लोगों को शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया है। साथ ही फ्लैग मार्च कर भी लोगों को शांति का संदेश दिया गया है। एसपी ने कहा कि पूरे उत्साह के साथ लोग होली का पर्व मनाएं। बेवजह किसी अफवाह में न पड़ें। अगर किसी को आपत्तिजनक सूचना मिलती है तो वह पुलिस को सूचना दे।

**निकलेगा जुलूस, लोग मनाएंगे होली का जश्न:** होली महोत्सव बलरामपुर के तत्वावधान में बुधवार को रामअरख ठाकुरद्वारा टेढ़ी बाजार से जुलूस निकाला जाएगा। लोग गाजे बाजे के साथ रंग अबीर उड़ाते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरेंगे। जुलूस रामअरख ठाकुरद्वारा से खुनई ठाकुरद्वारा खलवा व सर्वामाई थान बलुहा से होकर गुजरेगा। इस दौरान लोग परम्परागत रास्तों पर जुलूस का स्वागत करेंगे। होली महोत्सव समिति के संयोजक डॉ. तुलशीष दूबे ने बताया कि जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## भड़काऊ गाने बजाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जिले में होली के मौके पर डीजे बजाने वालों के लिए एसपी केशव कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने बताया कि होली के पर्व पर डीजे बजाना बिल्कुल मना नहीं है लेकिन कोई भी डीजे संचालक आपत्तिजनक गाना नहीं बजा सकता है। ऐसा गाना बजाने से जिससे सौहार्द बिगड़े उस पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। अगर कोई डीजे संचालक आपत्तिजनक गाना बजाता है तो उसे चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने यह भी बताया कि डीजे संचालकों की सूची बना ली गई है। इसके अनुसार सभी को निर्देश जारी कर दिया गया है।

# कच्ची शराब बरामद, अभियुक्त को जेल भेजा

ललिया। स्थानीय थाना की पुलिस ने एक अभियुक्त के पास से 17 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी बजरंगी के पास से कच्ची शराब पकड़ी गई है। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजेन्द्र कुमार मिश्रा व कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल थे।

# वांछित कच्ची शराब के साथ पकड़ा

उतरौला। उप निरीक्षक रमेशचन्द्र उपाध्याय ने टीम के साथ वांछित अभियुक्तों को पकड़ने का अभियान चलाया। ग्राम बनकटवा मोड़ के पास से अभियुक्त राम अचल उर्फ कुन्नू पुत्र स्व. जयकरन निवासी ग्राम बनकटवा बनगवा थाना कोतवाली उतरौला के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी गई। कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

# लापता युवक का कंकाल मिला

**महाराजगंज तराई (बलरामपुर)**। दस दिन पूर्व लापता युवक का सोमवार को मधनगर में गन्ने के खेत में कंकाल मिला है। सुगानगर निवासी विजय कुमार 24 फरवरी की शाम घर से करीब तीन किलोमीटर दूर मधनगर मिर्जापुर चौराहे पर गया था। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। अगले दिन विजय के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। इस पर मधनगर में गन्ना क्रय केंद्र के पास विजय की बाइक लावारिस हालत में मिली थी। सोमवार को मधनगर में गन्ने के खेत से युवक का कंकाल पुलिस ने बरामद किया। परिजनों ने शिनाख्त कर हत्या की आशंका जताई है। कोतवाल अशोक कुमार सिंह का कहना है कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

# लापता युवक का मिला कंकाल

## फोन के बाद घर से निकला था 25 फरवरी को दर्ज कराई थी रिपोर्ट



महराजगंजतराई के मध्यनगर चौराहा के पास गन्ने के खेत में कंकाल मिलने के बाद रोती मां व आसपास एकत्र गांव के लोग ● जागरण

**संवादसूत्र, महराजगंज तराई (बलरामपुर)** : 10 दिन से लापता सुगानगर निवासी विजय कुमार का कंकाल पुलिस ने मध्यनगर चौराहा के समीप एक गन्ने के खेत से बरामद किया है। मृतक की मां सुखना ने कपड़े व चप्पल के आधार पर कंकाल विजय कुमार का होने का दावा किया है।

चचेरे भाई ननकू ने बताया कि 24 फरवरी को विजय रिश्तेदारी में लैबुड़वा गया था। शाम को छह बजे घर लौटा था। इसके बाद किसी का फोन आया, तो तुरंत बाइक से निकल गया। रात को विजय के न लौटने पर परिवारजन ने तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। 25 फरवरी की सुबह युवक की बाइक रूपनगर व पटोहाकोट गांव के बीच सड़क किनारे खड़ी मिली थी। ननकू की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश में जुटी थी। सोमवार को मध्यनगर चौराहा के पास गन्ने के खेत में कंकाल पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि विजय की मां ने शव ही पहचान करने का दावा किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**चर्चाओं का गर्म बाजार** : गन्ने के खेत में कंकाल मिलने से गांव वालों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक तरफ विजय कुमार की मां कपड़ों व चप्पल के आधार पर कंकाल विजय कुमार का होने की बात कह रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि 10 दिन में शव कंकाल में कैसे तब्दील हो गया। मां सुखना दहाड़ें मारकर रो रही है। वह बार-बार कहती है कि आखिर उसके बेटे ने ऐसा क्या कर डाला, जो किसी ने उसकी निर्मम हत्या कर दी। उधर दूसरी ओर यह सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है कि आखिर किसका फोन आने पर विजय कुमार बाइक से घर से निकला था। युवक के लापता होने पर बाइक रूपनगर व पटोहाकोट के बीच में अगले ही दिन मिल गई थी। तबसे आज तक युवक को खोजने में पुलिस लापरवाह क्यों बनी रही। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

# आधी आबादी संभाल रही शिक्षा, प्रशासन और कानून की कमान

नारी शक्ति
होली का रंग आपसे

इलोक मिश्र • बलरामपुर

भले ही बलरामपुर नीति आयोग के आकांक्षात्मक जनपदों में शुमार हो, लेकिन यहां पुरुषों के साथ महिला अधिकारी नित नई इबारतें लिख रहीं हैं। बेसिक शिक्षा, ला एंड आर्डर, प्रशासन व नगरीय विकास की कमान महिला अधिकारियों के हाथ में है। अपने नेतृत्व कौशल से अभिनव प्रयोग कर जिले के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को मिटा रहीं हैं। साथ ही महिलाओं को शक्ति का अहसास कराकर आगे बढ़कर कुछ कर गुजरने की प्रेरणा दे रहीं हैं।



विजया तिवारी
पीओ डूडा



डा. ज्योति गौतम
एडीएम न्यायिक



नमिता श्रीवास्तव
एएसपी



कल्पना देवी
बीएसए

**शैक्षिक पिछड़ापन मिटा रहीं बीएसए :** अगस्त 2022 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी बेसिक शिक्षा की कमान संभाल रहीं हैं। मूल रूप से अमरोहा जनपद की रहने वाली कल्पना देवी पहले लखनऊ में एससीईआरटी की शाखा में नियुक्ति मिलीं थीं। बड़े भाई अनुज सिंह बेसिक शिक्षा विभाग में अमरोहा में ही शिक्षक हैं। बड़े भाई से प्रेरित होकर बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का जज्बा शुरू था। इसके लिए कड़ी लगन व मेहनत से वह आगे बढ़ती गईं। आज वह बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों को हाईटेक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए केजीबीवी की किशोरियों को आधुनिक शिक्षा दिलाने की मुहिम छेड़ी है। बीएसए का प्रयास भी रंग ला रहा है।

**प्रशासनिक सेवा में जाने की प्रेरणा दे रहीं एडीएम :** अपर जिलाधिकारी न्यायिक के पद को सुशोभित कर रहीं ज्योति गौतम बालिकाओं के लिए प्रेरणास्रोत से कम नहीं हैं। मुरादाबाद की रहने वालीं एडीएम के पिता आरपी सिंह प्रशासनिक सेवा में थे। उनसे प्रेरणा लेकर प्रशासनिक सेवा में जाने का मन बनाया। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की बुलंदियों को छूती हुईं रामपुर जनपद में उपजिलाधिकारी बनीं। इसके बाद अक्टूबर 2021 में बलरामपुर जिले में स्थानांतरण हुआ। यहां प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक पद पर प्रोन्नति मिली। उनके पति ज्ञानेंद्र कुमार बलरामपुर में जज हैं। एडीएम कहती हैं कि महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के साथ ही वह अपनी आर्थिक स्थित पर भी ध्यान दें। शिक्षित होकर ही वह परिवार व समाज की दशा व दिशा बदल सकतीं हैं।

**शक्ति को संबल दे रहीं एएसपी :** जिले में ला एंड आर्डर को दुरुस्त करने में अपर पुलिस अधीक्षक नमिता श्रीवास्तव महती भूमिका निभा रहीं हैं। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसते हुए न सिर्फ खाकी की शान बढ़ा रहीं है, बल्कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को शक्ति का अहसास करा रहीं हैं। एएसपी मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं। 2005 में वह गोरखपुर में पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्त हुई थीं। इसके बाद कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के साथ नारी शक्ति को जागृत करती रहीं। प्रोन्नति के बाद वर्ष 2021 में बलरामपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त हुईं। तबसे यहां अपराधियों के हौसले पस्त करने के साथ शक्ति को संबल दे रहीं हैं।

**बेघरों को आवास संग बहा रहीं विकास की धार :** जिला नगरीय विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी विजया तिवारी शहरी बेघरों को अपनी छत मुहैया करा रहीं हैं। साथ ही शहर में सड़कों के निर्माण व निगरानी से विकास की धार बहा रहीं हैं। वर्ष 2019 में जिले में तैनात हुईं पीओ डूडा मूल रूप से फर्रूखाबाद की रहने वाली हैं। उनकी पहली तैनाती वर्ष 1992 में गृह जनपद में हुई थी।

बलरामपुर में आने से पहले वह उन्नाव में तीन साल इसी पद पर थीं। पीओ डूडा बताती हैं कि उनका प्रयास है कि गरीबों को मिलने वाले उनके अधिकार में कोई सेंधमारी न करने पाए। पात्रों को ही आवास मिले, इसके लिए अडिग हैं। कई बार राजनीतिक दबाव भी झेलना पड़ता है, लेकिन भ्रष्टाचार का खुलकर विरोध करती हैं। भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रेरणा अपने पिता आरके चतुर्वेदी से मिली, जिन्हें सरकार से वीर चक्र व महावीर चक्र मिल चुका है।

# रिजवान के मुकदमों में गवाहों की सुरक्षा बढ़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल व दो गनर की सनसनीखेज हत्या के बाद अब पुलिस की नजर माफिया के खिलाफ चल रहे मामलों पर टिक गई है। प्रदेश के टॉप टेन माफिया की सूची में शामिल पूर्व सांसद रिजवान जहीर के मुकदमों के गवाहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिन गवाहों को पहले एक-एक गनर दिया गया था, अब उन सभी का एक-एक गनर बढ़ा दिया गया है। यही नहीं गवाहों के घर पर पुलिस का पहरा भी लगाया गया है।

तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर की निगरानी बढ़ा दी गई है। अब उसे पेशी पर जिला मुख्यालय नहीं लाया जाएगा। ललितपुर जेल से ही वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में हाजिर होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर उससे जुड़े लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

## पूर्व सांसद के छह मामलों की चल रही सुनवाई, अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पेशी

मौजूदा समय में पूर्व सांसद व माफिया रिजवान जहीर के छह मामलों की न्यायालय में सुनवाई चल रही है। ऐसे में अब गवाहों को कोर्ट आने-जाने के दौरान अलग से पुलिस बल भी लगाया जाएगा। साथ ही पुलिस अधिकारी गवाहों के संपर्क में रहेंगे।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि शासन के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। गवाहों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। गवाहों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। लंबित मुकदमों की पैरवी के लिए अलग से सेल गठित है।

देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि रिजवान जहीर के मामले में अलग से निगरानी की जा रही है। साथ ही गवाहों की सुरक्षा और सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

अतीक अहमद ने वर्ष 2014 में श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि वह चुनाव हार गया था। प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद शूटरों के नेपाल भागने की आशंका के चलते सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। एसएसबी के जवान हर आने-जाने वाले पर नजर रख रहे हैं। जंगल के रास्तों पर भी पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

# अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी में सीओ दरवेश कुमार ने कहा कि अराजकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें। होली त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाएं। इस अवसर पर नगर कोतवाल विमलेश कुमार व अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# यौन उत्पीड़न का आरोपी लेखाकार गिरफ्तार

**बलरामपुर।** महिला होमगार्ड के यौन उत्पीड़न के मामले में सोमवार को कोतवाली देहात की पुलिस ने कोषागार कार्यालय में तैनात लेखाकार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। महिला होमगार्ड ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2020 में उसकी तैनाती कलेक्ट्रेट में थी। जहां कोषागार कार्यालय के लेखाकार सुनील कुमार से उसका मिलना-जुलना था। वह अपने पति से पीड़ित थी। सुनील ने खुद को अविवाहित बताकर शादी करने के बहाने दो साल तक उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में पता चला कि सुनील शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। इस पर महिला होमगार्ड ने सुनील के विरुद्ध वर्ष 2020 में थाना देहात में केस दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई अब न्यायालय में हो रही है। न्यायालय ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। देहात कोतवाल राजकुमार सरोज ने बताया कि वारंट के आधार पर लेखाकार सुनील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# बालू लदी पांच बैलगाड़ी पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर।** अवैध खनन के खिलाफ अभियान में तुलसीपुर पुलिस ने बालू लादकर ले जा रही पांच बैलगाड़ी पकड़ी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के बताया कि रविवार रात में रामसागर, चंदूलाल व मंशाराम निवासीगण ग्राम चरनगहिया को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# 11 का शांतिभंग में चालान

**बलरामपुर।** कोतवाली गैसड़ी की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 11 लोगों पर कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक राकेश पाल ने बताया कि मोहम्मद मुकीम, जैबुनिशा, जमील, नसीर पप्पू, शकील खान, मकबूल, साबिरा खातून, सकीना, मेहरूनिशा व सकरून निशा पर कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# बैंकों की सुरक्षा की हुई जांच

**बलरामपुर।** बैंकों व डाकघर की सुरक्षा की जांच के लिए सोमवार को विशेष अभियान चलाया गया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने बैंक व आसपास चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा व फायर अलार्म आदि को चेक किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया गया। (संवाद)

# शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बलरामपुर :** प्रभारी निरीक्षक उत्तरौला संजय कुमार दूबे ने बताया कि ग्राम बनकटवा निवासी राम अचल उर्फ कुन्नू को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। हरैया थाने की पुलिस ने गनेशपुर हरिहरपुर निवासी राम कृपाल, सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस ने गोकुला नथईपुर कानूनगो निवासी राम अवतार को 20-20 लीटर और गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने धंधरा सोनपुर निवासी रामप्यारे को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।(जासं)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-03-2023

हिन्दुस्

# महिला को मृत दिखाने वाला वीडीओ सस्पेंड

बहराइच, संवाददाता। डीएम कार्यालय में जिंदा हूं की तख्ती को लेकर पहुंची विधवा महिला को न्याय मिला गया है। परिवार रजिस्टर में मृत दर्ज करने वाले ग्राम विकास अधिकारी को सोमवार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए गए हैं। निलंबित अधिकारी को जिला मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है, ताकि जांच प्रभावित न कर सके।

शिवपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा कला गांव की गुड़िया देवी के पति रामानुज की मौत हो चुकी है। महिला का आरोप था कि पति की मौत के बाद वह सात वर्षीय बेटी मीनाक्षी के साथ रहती है। जमीन के लालच में परिवार के दूसरे लोग ग्राम विकास अधिकारी से मिलकर परिवार रजिस्टर में मृत दर्ज कर दिया। महिला के आपत्ति दर्ज कराने के बाद भी ग्राम विकास अधिकारी की ओर से संशोधन नहीं किया गया। इस पर महिला मैं जिंदा हूं की तख्ती लेकर डीएम कार्यालय पहुंची थी। डीएम ने जांच के आदेश दिए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपित ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील को निलंबित कर दिया गया है।

# महिला लेखपाल से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

संसू, नानपारा (बहराइच) : अराजकतत्वों के हौसले किस कदर बढ़ गए है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब वह राह चलती किसी भी युवती से छेड़खानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। समाधान दिवस से घर जा रहीं महिला लेखपाल से दबंग ने छेड़छाड़ की। मामले में आरोपित के खिलाफ नानपारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीते शनिवार को समाधान दिवस के बाद बैठक कर वापस घर जा रहीं महिला लेखपाल से नकहा गांव के पास बाइक सवार दबंग ने छेड़छाड़ की। इस दौरान वह राहगीरों के समझाने पर भी नहीं माना। पीड़ित किसी तरह तहसील पहुंचीं और घटना की जानकारी एसडीएम नानपारा के अलावा तहसीलदार को दी। मामले को गंभीरता से लेकर राजस्व अधिकारियों ने पुलिस अधिकारी से वार्ता की। पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ कोतवाली में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल हेमंत गोंड ने बताया कि आरोपित की पहचान हो गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही है।

# प्रेमलता को मिला स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान

संसू, हुजूरपुर (बहराइच) : राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की एक महिला को पानी की जांच करने में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। एक माह में करीब दो सौ घरों की जांच करने पर उनको जलशक्ति मंत्री व प्रबंध निदेशक ने सम्मानित किया है।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं पेयजल मिशन के प्रबंध निदेशक बलकार सिंह ने ब्लाक हुजूरपुर के ग्राम पंचायत सरखना की रहने वाली प्रेमलता को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। पूरे प्रदेश के 75 जिले के 15 जिलों की महिलाओं को चयनित किया गया था।

जल जीवन मिशन के कोआर्डिनेटर देवेश मिश्र ने बताया कि वर्ष 2021 में फील्ड टेस्ट किट को जिले में भेजा गया था। ग्राम पंचायतों में पेयजल स्वच्छता समिति का गठन किया गया। इसमें महिलाओं को शामिल किया गया था।




लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रेमलता को सम्मानित करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह • स्वयं

प्रशिक्षण देने के बाद घरों की जांच किट के माध्यम से की गई।

200 घरों में की गई जांच में आयरन अधिक मिला, जबकि जीवाणु दूषित पेयजल होने की बात सामने आई। एक सदस्य के तौर पर प्रेमलता ने बेझिझक होकर गांव के लोगों के लिए काम किया। उनको रविवार को लखनऊ में हुए कार्यक्रम में प्रशस्तिपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया है।

- **जलशक्ति मंत्री और प्रबंध निदेशक ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर किया सम्मानित**
- **200 घरों के पानी की एक महीने में जांच कर बनाया रिकार्ड**
- **15 जिलों में प्राप्त किया प्रथम स्थान**

# दहेज हत्या के दो आरोपित किए गए गिरफ्तार

**कैसरगंज :** दहेज हत्या में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि धनीराम व राजकुमार निवासी ग्राम हतहनपुरवा गोड़हिया नंबर दो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# कड़ी सुरक्षा में अदालत पहुंचे कुलदीप के अधिवक्ता

जासं, बहराइच : उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के 20 फरवरी के आदेश पर आरोपित कुलदीप गुप्त के अधिवक्ता को जिला न्यायालय में जमानत अर्जी प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी। इसी क्रम में 27 फरवरी को बलरामपुर के अधिवक्ता रणेंद्रनाथ त्रिपाठी ने सीजेएम न्यायालय पर जमानत अर्जी प्रस्तुत की, जिसे उसी दिन सीजेएम ने खारिज कर दिया।

आरोपित के अधिवक्ता ने उसी दिन जिला जज के न्यायालय पर जमानत अर्जी प्रस्तुत की थी। इसमें दो मार्च की तिथि निर्धारित कर जिला जज ने चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश के यहां मामला स्थानांतरित कर दिया था।

**अदालत से**

आरोपित के अधिवक्ता का आरोप है कि बीते दो मार्च को उसके साथ अभद्रता की गई थी, लेकिन जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री ने उसे सकुशल बाहर करा दिया था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने अधिवक्ता को कड़ी सुरक्षा प्रदान की। बीते 18 जनवरी को वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम खन्ना की ओर से आरोपित कुलदीप गुप्त समेत कई अन्य के खिलाफ मारपीट व लूटपाट करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें आरोपित कुलदीप गुप्त बीते 22 जनवरी से जिला कारागार में निरुद्ध हैं।



कोर्ट परिसर से कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर आते अधिवक्ता रणेंद्र नाथ त्रिपाठी ● जागरण

अधिवक्ताओं के विरोध के चलते एक माह उसकी जमानत अर्जी अदालत में किसी ने नहीं डाली। जब उच्च न्यायालय ने अनुमति दी, तब जमानत अर्जी प्रस्तुत की गई। अधिवक्ता रणेंद्रनाथ त्रिपाठी ने बताया कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, जिला जज व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है।

# महिला को मृत दिखाने वाले वीडीओ निलंबित

- पीड़िता ने जिलाधिकारी से लगाई थी इंसाफ की गुहार
- जांच में शिकायत सही मिलने पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** मटेराकला गांव निवासी महिला को विपक्षियों से मिलीभगत कर ग्राम विकास अधिकारी ने परिवार रजिस्टर में मृत दिखा दिया। महिला ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई। जांच में शिकायत सही मिलने पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

शिवपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा कला गांव निवासी गुड़िया देवी के पति रामानुज की मौत हो चुकी है। महिला का आरोप था कि पति की मौत के बाद वह सात वर्षीय बेटी मीनाक्षी के साथ रहती हैं। जमीन की लालच में जेठ श्रीकांत, रमाकांत और जेठानी मोहनी देवी ने ग्राम पंचायत अधिकारी यासिर शकील और पंचायत सहायक के पति पंकज वर्मा से साठगांठ कर उसका नाम परिवार रजिस्टर में मृत घोषित करवा दिया। महिला अपने जिंदा होने की तख्ती लेकर डीएम दफ्तर गई। डीएम ने टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। जांच में आरोप सही मिले। इस पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय ने ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील को निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में ग्राम विकास अधिकारी जिला मुख्यालय से अटैच रहेंगे।

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

# वकील पुत्र को दबंगों ने पीटा, लूटपाट

## ई-रिक्शा चालक ने साथियों संग की घटना चार पर मुकदमा दर्ज

**जासं, बहराइच :** कटी चौराहे पर मांगलिक कार्यक्रम से वापस आ रहे अधिवक्ता पुत्र व उसके साथी को ई-रिक्शा चालक ने साथियों संग जमकर पीटा और लूट की घटना को अंजाम दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद प्रधान पति समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट, लूटपाट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

दरगाह इलाके के सलारगंज निवासी अधिवक्ता वेदप्रकाश मिश्र के पुत्र राहुल मिश्र अपने साथी आदित्य मिश्र के साथ चार मार्च को भाजपा महामंत्री डा. जितेंद्र तिवारी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कटी चौराहे के पास ई-रिक्शा चालक ने उनके वाहन में

- भाजपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आई पुलिस



टक्कर मार दी। इसमें आदित्य व राहुल गिरकर चोटिल हो गए। विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक फौजदारी पर आमादा हो गया। अपने कई अन्य साथियों को बुला लिया। धर्म विशेष का बताते हुए दोनों की पिटाई की। जेब में रखे 30 हजार रुपये व सोने की चेन को लूट लिया। मौके पर पहुंचे भाजपा सभासद पुष्पनाथ तिवारी व अन्य तमाम लोगों ने घटना को देखा। उनके हस्तक्षेप के बाद दोनों की जान बची। सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन देहात कोतवाल मामले में टाल-मटोल करती रही।

अधिवक्ता ने घटना की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल को दी। जिलाध्यक्ष ने एसपी से मामले में पुलिस की लापरवाह कार्यशैली को लेकर विरोध जताया। इसके बाद मामले में ई-रिक्शा चालक व छावनी सरकार के प्रधान पति वसीम समेत चार लोगों के खिलाफ लूटपाट, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। देहात कोतवाल राजकुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिला से दुष्कर्म का प्रयास टालमटोल कर रही पुलिस

**जासं, बहराइच :** महिला से दबंगों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पांच दिन से पुलिस मामले को दबाए बैठी है। पीड़िता ने घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।

महिला दैनिक क्रिया के लिए गांव के बाहर गई थी। इस दौरान गांव के दो युवकों ने उसे पकड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवकों के चंगुल से महिला को छुड़ाया। आरोप है कि विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। महिला का चिकित्सकीय परीक्षण के बावजूद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्त ने बताया कि मामला पेशबंदी का है। जांच की जा रही है।

# 60 लीटर अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**संसू, गंभीरवाबाजार/रिसियामोड़ :** रामगांव पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 60 लीटर अवैध शराब बरामद की।

गंभीरवा बाजार चौकी प्रभारी ने क्षेत्र भ्रमण के साईंपुरवा नहर पुलिया के पास से धरमनपुर साईंपुरवा निवासी अनुज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से प्लास्टिक गैलन में 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। रामगांव थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी टीम में एसआइ असलम खान, हेड कांस्टेबल मारकंडेय तिवारी आदि शामिल रहे। एसआइ प्रमोद कुमार यादव ने नेबुआरी झिंगहा गांव निवासी करताराम को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। एसआइ रविंद्र सिंह तोमर, कांस्टेबल विपिन कुमार ने नौतला गांव के निकट जगदीश प्रसाद को 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों को केस दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

# महिला को मृत दिखाने वाला वीडीओ निलंबित

## मैं जिंदा हूं की तख्ती लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंची थी महिला

संवाद न्यूज एजेंसी

खैरीघाट(बहराइच)। शिवपुर विकासखंड निवासी एक महिला 24 जनवरी को मैं जिंदा हूं की तख्ती लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंची थी। महिला का आरोप था, कि ग्राम विकास अधिकारी ने विपक्षियों से मिलीभगत कर परिवार रजिस्टर में उसे मृत दिखा दिया है। महिला की इस पीड़ा को अमर उजाला के 25 जनवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

इसका संज्ञान लेकर डीडीओ की अध्यक्षता में समित से जांच करवाई गई थी। दोषी पाए जाने पर ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। शिवपुर विकासखंड के मटेरा कला गांव निवासी गुड़िया देवी बीते 24 जनवरी को हाथ में तख्ती लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंची थीं। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति रामानुज की मौत हो चुकी है और उसकी सात वर्षीय बेटी भी है।

बावजूद उसके ससुराल के लोगों ने ग्राम विकास अधिकारी से मिली भगत कर परिवार रजिस्टर में उसे मृत घोषित करवा दिया है। साथ ही महिला उसकी संपत्ति हड़पने के प्रयास का भी आरोप लगाया था। महिला ने डीएम से भी शिकायत की थी।

### डीडीओ की अध्यक्षता में समिति ने की मामले की जांच


महिला ने परिवार रजिस्टर में मृत दिखाने का लगाया आरोप

अमर उजाला में प्रकाशित खबर। -संवाद

महिला की खबर को अमर उजाला के 25 जनवरी के अंक में महिला ने परिवार रजिस्टर में मृत दिखाने का लगाया आरोप शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया गया था। जिसका संज्ञान लेकर डीएम ने डीडीओ की अध्यक्षता में प्रकरण की जांच करवायी थी। डीडीओ महेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील को निलंबित कर दिया गया है।

### लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप, वीडियो वायरल

मिहींपुरवा(बहराइच)। तहसील क्षेत्र के एक लेखपाल का घूस लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरोप है कि लेखपाल बेल आर्डर पर जांच आख्या लगाने के नाम पर घूस ले रहे हैं। रविवार को मिहींपुरवा तहसील के एक लेखपाल का घूस लेने का वीडियो वायरल हो गया।

वायरल वीडियो के संबंध में बताया जा रहा है कि इसमें दलजीतपुरवा के हल्का लेखपाल दिख रहे हैं। बताया जाता है कि दलजीतपुरवा के मजरा पण्डितपुरवा निवासी बच्चेलाल का पुत्र मारपीट के मुकदमे में जेल में बंद है। उसकी जमानत करवाने के लिए परिजन लेखपाल के पास आख्या लगवाने गए थे। आरोप है कि लेखपाल ने घूस की मांग की। बच्चा लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि लेखपाल ने एक हजार रूपये की मांग की थी। काफी प्रयास के बाद 500 रुपए में मान गए। एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी हुई है। जांच करवाई जा रही है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-03-2023

## 40 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 40 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए 44 हजार 500 रुपये का सम्मन किया। (वि.)

## शांतिभंग में सात पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में सात आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायत सुनी। मोहरनिया निवासी दिव्यांग भूरे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीमा एजेंट ने पैसे का हेरफेरी की है। इस पर एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। (वि.)

# मुख्य आरक्षी आर्मोरर की हुई पदोन्नति

**श्रावस्ती :** मुख्य आरक्षी आर्मोरर से उपनिरीक्षक आर्मोरर पद पर पदोन्नति हुए पुलिस कर्मी रामजी चौधरी को एसपी प्राची सिंह ने पद चिह्न लगाकर पदोन्नत दी। उनके उज्वल भविष्य की कामना की। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश, उप निरीक्षक अजय कुमार मौजूद रहे। (वि.)

# मल्हीपुर थाना अव्वल

**श्रावस्ती।** आईजीआरएस पर मिलने वाली शिकायतों के निस्तारण में मल्हीपुर थाना पूरे प्रदेश में अव्वल आया। यहां फरवरी माह में आई आईजीआरएस से प्राप्त सभी 72 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। यहीं नही किसी भी फरियादी ने ऑनलाइन इन शिकायतों के निस्तारण पर आपत्ति नहीं जताई। एसपी प्राची सिंह ने मल्हीपुर थाने के कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे वर्ष शिकायतों के निस्तारण के मामले में ऐसा ही प्रदर्शन करें। खराब रैंकिंग वाले थानों की समीक्षा होगी। शिकायतकर्ताओं से बात की जाएगी कि आखिर उनकी शिकायतों के निस्तारण में कहां चूक हो रही है। संवाद

# 40 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को संदिग्ध वाहनो के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 40 वाहनों का ई चालान कर 44500 रुपये शमन किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने रविवार रात सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। संवाद